9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित | मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष-12, अंक 91, पृष्ठ -12 महानगर संस्करण | D-live NewsTV www.dabangdunia.co.in

**सुविचार**

छात्र जीवन में किसी भी प्रकार का नशा करना आत्मघाती साबित होता है।


# दैनिक दबंग दुनिया

रायपुर, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024

निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर

देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार


**अंदर पढ़ें**



पेज 07

# साय कैबिनेट : ऑटो एक्सपो के दौरान वाहनों के रोड टैक्स पर मिलेगी 50 प्रतिशत की छुट

**दबंग दुनिया । रायपुर ।** बुधवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। साय कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए पुलिस भर्ती में कई तरह की छूट देने का निर्णय लिया है। एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई और सीना के निर्धारित मापदण्ड में एक बार के लिए छूट प्रदान करने फैसला हुआ.इसके अलावा कैबिनेट ने धान खरीद को लेकर कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि बढाने का फैसला किया है।



### पुलिस भर्ती में अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिलेगी विशेष छूट

साय कैबिनेट छूट का जो प्रावधान किया गया है, उसके दायरे में छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर की सीधी भर्ती प्रक्रिया को शामिल किया गया है। साल 2024 में निर्धारित न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर तथा सीना बिना फुलाये 78 सेमी एवं फुलाने पर 83 सेमी किया गया है।अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए केवल एक बार यह छूट देने फैसला हुआ है।

### कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि बढाने का फैसला

विष्णुदेव साय कैबिनेट की मीटिंग में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि बढ़ाई गई है।कस्टम मिलिंग राशि को 80 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ साथ खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राइस मिलों की लंबित प्रोत्साहन राशि की पहली किश्त जारी करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अनुसार मिलरों के लिए एफआरके निर्माताओं से भारत सरकार के निर्धारित दर के तहत फोर्टिफाईड राइस कर्नेल की खरीद कर फोर्टिफाईड चावल जमा करने की परमिशन दी गई है।

कैबिनेट की मीटिंग में सरप्लस धान के संबंध में भी चर्चा हुई है। कैबिनेट ने खरीफ सीजन में खरीदे गए शत प्रतिशत धान की कस्टम मिलिंग इसी सीजन में जमा कराने का फैसला लिया है। इसके लिए इस साल के अतिशेष धान का चावल केन्द्रीय पूल को देने पर मंथन हुआ है। यह भारतीय खाद्य निगम में सितम्बर 2025 तक उपार्जित किए जाएंगे। इस संबंध में प्रस्ताव धान खरीद समाप्त होते ही भारत सरकार को दोबारा भेजा जाएगा। जिसमें लक्ष्य के वृद्धि हेतु प्रस्ताव आमिल रहेगा। इसके अलावा जो धान सरपल्स होगा,उसकी नीलामी कराने का फैसला लिया गया है।

### अन्य निर्णय

बैठक में छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 2024 के ड्राफ्ट का अनुमोदन किया गया।छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन भत्ता तथा पेंशन संशोधन विधेयक 2024 के ड्राफ्ट को मंजूरी दी गई।रायपुर में 15 जनवरी से शुरू होने वाले ऑटो एक्सपो 2025 में वाहनों के रोड टैक्स पर एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट देने का फैसला लिया गया है। इसमें सभी डीलरों को यह सुविधा वाहन के खरीददार को देने का निर्देश दिया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी उद्योग को प्रोत्साहन देने का फैसला लिया गया है। इसके तहत दुग्ध संकलन तथा प्रसंस्करण में वृद्धि हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया गया है।छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक 2024 के मसौदे को मंजूरी मिली है।छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण संशोधन विधेयक 2024 के ड्राफ्ट को मंजूरी दी गई है।

छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन को लागू करने के लिए कार्ययोजना को मंजूरी दी गई।राज्य के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उनके यात्रा का खर्च सरकार देगी।छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन विधेयक 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है।छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम संशोधन विधेयक 2024 के प्रारूप को मंजूरी दी गई है।

# हरदीभाठा ग्राम पंचायत को मिला राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2024

**दबंग दुनिया । रायपुर**

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के हरदीभाटा ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार - 2024 समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों हरदीभाटा के सरपंच मुनेन कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विभिन्न श्रेणियों में हर साल पुरस्कार दिए जाते हैं। इस साल ये पुरस्कार कुल 15 राज्यों की 45 पंचायतों व संस्थाओं को दिए गए।





**हरदीभाटा के सरपंच मुनेन कुमार ने ग्रहण किया पुरस्कार**

### 27 पंचायतों को मिला पंचायत सतत विकास पुरस्कार

इसी के तहत दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार 27 पंचायतों को प्राप्त हुआ है। ये पुरस्कार कुल 9 विषयों के तहत दिया जाता है, जिनमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत और महिला हितैषी पंचायत शामिल हैं। ग्राम पंचायत हरदीभाटा को सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत की श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। ग्राम पंचायत को 50 लाख रुपए पुरस्कार की राशि भी प्रदान की गई।

## नहीं रहे हनुमान के परम भक्त सियाराम बाबा



**एजेंसी, खरगोन।** नर्मदा तट स्थित भट्टयान बुजुर्ग में संत सियाराम बाबा 95 वर्ष का बुधवार मोक्षदा एकादशी पर सुबह 6.10 मिनट पर प्रभुमिलन हो गया है। आज गीता जयंती भी है। उनका अंतिम संस्कार शाम 4 बजे आश्रम के पास किया जाएगा।

बाबा पिछले 10 दिन से बीमार थे। मूलत: गुजरात के बाबा यहां कई सालों से नर्मदा भक्ति कर रहे थे। अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल हो सकते हैं।

आश्रम में सियाराम बाबा के अंतिम दर्शन को लोगों की भीड़ लगी है। कुछ दिनों पहले बाबा को निमोनिया की शिकायत पर सनावद के निजी अस्पताल में भर्ती किया था। इसके बाद बाबा की इच्छानुसार उनका आश्रम में ही जिला चिकित्सालय और कसरावद के डॉक्टर भी इलाज कर रहे थे।

**बाबा लगातार करते थे रामायण पाठ**

सियाराम बाबा अपनी दिनचर्या में लगातार रामायण पाठ करते रहते थे। भक्तों के अनुसार वे 21 घंटों तक रामायण का पाठ करते थे। 95 साल की आयु में उन्हें चश्मा भी नहीं लगा था। भक्तों के अनुसार उन्होंने सियाराम बाबा को हमेशा लंगोट में ही देखा है।

# व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा 2023 में श्वेता दीवान ने किया टॉप




**दबंग दुनिया । रायपुर**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने आज देर रात सिविल जज के फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया हैं। जारी परिणाम में श्वेता दीवान ने टॉप किया है, वहीं दूसरे नंबर पर महिमा शर्मा ने स्थान बनाया है, जबकि तीसरे स्थान पर निखिल साहू व चौथे स्थान पर प्रिया दर्शन गोस्वामी और पांचवे स्थान पर स्थान बनाने में कामयाब रही हैं। बता दें कुल 49 पदों हेतु परीक्षा ली गई थी। 150 अभ्यर्थियों का 2 दिसंबर से 11 दिसंबर तक साक्षात्कार लिए गए। वहीं आज चयन सूची जारी की गई।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2023 के लिए कुल 49 पदों पर भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा का अंतिम चयन सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट 222.क्ष्ढ्ढ.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर अपलोड कर दी गई है।

गौरतलब है कि व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा-2023 के मुख्य परीक्षा का परिणाम 25 अगस्त 2024 को जारी किया गया था, जिसमें विज्ञापित पदों का तीन गुना यानी 147 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया जाना था। परंतु वर्गवार, उपवर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के अनुसार 151 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया। उक्त पदो के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया 02 दिसंबर 2024 से 11 दिसंबर 2024 के बीच आयोजित की गई। साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित 151 अभ्यर्थियों में से 1 अनुपस्थित रहे और कुछ अनर्ह पाए गए, जिससे कुल 150 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया।

### क्या हार्ट अटैक से हो रही मौतों के लिए कोविड वैक्सीन जिम्मेदार ?

# कोरोना वैक्सीन लगने के बाद हार्ट अटैक से मौत के मामले मे आई कमी : जेपी नड्डा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश में अचानक हार्ट अटैक से हो रही मौतों के मामले पर बुधवार (11 दिसंबर, 2024) को बताया कि इसके पीछे कोरोना वैक्सीन नहीं है. सदन में आईसीएमआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए नड्डा ने बताया कि कोरोना वैक्सीन लगने के बाद हार्ट अटैक से मोत के मामले कम हुए हैं. कई दिनों से ये सवाल उठ रहे हैं कि कोरोना वैक्सीन के कारण अचानक हार्ट अटैक से मौत के मामले सामने आ रहे हैं. इसी सवाल के जवाब में जेपी नड्डा ने ये रिपोर्ट पेश की।

इस सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बताया कि अचानक हार्ट अटैक से मौतें कोरोना वैक्सीन के कारण नहीं हो रही है. उन्होंने आईसीएमआर की एक रिपोर्ट का हवाला दिया और सदन में पेश भी किया. रिपोर्च में दावा किया गया है कि भारत में हार्ट अटैक से हो रही मौत के पीछे कोरोना वैक्सीन नहीं है, बल्कि उनकी संभावना कम हुई है. राज्यसभा में जेपी नड्डा ने कहा कि कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने, अचानक मृत्यु की हेरिडीटेरी और कुछ जीवनशैली संबंधी व्यवहारों के कारण अकारण अचानक मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है।

### क्या कहती है ICMR की रिपोर्ट?

आईसीएमआर और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी ने एक परीक्षण किया, जिसमें विश्लेषण के लिए 729 अचानक मृत्यु के मामले और 2,916 नियंत्रण शामिल किए गए. उसमें ये देखा गया है कि कोविड-19 वैक्सीन की कोई भी खुराक लेने से अकारण अचानक मृत्यु की संभावना कम हो गई है. वहीं कोविड-19 वैक्सीन की दोनों खुराक लेने वालों में अकारण अचानक मृत्यु की संभावना और भी ज्यादा कम हो गई।

### कैसे बढ़ती हैं मृत्यु की संभावनाएं?

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने जवाब में ये भी बताया कि कोविड के कारण अस्पताल में भर्ती होना, अचानक मृत्यु का पारिवारिक इतिहास होना, मृत्यु/साक्षात्कार से 48 घंटे पहले शराब पीना, मनोरंजन के लिए नशीली दवा/पदार्थ का उपयोग करना और मृत्यु/साक्षात्कार से 48 घंटे पहले अत्यधिक शारीरिक गतिविधि करने से अचानक मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है।

### अचानक हार्ट अटैक से मौत के कई मामले आए सामने

कभी जिम के समय तो कभी डांस करते वक्त लोगों को आ रहे हार्ट अटैक के मामलों को कोरोना वैक्सीन से जोड़ा जा रहा है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ये कहा जा रहा है कि कोरोना वैक्सीन के कारण लोगों की हार्ट अटैक से मौतें हो रही है।

# अनारक्षित यात्री यात्रा को बढ़ावा देने के लिए 12,000 सामान्य कोच: अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा को संबोधित किया। संसद सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए, श्री वैष्णव ने भारतीय रेलवे की कई महत्वपूर्ण पहल और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विभिन्न विषयों पर बात करते हुए, मंत्री ने यात्री सुविधा बढ़ाने, संचालन दक्षता सुधारने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के प्रयासों का विवरण दिया। बुनियादी ढांचा विकास से लेकर नवाचारी ट्रेन सेवाओं तक, मंत्री ने राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### 16 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में 4 सामान्य श्रेणी के कोच

संसद में बोलते हुए, रेल मंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर और अन्य वर्गों पर संतुलित ध्यान देने पर जोर दिया, गैर-एसी कोच के लिए 2:3 और एसी कोच के लिए 1:3 का अनुपात बनाए रखते हुए । सामान्य कोच की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, एक विशेष निर्माण कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका लक्ष्य 12,000 सामान्य कोच का निर्माण करना है ।इसमें से, इस वित्तीय वर्ष में 900 कोच पहले ही जोड़े जा चुके हैं, और 10,000 और बनाने का लक्ष्य है, जिससे बिना आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को सुविधा सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सभी 16 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में 4 सामान्य श्रेणी के कोच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ।

सांसद के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, रेल मंत्री ने आगामी महाकुंभ की विस्तृत तैयारियों का विवरण दिया। यात्रियों की अपेक्षित वृद्धि को पूरा करने के लिए कुल 13,000 ट्रेनों की योजना बनाई गई है, जो मध्यम और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सेवा प्रदान करने पर केंद्रित है।

### छठ और दिवाली त्योहारों के दौरान रेलवे की क्षमता पर विशेष जोर

मंत्री ने छठ और दिवाली त्योहारों के दौरान रेलवे की संचालन दक्षता पर प्रकाश डाला। इन समयों के दौरान, लगभग 7,900 विशेष ट्रेनों ने 1 करोड़ 80 लाख से अधिक यात्रियों को प्रमुख असुविधाओं के बिना परिवहन किया, जो पीक यात्रा सीजन में यात्री सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

एक प्रश्न के उत्तर में, मंत्री ने बताया कि पूरी तरह गैर-एसी यात्रियों के लिए डिज़ाइन की गई अमृत भारत ट्रेन सीरीज़ का परिचय दिया गया है। वंदे भारत ट्रेनों के समान अत्याधुनिक तकनीक से लैस, ये ट्रेनें शोर और झटकों से मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करती हैं। दस महीनों के सफल संचालन के बाद, 50 अतिरिक्त अमृत भारत ट्रेनों का उत्पादन करने की योजना बनाई जा रही है। मंत्री ने नमो भारत ट्रेन पहल पर भी प्रकाश डाला, जो छोटे शहरों की जोड़ी के लिए उच्च-आवृत्ति शटल सेवाओं के लिए डिज़ाइन की गई है।

# बस्तर अंचल में अब बह रही है विकास की बयार : सीएम साय

**दबंग दुनिया । रायपुर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कांकेर जिले के पखांजूर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों की भलाई और उन्नति के लिए कार्य कर रही है। बस्तर अंचल के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियद नेल्ला नार जैसी योजनाओं से बस्तर में रहने वाले लोगों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के साथ-साथ सड़क, स्कूल, पेयजल, आवास, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं आसानी मिल रही है। अब बस्तर में विकास की बयार बह रही है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में पखांजूर से मायापुर सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए 8.78 करोड़ रुपए, खेल परिसर निर्माण के लिए 02 करोड़, सिविल अस्पताल के मरम्मत कार्य के लिए 30 लाख रूपए और नालंदा परिसर लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा की। उन्होंने नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री असीम रॉय की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में कुल 254.15 करोड़ रुपए के 68 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 215.41 करोड़ रूपए के 43 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 38.74 करोड़ रूपए के 25 कार्यों का लोकार्पण सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि 13 दिसंबर को प्रदेश की सरकार का एक साल पूरा होने जा रहा है और इतने कम समय में जनता से किए गए वायदों को पूरा करने सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार गठन के तुरंत बाद 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर किसानों को अंतर की राशि का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए आवासों की स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक प्रति मानक बोरा 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है। नियद नेल्लानार योजना के तहत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वहीं विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास से जोड़ने पीएम जनमन योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में नई उद्योग नीति लागू कर व्यवसाय और उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी तरह राज्य पीएससी की परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सीबीआई लगातार कार्रवाई कर रही है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि पिछले एक साल में साय सरकार ने प्रदेशवासियों के लिए अनेक कार्य किए। राज्य की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना में हर महीने एक-एक हजार रूपए की राशि दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगातार आवास बन रहे है। किसानों से लेकर हर वर्ग का कल्याण हो रहा है।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना बना वरदान

**दबंग दुनिया । रायपुर**

रामकृष्ण साहू एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जो एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत हैं और उनकी पत्नी जांत्री साहू घर पर ही छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। उनकी 8 वर्षीय बेटी नित्या की हंसी-खुशी भरी जिंदगी उस दिन अचानक बदल गई, जब खेलते समय वह गिर गई। परिवार ने तुरंत डॉक्टर से संपर्क किया। जांच में खुलासा हुआ कि नित्या दुर्लभ और गंभीर न्यूरोलॉजिकल विकार गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से पीड़ित है। यह बीमारी शरीर की तंत्रिका तंत्र और मांसपेशियों को कमजोर कर देती है। नित्या की बीमारी ने पूरे परिवार को गहरे चिंता में डाल दिया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना भी संचालित की जा रही है, जिससे दुर्ग जिले के ग्राम बोरई की निवासी रामकृष्ण साहू के बिटिया को नया जीवन मिला है। आर्थिक चुनौतियों के बीच उपचार की शुरुआत करते हुए रामकृष्ण और जांत्री ने अपनी बेटी को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए। चार महीने तक अस्पताल में नित्या का इलाज चला। इलाज के दौरान उनकी आर्थिक स्थिति निरंतर कमजोर होता गया। इलाज का खर्च मध्यम वर्गीय परिवार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया। इस कठिन समय में रामकृष्ण ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आवेदन किया। संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उनकी अपील पर त्वरित कार्रवाई की। आवेदन करने के कुछ ही दिनों के भीतर उन्हें 1 लाख 75 हजार रूपए की सहायता राशि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से प्रदान की गई।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना : 30 दिन, 30 मिनट का प्रशिक्षण

# सरकार के जादुई आंकड़े से लड़ेंगी बेटियां छेड़छाड़ और अपहरण जैसी घटनाओं से

**दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा**



छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूलों में बेटियों को रानी लक्ष्मीबाई जैसी साहसी और निपुण योद्धा बनाने का ऐलान किया है। परंतु इस साल प्रशिक्षण का समय 90 दिनों से घटाकर 30 दिन कर दिया गया है। आत्मरक्षा के इस क्रांतिकारी सरकारी मॉडल में बेटियों को प्रतिदिन 30 मिनट की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें वह छेड़छाड़ और अपहरण जैसी घटनाओं का सामना करने की अद्भुत कला सीखेंगी। यह योजना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत चलाई जा रही है, जिसके लिए जिले के 163 हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल चुने गए हैं।

गौरतलब है कि पिछले साल 6वीं से 12वीं तक की छात्राओं को 90 दिनों तक यह प्रशिक्षण दिया गया था, लेकिन इस बार यह संकुचित मॉडल पेश किया गया है। राज्य सरकार के अनुसार, 30 दिन और 30 मिनट के छोटे से प्रशिक्षण में बेटियां खुद को इतना सशक्त बना लेंगी कि छेड़छाड़, अपहरण जैसी घटनाओं को पल भर में नाकाम कर देंगी। इस प्रशिक्षण के लिए प्रति स्कूल 5,000 रुपये का बजट तय किया गया है।

**प्रशिक्षकों से आवेदन मांगे, लेकिन समय कम!** सरकार ने इस कार्यक्रम के लिए जुडो, कराटे, ताइक्वांडो, किक बॉक्सिंग और मार्शल आर्ट में दक्ष खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 दिसंबर 2024 तय की गई है, जो कि कार्यक्रम की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। आखिर इतनी कम समय में प्रशिक्षक कैसे चयनित होंगे।

**जादुई योजना, लेकिन सवाल कई :** योजना को लेकर छात्राओं और अभिभावकों के मन में कई सवाल हैं। क्या 30 दिनों के प्रशिक्षण से बेटियां वास्तविक परिस्थितियों में खुद को सुरक्षित महसूस कर पाएंगी? क्या 5,000 रुपये प्रति विद्यालय का बजट पर्याप्त है? और सबसे बड़ा सवाल यह कि केवल 30 मिनट की दैनिक ट्रेनिंग में कितना कुछ सीखा जा सकता है? इस योजना से ऐसा लगता है कि सरकार का मानना है कि महिला सशक्तिकरण का फॉर्मूला केवल मिनटों और सीमित बजट में हल हो सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे किसी डॉक्टर से कहा जाए कि वह मरीज का इलाज 5 मिनट में कर दे, वह भी बिना सही दवाइयों के।

#### बेटियों को सही तैयारी और संसाधनों की जरूरत

अगर सरकार सच में बेटियों की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर गंभीर है, तो प्रशिक्षण की अवधि और बजट बढ़ाना चाहिए। इसके अलावा, प्रशिक्षकों को समय पर चयनित करना और आधुनिक उपकरणों से लैस करना जरूरी है। वरना, यह योजना केवल कागजों में आत्मनिर्भरता की तस्वीर बनाएगी और असल जिंदगी में बेटियों की सुरक्षा पर सवाल छोड़ जाएगी। सशक्तिकरण दिखावे से नहीं, बल्कि ठोस कदमों से होता है। बेटियां लक्ष्मीबाई जरूर बनेंगी, लेकिन सही तैयारी और संसाधनों के साथ, न कि 30 मिनट के जादुई फॉर्मूले से!

## एसडीएम ने ली नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में बैठक



**दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल ने अगामी नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के दृष्टिगत अनुभाग अकलतरा अंतर्गत शामिल तहसील अकलतरा एवं बलौदा के तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अकलतरा, बलौदा एवं नरियरा की बैठक ली। बैठक में मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, पंचायतों में नाम निर्देशन स्थल का चिन्हांकन, सेक्टर ऑफिसर मास्टर ट्रेनर एवं मतदान दल एवं कार्यालय स्तर पर निर्वाचन कार्य का अनुभव हेतु कर्मचारियों की चिन्हांकन आदि कार्य सहित सामाग्री वितरण, वापसी स्थल पर डिमार्केशन तथा निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन पर विस्तृत चर्चा करते हुए पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में तहसीलदार बलौदा करूणा आहेर, तहसीलदार अकलतरा कृष्ण कुमार जायसवाल, जनपद पंचायत सीईओ बलौदा आकाश सिंह, सी.एम.ओ. नरियरा रामायण प्रसाद नेताम सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से जनपद सीईओ वषार्रानी चिकनजुरी के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत

- सक्ती कलेक्टर ने सँयुक्त कलेक्टर को दिए जांच कर 7 दिनों में प्रतिवेदन पेश करने का आदेश

**दबंग दुनिया ◆ जैजैपुर**




जैजैपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दराभाठा की सरपंच सचिव के कार्यप्रणाली पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है। मनमानी और व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते जहां ग्रामीण लगातार शिकायते करते रहे हैं वहीं जनपद सीईओ से सांठगांठ के चलते ग्राम सचिव एवं सरपंच हमेशा बचते रहे हैं। उनके खिलाफ जांच हुई और जांच में सही पाया भी लेकिन कार्यवाही नही हुई। जिसके चलते वे लगातार भ्रष्टाचार करते रहे और जनपद के जिम्मेदार अधिकारी उसको लगातार संरक्षण देते रहे। जिसकी वजह भी जाहिर है कि उक्त सरपंच सचिव अपने बचाव के लिए तमाम जिम्मेदार की जेबे भरता चला आ रहा है और बिकाऊ अमला मौन बना हुआ है ऐसा लोगों का कहना है। फिलहाल कथाकथित एक पत्रकार ने जैजैपुर जनपद सीईओ वषार्रानी चिकनजुरी पर आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचारी सरपंच सचिव से मोटी रकम लेकर साठगाँठ कर कार्यवाही नही करने बल्कि संरक्षण देने के आरोप लगाते हुए ऑनलाइन शिकायत की थी जिसकी जांच हेतु कलेक्टर सक्ती द्वारा टीम का गठन किया गया सीईओ पर कार्यवाही होने में कितना समय लगेगा इसका अनुमान लगाया जा सकता है। भ्रष्टाचार में लिप्त सरपंच और सचिवों के विरूद्ध कार्यवाही के नाम पर इस तरह से संरक्षण दिया जा रहा है। जिससे शिकायतकताओं के मंसूबे खुद ही टूट जाते है वहीं दोषियों को लीपापोती कर बचने का पर्याप्त मौका भी मिल जाता है। सीईओ की इस तरह की कार्यप्रणाली और लेटलतीफी पर सवाल उठना लाजमी है वही जैजैपुर क्षेत्र के सरपंच सचिव पूरे भरोसे से दावा करते हैं कि उक्त सीईओ के खिलाफ कार्यवाही होना संभव ही नहीं है। इस तरह की चर्चा और दावे शासकीय प्रक्रिया के लिए चुनौती जरूर है। जन चर्चा में किए जा रहे दावे और क्षेत्र के चर्चित सीईओ में कितना दम है यह आने वाले समय में साबित होगा। किन्तु इस तरह की रवैया और शासन प्रशासन को क्षति पहुँचाने वाली अधिकारी पर क्या कार्यवाही के पीछे उच्च अधिकारियों से भी जवाब मांगा जाना चाहिए।

## हाथियों ने खरही के धान को किया चट

**दबंग दुनिया ◆ कोरबा**

खेतों में लगे धान की फसल अब लगभग कट चुकी है। ऐसे में जिले के जंगलों में मौजूद हाथियों को धान खाने के लिए नहीं मिल रहा है, सो अब वे इसकी तलाश में खलिहानों तक पहुंचने लगे हैं। वहीं हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित उपार्जन केंद्रों में रखे धान को भी खतरा पैदा हो गया है।



बीती रात कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में मौजूद हाथियों के दल ने केराकछार (नोनबिर्रा) पहुंचकर ग्रामीणों के खलिहान में जमकर उत्पात मचाया और वहां रखे धान की खरही को चट करने के साथ ही तितर-बितर कर दिया। हाथियों के इस उत्पात से कई ग्रामीण प्रभावित हुए हैं जिसका आंकलन किया जा रहा है। करतला वन परिक्षेत्र में वर्तमान में 50 हाथियों का दो दल अलग-अलग विचरण कर रहा है। इसमें से 42 हाथियों वाला दल बीती रात बोतली क्षेत्र से मूवमेंट किया और नोनबिर्रा वन परिसर के केराकछार नामक गांव में पहुंच गया। हाथियों के दल ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू किया और खलिहान में रखे कई ग्रामीणों के धान की खरही को नुकसान पहुंचाया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों द्वारा रात में हाथियों के आने तथा उत्पात मचाए जाने की सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और हाथियों को खदेडने. की कार्यवाही की। जिससे वे जंगल की ओर रूख कर गए।

**अरहर की फसल को भी पहुंचाया नुकसान :** कुदमुरा रेंज में भी हाथियों का उत्पात जारी है। यहां जंगल में घूम रहे एक दर्जन हाथियों ने बीती रात खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जहां कोरबा वनमंडल के कुदमुरा व करतला रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है, वहीं कटघोरा वनमंडल में मौजूद हाथी भी इससे कम नहीं है। यहां के पसान व केंदई रेंज में सक्रिय हाथियों के दल ने अरहर फसल को नुकसान पहुंचाया है। 28 हाथी केंदई रेंज के लमना क्षेत्र में घूम रहे हैं। इन हाथियों ने यहां के मनुहार बस्ती तथा आमाटिकरा के हरमोर में पांच किसानों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे अरहर के पौधों को चट कर दिया है। वहीं पसान रेंज के सेमरहा क्षेत्र में सक्रिय 22 हाथियों के दल ने खेतों में पहुंचकर 15 ग्रामीणों के अरहर फसल को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों का उत्पात यहां रात भर चला, सुबह होने से पहले हाथी आगे बढक? बीजाडांड सर्किल के सेन्हा गांव पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने की जानकारी मिलने पर संबंधित वन अमला सतर्कता बरतने के साथ ही हाथियों की निगरानी में जुट गया है। आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सावधान भी किया जा रहा है।

## मनरेगा से बने पशु शेड ने गायपालन व्यवसाय को दी मजबूती

### कृपाराम हर महीने कमा रहे 6 से 7 हजार रूपए

**दबंग दुनिया ◆ जांजगीर-चांपा**

ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन आजीविका का महत्वपूर्ण साधन रहा है। यह बहुपयोगी होने के कारण भूमिहीन, छोटे और सीमांत किसानों के भरण-पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यही कारण है कि जिले की जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत-कपिस्दा के रहने वाले कृपाराम ने पशुपालन व्यवसाय को अपनाया और अपनी मेहनत के बलबूते आज उन्होंने अपने जीवन की दशा और दिशा, दोनों बदली दी है।

गाय पालन के लिए महात्मा गांधी नरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) से पक्का शेड बनने के बाद कृपाराम पिता महेत्तर पटेल अब व्यवस्थित ढंग से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा पा रहे है। शेड बनने से पहले उसके पास केवल दो-तीन गाय ही थी। महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से घर में पशु शेड बनने के बाद उसके दुग्ध व्यवसाय ने जोर पकड़ा और कमाई बढ़ने लगी। अब उसके पास 5 से 6 गाय हो गई है, इस व्यवसाय से वह 6 से 7 हजार रूपए प्रतिमाह कमा रहे हैं। कृपाराम पटेल, पशुपालन से अपने परिवार की आर्थिक हालात सुधार रही है। उसके इस काम में घर में महात्मा गांधी नरेगा से निर्मित पशुपालन शेड ने बड़ी भूमिका निभाई है। कृपाराम की लगन, मेहनत और योजना से मिले सहयोग से उसका व्यवसाय तेजी से फल-फूल रहा है और अच्छी आमदनी हो रही है। परिवार के पास करीब चार एकड़ जमीन है। जिसमें खेती-बाड़ी हो पाती है। खेती के बाद के समय में मजदूरी कर परिवार गुजर-बसर करता है। कृपाराम ने घर की आमदनी बढ़ाने के लिए पशुपालन का काम शुरू किया। लेकिन कच्चा और टूटा-फूटा घर के कारण इसमें बहुत कठिनाई हो रही थी। वह इसे व्यवस्थित ढंग से आगे नहीं बढ़ा पा रहे थे।



उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा के तहत अपनी निजी भूमि पर पक्का शेड के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को आवेदन दिया। ग्राम पंचायत की पहल पर महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत बतौर हितग्राही निजी जमीन पर 90 हजार रुपये की लागत से शेड निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिली। जब यह तैयार हो गया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस काम में उनके और गांव के अन्य परिवार को भी रोजगार प्राप्त हुआ, जिसके लिए उन्हें मजदूरी भी मिली। पशुपालन के लिए पर्याप्त जगह मिली और उसका धंधा जोर पकड़ने लगा। इससे उनकी माली हालत तो सुधरी ही, इस राशि से वह अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन दे पा रहे हैं।

## जिला रोजगार कार्यालय में 13 दिसंबर को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 13 दिसंबर 2024 दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में जिंदल स्टील एण्ड पावर खरसिया रोड रायगढ़ द्वारा अप्रेन्टिसशीप अंतर्गत आई.टी.आई.फीटर 62 पद,वेल्डर 20 पद,इलेक्ट्रीशियन 15 पद,एवं मशीनिष्ट के 38 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। उक्त पद के लिये शैक्षणिक योग्यता संबधित व्यवसाय में आई.टी.आई उत्तीर्ण निर्धारित की गई है एवं कार्यक्षेत्र रायगढ, रायपुर पूँजीपतरा रहेगा। आयु सीमा अधिकतम 25 वर्ष कंपनी द्वारा वेतन 8000-9000 रु./- प्रतिमाह दिया जायेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## कोरबा जनपद में कौशाम्बी, पोंडीउपरोड़ा में डड़सेना बने प्रभारी सीईओ

- मण्डल संयोजकों को पदोन्नत कर जनपद सीईओ के पद पर दी गई नवीन पदस्थापना

**दबंग दुनिया ◆ कोरबा**



जनपद पंचायत कोरबा को आखिरकार नया सीईओ मिल ही गया। आदिम जाति विकास विभाग ने मण्डल संयोजक के पद पर पदस्थ कौशाम्बी गबेल को पदोन्नत कर प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा के पद पर पदस्थ किया है। जनपद पंचायत पोंडी उपरोड़ा को भी नया सीईओ मिला है। इस पद पर पदोन्नति उपरांत जय प्रकाश डडसेना की पदस्थापना हुई है। वे वर्तमान में बलरामपुर जिले के विकासखण्ड शंकरगढ़ में सेवाएं दे रहे हैं। पोंडी उपरोड़ा में एडीओ खगेश निर्मलकर प्रभारी जनपद सीईओ के रूप में सेवाएं दे रहे थे।कौशाम्बी गबेल कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा के अंतर्गत विकासखण्ड कोरबा में करीब 3 साल से मण्डल संयोजक के पद पर उत्कृष्ट सेवाएं दे रही थीं। उनके कार्यकुशलता, लगनशीलता को देखते हुए उन्हें जनपद पंचायत कोरबा के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ किया है। इस पद पर सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत इंदिरा भगत करीब 1 साल से प्रभारी सीईओ के पद पर सेवाएं दे रही थीं। अब पदोन्नति उपरांत कौशाम्बी इस पद पर विभाग को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करेंगी ऐसी उम्मीद जनप्रतिनिधियों को है। गौरतलब हो कि मंगलवार को आदिम जाति विकास विभाग ने प्रदेश के 29 मण्डल संयोजक को पदोन्नत करते हुए प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर नवीन पदस्थापना दी है।

**संविदा भर्ती हेतु 10 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित : कांकेर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर द्वारा डिप्टी लीगल एड डिफेंस कौंसिल के 01 एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल के 02 रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए 10 जनवरी 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# मुख्यमंत्री साय देंगे 625 करोड़ के 284 विकास कार्यों की सौगात

### विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को 2.69 करोड़ से अधिक की राशि का करेंगे सामग्री वितरण

**दबंग दुनिया ◆ कोरबा**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 12 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री साय जिलेवासियों को 625.28 करोड़ से अधिक राशि के 284 विभिन्न विकास कार्यों का सौगात देंगे। जिसके अंतर्गत 17.43 करोड़ से अधिक राशि के 25 कार्यों का लोकार्पण एवं 607.85 करोड़ से अधिक राशि के 250 कार्यों का भूमि पूजन व शिलान्यास शामिल है। साथ ही 400 से अधिक विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को 2 करोड़ 69 लाख से अधिक राशि के सामग्री का वितरण करेंगे। समारोह का आयोजन कोरबा शहर के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में दोपहर 12 बजे आयोजित होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले 102 नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग वाणिज्य व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

**सभा स्थल पर वस्तुएं रहेंगी प्रतिबंधित :** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस की ओर से एडवाइजरी व प्रतिबंधित सामाग्री की सूची जारी की गई है। सभा स्थल पर लाईटर, बाईनॉक्युलर, फ्लास्क, छाता, कैमरा, हैंडीकैम, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, हथौड़ा, ड्रील, आरी, पेंचकस , चाकू, छुरी, ब्लेड रेजर, कैंची, पिन, आलपिन, नेलकटर , बंदूक एवं फायर आर्म्स, एम्युनिशन फायर आर्म्स, खिलौना बंदूकें, नकली बंदूके, फटाखे, बारूद, अन्य विस्फोटक पदार्थ, ज्वलनशील पदार्थ, पानी की बोतल, कोल्ड्रिंक्स बोतल, कैन, बोतलबंद पेय पदार्थ, खाने-पीने की चीजें, टिफिन डिब्बा, थैला इत्यादि प्रतिबंधित किया गया है।

## बदली छंटते ही ठंड ने दिखाया असर

**कोरबा।** आसमान से बदली छंटते ही ठंड ने अपना असर दिखाना फिर से शुरू कर दिया है। सोमवार को ऊर्जाधानी सहित क्षेत्र में पूरे समय बदली का असर था, वहीं मंगलवार को बादल छंटते ही एकाएक कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। दिसंबर माह में अब कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है, इसके पहले 6 दिसंबर को रात्रि का टेम्प्रेचर 17 डिग्री था। आने वाले दिनों में और गिरावट होने की संभावना है। 10 दिसंबर को कोरबा का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। क्षेत्र का मौसम शुष्क होने तथा आसमान से बदली छंटते ही सर्द हवा चलने लगी है। ठंडी हवा से कड़ाके की ठंड की शुरूआत एक बार फिर से शुरू हो गई है।

## खेतों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन, हादसे का बना है डर

**दबंग दुनिया ◆ कोरबा**

शहरी और ग्रामीण इलाको में खेतों के ऊपर से निकली बिजली की हाईटेंशन लाइन किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। किसानों को करंट प्रवाहित तारों के नीचे खड़े होकर फसलों की सिंचाई व कटाई करनी पड़ रही है। ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इस बात की चिंता उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही है। इसके बाद भी विभागीय अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीण इन दिनों अपने खेतो मे बोए हुए धान की फसल की कटाई-मिजाई करने में जुटे हुए है। वही उनके खेत के ठीक उपर से हाई टेंशन गुजरी हुई है। ग्रामीण इलाकों में कई विद्युत दुर्घटना घटित होती है जिसका खामियाजा कभी इंसान तो कभी पशु भुगतते हैं। खेतों के नीचे तार झूल रही है। जिसके चलते किसान अपनी जान हथेली में रखकर अपनी मेहनत की कमाई को बटोरने मजबूर दिखाई दे रहे हैं।

खेती के दौरान इस तार के चलते मजबूर होकर उन्हें हल से खेत की जूताई करनी पड़ती है। जिससे समय की बबार्दी के साथ ही कई समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण अंचलो में विद्युत पोल न केवल खेतों में बल्कि बीचों बीच लगे हुए हैं।

# गौ पूजन एवं सोसायटी में किसानों का सम्मान कर मनाया जा रहा है सरकार का गठन उत्सव

## राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विविध कार्यक्रम का आयोजन

दबंग दुनिया ◆ बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देश एवं जिलाधीश दीपक सोनी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार 11 दिसम्बर को पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों में गौ पूजन का कार्यक्रम किया गया। ठीक उसी तरह सहकारिता विभाग द्वारा विभिन्न सोसायटी में धान बेचने आएं किसानों का सम्मान किया गया। पशु पालन विभाग से मिली जानकारी अनुसार सोमवार 09 दिसंबर से गौपूजन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आरंभ किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम पंचायतों में शिविर व पशु मेला का आयोजन कर गौमाता का पूजन करने के पश्चात पशुओं में टैगिंग,बधियाकरण, टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। पशुपालकों को गौ उत्पाद जैसे गौमूत्र, गौअर्क, इत्यादि के महत्व के बारे में बताया गया। विभागीय कार्य उपरान्त पशुपालक संगोष्ठी, गौसेवा करने वाले



पशुपालकों का सम्मान किया जा रहा है।09 दिसम्बर को विकासखंड कसडोल के ग्राम चरौदा, 10 दिसंबर को बलौदाबाजार के ग्राम लटुवा, 11 दिसंबर को भाटापारा के ग्राम पेण्डरी में गौपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी दिवसों में 14 दिसंबर को पलारी के ग्राम कौंवाडीह, 15 दिसंबर सिमगा के ग्राम कुकराचुंदा सहित खुशी गौशाला पौंसरी, मां शाकम्भरी देवी सेवा संस्थान केशडबरी बलौदाबाजार में भी गौपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। इसी तरह सहकारिता विभाग द्वारा आज सहकारी समिति कसडोल पंजीयन क्रमांक 1545 में किसानो को श्रीफल गुलाल लगा कर सम्मान किया गया। इसी तरह आज धान उपार्जन केंद्र लवन पं. क्र. 668 में किसानों को गुलाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा यु.डी.आई.डी पंजीयन कृत्रिम अंग चिन्हांकन परीक्षण शिविर विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम सकरी में 12 को एवं पलारी के ग्राम दतान (प) में 13 को दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों, प्रतिभाओं, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं वृध्दाश्रमों में कार्यक्रम ग्राम पंचायत मुड़पार में 16 दिसंबर को, ग्राम सोनपुरी 19 दिसंबर को ग्राम तरेंगा में 20 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी विभाग द्वारा सभी प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, ओबीसी,कन्या बालक छात्रावास आश्रम एवं एकलव्य विद्यालय में 9 दिसम्बर से 12 दिसंबर तक जनजाति वीरों पर आधारित कार्यक्रम, 13 से 14 दिसंबर तक खेलकूद गतिविधियों का आयोजन, 15 से 16 दिसंबर क्विज, 17 से 18 दिसंबर बाद विवाद प्रतियोगिता एवं 19 से 20 दिसंबर पुरस्कार वितरण एवं समापन का आयोजन किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 से 20 दिसंबर के मध्य महतारी वंदन से लाभांवित हितगाहियों का सम्मान, आंगनबाड़ी केन्द्र में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन परियोजना एवं सेक्टर स्तरों में किया जाना है। परियोजना बलौदाबाजार, सोनाखान, 13 दिसम्बर को लवन, कसडोल 16 दिसंबर, पलारी, सिमगा, एवं भाटापारा में 17 दिसंबर को किया जाएगा। ठीक इसी तरह सेक्टर में बलौदाबाजार, सोनाखान लवन में 14 दिसंबर को एवं कसडोल, पलारी, सिमगा, भाटपारा में 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप जिला हॉस्पिटल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में जाएगा। जिसमें 13 दिसम्बर को बलौदाबाजार, 16 भाटापारा, कसडोल में 20 दिसंबर, पलारी 19 दिसंबर, सिमगा 17 दिसंबर इसी तरह मितानिन सम्मेलन सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिसमें विकासखंड बलौदाबाजार के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16 को, भाटापारा के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 19, कसडोल के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16, पलारी के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16 एवं सिमगा के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 16 दिसंबर को आयोजित की जाएगा। इसी तरह स्वास्थ्य कैंप का आयोजन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदाबाजार, भाटपारा में 16 दिसंबर को सिमगा में 17 को पलारी 19 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी।

# शहिद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर गीतिनाट्य का आयोजन



दबंग दुनिया ◆ सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने हिन्दी विषय शिक्षक प्राचार्य प्रेमानन्द भोई के मार्गदर्शन और शिक्षक सुशांत प्रधान के निर्देशन में वीरनारायण सिंह के जीवन पर आधारित गीतनाट्य प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि कक्षा दसवीं हिन्दी विषय का एक पाठ अमर शहीद बीर नारायण सिंह है। प्रस्तुति में बताया गया कि किस तरह से सोनाखान महान बीर सपूत बीरनारायण सिंह का योगदान छत्तीसगढ़ के लोगों को संगठित करने, जनता की सेवा करने और देश को आजाद करने,माखन व्यापारी के गोदाम से अनाज निकालकर, अकाल पीड़ित लोगों की मदद करने, जन समुदाय को अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए प्रेरित करने,और स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद दिलाया गया। इस गीतनाट्य को प्रस्तुत करने में अमीषा पटेल, अरमान साहू, बालेश्वर,चांदनी दीपक, धनेश्वरी, डिंपल, गंगाधर यादव हर्ष साहू, जागृति, जयकिशन, कामिनी, ममता, परी, वैष्णव, पूजा, रुपा यादव, साधनी, तुषार बाघ, तुषार साहू, यामिनी साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हर्ष साहू ने वीर नारायण सिंह की भूमिका निभाई। इस अवसर पर टेकलाल पटेल,कृष्ण कुमार नायक, दुबेलाल पोर्ते,शरद कुमार बाघ,रोहित साहू, सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

# आशु कवि डा गोवर्धन बघेल को साहित्योदय सम्मान

दबंग दुनिया ◆ कोमाखान



अंतर्राष्ट्रीय साहित्योदय संस्थान हरिद्वार द्वारा आयोजित साहित्य सम्मेलन में एक सौ पचास रचनाकारों की कृति शिवायन ग्रंथ का विमोचन सम्पन्न हूआ, पूर्व में जन रामायण अयोध्या में कृष्णायन का सांझा संकलन के विमोचन बृंदावन में आयोजित किया गया हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मूर्धन्य साहित्यकारों ने आशु कवि डा गोवर्धन बघेल को साहित्योदय सम्मान से सम्मानित किया गया। विदित हो कि बघेल बागबाहरा के टेडीनारा में जन्मे वर्तमान हायर सेकेंडरी स्कूल में लेखापाल के पद पर कार्यरत है, आपकी काव्य रचना हिंदी एवं छत्तीसढ़ी में करते है, उन्होंने देश और विदेश में भी जाकर छत्तीसगढ़ की सोधी महक से अपनी पहचान बनाई। उन्होंने शिवायन की रचना हरिद्वार में की जिसमें भगवान शिव के महिमा एवं बारह ज्योतिलिंगों को अपनी आशु रचना से मुग्ध किया। छत्तीसगढ़ ल कहिथे , धान के कटोरा।

उत्तराखंड ल कहिथे,गंगा मैया के कोरा।।

अपनी रचना से छत्तीसगढ़ को गौरांवित किया।

# बाल विवाह एवं जेंडर आधारित विषय पर युवा टीम ने प्रस्तुत की गई लघु नाटिका

दबंग दुनिया ◆ उमरिया




हम होंगे कामयाब पखवाडे समापन कार्यक्रम के अवसर पर रानी दुर्गावती हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग रमा मुकाती, बाल कल्याण समिति की सदस्य मंजूलिका अग्रवाल, टीआई अरूणा व्दिवेदी महिला अपराध सहित परियोजना अधिकारी की उपस्थिति में हिमांशु तिवारी एवं उनकी युवा टीम उमरिया द्वारा बाल विवाह एवं जेंडर आधारित विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई । नाटक मे दिखाया गया कि बच्चे की पढ़ाई बीच में छुड़वाकर घरवालों के व्दारा उसके विवाह की तैयारी की जाती है, जिसकी जानकारी शिक्षिका को मिलने पर उनके व्दारा घर जाकर समझाईश दी जाती है कि बेटे की शादी 21 वर्ष के बाद तथा लडकी की शादी 18 वर्ष के बाद करें । इसी तरह जेंडर आधारित विषय पर आधारित लघु नाटिका के माध्यम से लड़के एवं लड़कियों पर भेदभाव नही करनें का संदेश दिया गया।साथ ही बाल विवाह,बाल मजदूरी,बाल उत्पीड़न से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है,जो कानून अपराध है। इन कुरीतियों से समाज पर बुरा असर पड़ता है। इसका रोकथाम करना हम सबकी जिम्मेवारी है।बाल विवाह को जड़ से मिटाने के लिए शिक्षा जरुरी है सभी बच्चे पढ़ाई करें और अपने माता पिता को यह बताए कि कम उम्र में विवाह नहीं करना है. यह कानून अपराध है तभी हम सभी बाल विवाह से मुक्त हो पाएंगे। लघु नाटिका के दौरान वालंटियर हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, वर्षा बर्मन, मुस्कान महोबिया,खुश्बू बर्मन, साक्षी रैदास, नाशिमा खातून,लक्ष्मी महोबिया,खुशी बर्मन,सुलेखा राठौर,चांदनी पनिका, सृष्टि महोबिया सहित आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रहे।

# देश का प्रकृति परीक्षण अभियान 25 दिसम्बर तक



दबंग दुनिया ◆ बलौदाबाजार

आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक देश के प्रकृति परीक्षण हेतु देशव्यापी राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रकृति परीक्षण से प्रारंभ किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ.गोदावरी पैकरा ने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना प्रकृति को समझने में सहायक होती है। जिससे व्यक्ति की विशिष्ट प्रकृति के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजना, आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या बनाकर समय पूर्व होने वाले रोगों से बचाव, निदान एवं उपचार किया जा सकता है। इस अभियान का लाभ लेने तथा व्यक्ति को स्वयं का प्रकृति परीक्षण एप डाउनलोड कर सिटीजन के रूप मे पंजीकृत होना होगा। प्रकृति परीक्षण हेतु आयुष चिकित्सक वालेन्टियर्स द्वारा नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है। इसके साथ ही आयुष औषधालय के चिकित्सक से सम्पर्क कर ऑनलाईन फार्म भरकर आपकी प्रकृति बताकर ऑनलाईन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है।

# सेजेस बिलाईगढ़ में विकास खण्ड स्तरीय युवा उत्सव का भव्य आयोजन

दबंग दुनिया ◆ सारंगढ़-बिलाईगढ़



सेजेस बिलाईगढ़ में विकास खण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के युवा प्रतिभाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री सत्यनारायण साहू विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ ने किया, जिन्होंने युवाओं को अपने हुनर को निखारने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी।

युवा उत्सव में नृत्य, गायन, भाषण, नाटक और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। मंच पर युवाओं ने अपनी कला और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम के लोकनृत्य में योगेश पंथी पार्टी कालेज बिलाईगढ़ प्रथम, स्नेहा ग्रुप द्वितीय, लोक गीत में हर्षिता ग्रुप प्रथम, एकल गीत में हिमांशी जायसवाल, चित्रकला प्रतियोगिता में दृष्टि देवांगन प्रथम, कहानी में लेखन में आनिया अजय प्रथम, कविता में यामिनी साहू,विज्ञान मेला में उर्जस्वि जांगड़े ग्रुप सेजेस बिलाईगढ़ प्रथम , हस्त शिल्प कनिष्का यादव, टेक्सटाइल शुभम देवांगन,रॉक बैंड में सेजेस बिलाईगढ़, तात्कालिक भाषण में एलिशा निसाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर गोविंद अजय,सहसराम सात्रे, प्राचार्य सेजेस बिलाईगढ़,रामेश्वर प्रसाद अजय, पंचराम साहू,यशपाल यादव,विनोद डड़सेना, एस एस सबर, ईश्वर प्रसाद साहू, लोकनाथ टांडे, अजित कुमार निराला, राजकुमार जांगड़े सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि इस प्रकार के युवा उत्सव भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता रहे।

# मुख्यमंत्री की पहल पर सुगमता से हो रही है धान की खरीदी

दबंग दुनिया ◆ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक 42.83 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 9.14 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 9159 करोड़ 61 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 2.31 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया था, जिसके विरूद्ध 31 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 11 दिसम्बर को 84341 किसानों से 3.34 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 94279 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 92036 टोकन जारी किए गए हैं।

राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्यओं का समाधान कर सकते है।

## वटगन कालेज में हुआ एल्युमिनि( पूर्व छात्र संघ का) गठन

# टुकेश बने अध्यक्ष कुनाल सेन, डिगेश्वरी सेन उपाध्यक्ष रोहित साहू बने सचिव



दबंग दुनिया ◆ पलारी

शा नवीन महाविद्यालय वटगन में एल्युमिनि एसोसिएशन पूर्व छात्र संघ का गठन किया गया जिसमें एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष टुकेश साहू उपाध्यक्ष कुनाल सेन, डिगेश्वरी सेन सचिव रोहित कुमार साहू सह सचिव उल्लास वर्मा को बनाया बनाया गया ' एलुमिनि एसोसिएशन आनी पूर्व छात्र संघ, पूर्व छात्रों को एक साथ लाने वाला समुदाय होता है. यह संगठन, पूर्व छात्रों को उनके शैक्षणिक संस्थान या पूर्व नियोक्ता से जोड़े रखता है पूर्व छात्र संघ के जरिए, पूर्व छात्रों को अपने साथी स्नातकों और संस्थान से जुड़े रहने में मदद मिलती है।

पूर्व छात्र संघ के कुछ फायदे, पूर्व छात्रों के बीच संबंध बेहतर होते हैं,नेटवर्किंग के अवसर मिलते हैं. पूर्व छात्र कार्यक्रम आयोजित होते हैं. संस्थान और उसके छात्रों के लिए धन जुटाने में मदद मिलती है. पूर्व छात्रों को अपने शैक्षणिक संस्थान और साथी स्नातकों से जुड़े रहने में मदद मिलती है. नए पूर्व छात्रों को सहायता मिलती है. समान पृष्ठभूमि वाले लोगों से दोस्ती और व्यावसायिक संबंध बनाने का मौका मिलता है।

पूर्व छात्र संघ, अक्सर विश्वविद्यालयों या उनके विभागों के आस-पास संगठित होते हैं, इस गठन के अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित वटगन कालेज के प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे ,ल्ल२२ कार्यक्रम अधिकारी रामप्रकाश जोशी, वाणिज्य विभाग प्रोफेसर प्रवीण पैकरा, उमेश श्रीवास, शुभम, छत्रपाल राठी ,डॉ नोहर डहरिया, पुष्पा वर्मा, भूमिका साहू पूर्व छात्र में दीपक साहू, शिवा, चित्रगुप्त, विद्या तिवारी, नीलिमा साहू एवं पूरे 2018 से 2022 के बैच वाले छात्र छात्राओं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से कुंभ मेला स्पेशल तीन ट्रेनों की सुविधा

दबंग दुनिया ◆ भाटापारा

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाए । उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे। महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान 3000 स्पेशल गाड़ियां सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलायी जाएंगी। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो रायगढ़-वाराणसी, दुर्ग-वाराणसी एवं बिलासपुर-वाराणसी के मध्य तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है । 08251/08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल, 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है।

# जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों को मिला उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु प्रशिक्षण

दबंग दुनिया ◆ बलौदाबाजार

जिले में उच्च जोखिम के अंतर्गत आने वाली गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव तथा प्रसव से पूर्व एवं पश्चात किए जाने वाले देखभाल को लेकर जिला अस्पताल बलौदाबाजार के सभाकक्ष में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के प्रशिक्षण बाबत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जिले में पहली बार विशेष पहल के तहत यह कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि मातृ मृत्यु दर को रोकने तथा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व प्रदान करने बाबत जिले में यह अपनी तरह का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है। जिसमें सात स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बारी बारी से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। मातृत्व स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी डॉ शशि जायसवाल ने उच्च जोखिम गर्भावस्था के कुछ लक्षण बताया जैसे अधिक उम्र का होना, छोटा कद, पहले से ही रक्तस्राव, बच्चों की गलत प्रस्तुति, पूर्व में गंभीर प्रसूति की जानकारी,हृदय रोग संबंधी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गंभीर एनीमिया ,जुड़वा बच्चे का होना ,लंबी गर्भावस्था, कोई चिकित्सा विकार स्थिति में आने वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि यदि महिला ने अपनी गर्भावस्था के दौरान अपनी पूरी चार बार जांच करवाई है। तो महिला के बारे में यह प्रकट हो जाता है कि क्या वह उच्च जोखिम में आएगी ।

कार्यशाला में स्त्री रोग विशेषज्ञों ने सुरक्षित मातृत्व प्रबंधन के संबंध में विविध प्रकार के आवश्यक बिंदुओं की चर्चा करते हुए उन्हें प्रदान की जाने वाली सेवाओं का प्रशिक्षण दिया। इसमें डेमो के माध्यम से भी बताया गया।प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि प्लेसेंटा प्रीविया अर्थात बच्चे जिसमें रहता है वह थैली निचले हिस्से में आ गई है तो वह सर्विक्स को जाम कर देता है जिससे जच्चा- बच्चा दोनों को खतरा रहता है। ऐसी स्थिति में सोनोग्राफी अनिवार्य रूप से अगर हो जाए, तो इस स्थिति के लिए तैयारी की जा सकती है।

# किसानों के मांगों को लेकर युवा कांग्रेस ने किया बड़ेराजपुर तहसील का घेराव

दबंग दुनिया ♦ विश्रामपुरी



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बड़ेराजपुर ब्लॉक मुख्यालय मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जमकर साय सरकार को घेरा कहा की धान खरीदी मे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है धान के रकबा मे कटौती हो रही है सभी धान खरीदी केंद्रों मे बारदाने की समस्या है धान का उठाव नहीं होने से केंद्रों मे जगह की किल्लत है टोकन नहीं कटने से किसान परेशान हैं। वक्ताओं ने आगे कहा भाजपा चुनाव पूर्व कहा था प्रत्येक तीन पंचायतो मे धान खरीदी केंद्र खोली जाएगी प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन मे धान के समर्थन मूल्य की राशि दी जाएगी 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल की दर से एक मुश्त देने की बात कही थी परन्तु उनकी वादें उनकी घोषणाएँ केवल लोक लुभावने बनकर रह गयी आज किसानों को भारी तकलीफ हो रही है भाजपा को सिर्फ सरकार बनाने से मतलब होता है सरकार मे आने के बाद जनता से कोई सरोकार नहीं रहती। जब छत्तीसगढ़ मे किसानों की सरकार थी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तब किसानो के विकास के लिए योजनाएं बनाई गयी धान के समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राशि को राजीव गाँधी किसान न्याय योजना के नाम से दिया गया परन्तु भाजपा ने एक मुश्त 3100 देने की बात कर जुमलेबाजी की है कांग्रेस सरकार ने 2500 रुपए प्रति क्विंटल के दर से पैसा देने की बात कही गयी थी परन्तु केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य मे वृद्धि किये जाने पर 2500 से बढ़कर 2600 रुपए प्रतिक्विंटल के दर से पैसा देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने का काम किया था ठीक वैसे ही आज भी केंद्र सरकार द्वारा पुनः समर्थन मूल्य मे वृद्धि की गयी है मानवीयता के नाते और अपने घोषणा पर अमल करते हुए प्रतिक्विंटल 3100रुपए देनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी एक दिवसीय धरना के माध्यम से मांग करती है किसानों को हो रही तकलीफ को खत्म कर 3100रुपए के दर से प्रतिक्विंटल धान का पैसा दें अगर ऐसा नहीं होता तो आगामी दिनों उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल नेताम ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धमकी देते हैं की किसानों के धान खरीदी के संबंध मे जो कोई भी बात करेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही होगी मैं खुली चुनौती देता हुँ कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ थी है और रहेगी किसानों के हित मे लड़ाई लड़ने जेल जाने को तैयार हैं हम।

### युवा कांग्रेस ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के निर्देश पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पितांम्बर नाग के उपस्थिति मे केशकाल युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम के नेतृत्व में धान खरीदी मे किसानों को हो रही परेशानियों व धान के समर्थन मूल्य को लेकर कर रहे वादा खिलाफी के विरोध मे,प्रदेश मे साय सरकार की अगुआई मे फलते फूलते नशे के कारोबार पर रोक लगाने महिलाओ बहनों पर हो रहे अत्याचार पर अंकुश लगाने छत्तीसगढ़ मे युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने स्थानीय भर्ती को प्राथमिकता दिए जाने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर को लेकर बड़ेराजपुर तहसील कार्यालय का घेराव किया गया।

### धरना प्रदर्शन व तहसील घेराव मे ये रहे मौजूद

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मंहगू मरकाम, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हीरा लाल नेताम, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष जेठू मण्डावी, धन्नू मरकाम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पितांम्बर नाग , विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम, जिला पंचायत सदस्य प्रमिला मरकाम, संतोषी नेताम, प्रदेश महासचिव चरण मण्डावी जनपद उपाध्यक्ष श्यामा साहू, जनपद सदस्य रामचरण सोरी, पतिराम मरकाम, महेश मरकाम, घासुराम नेताम सरपंच संघ अध्यक्ष हीरासिंह नेताम, कमलेश ठाकुर, सरपंच गण में जेठू राम मरकाम, संतु मरकाम, सुरेश मरकाम,रामसाय मरकाम, बुधन मरकाम, एनएसयुआई जिलाध्यक्ष पप्पू मंडावी , प्रवीण मरकाम, राकेश कुंजाम, दिनेश नेताम, मिथलेश नेताम, सलेन्द्र कोर्रा , नरेन्द्र जैन, ताम्रध्वज नेवरा, बंशी मण्डावी, राधे बघेल, हीरामन पाण्डे, सहित भारी संख्या मे कांग्रेस और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता और किसान साथी मौजूद रहे।

# हड़ताल पर स्वास्थ्य कर्मी, सेवाएं ठप





■ जिला हॉस्पिटल मामले में छोटे कर्मचारियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा

जिला हॉस्पिटल में नेत्र सर्जरी में इन्फेक्शन और लैब में गलत रिपोर्ट मामले में छोटे कर्मचारियों की बर्खास्तगी और निलंबन के विरोध में जिले के अधिकांश स्वास्थ्य कर्मी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के संयुक्त कर्मचारी प्रतिनिधि संगठन ने दुर्गा मंडप में धरना दिया। इन कर्मचारियों को निर्दोष बताते हुए बहाली की मांग की। संगठन के संयोजक आरके जाटव ने कहा कि करोड़ों की आर्थिक अनियमितताओं पर पर्दा डालने के लिए छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया गया है, जिससे लोगों का ध्यान मूल मुद्दे से भटकाया जा सके। 20 साल से समर्पण भाव से सेवा दे रहे लेब तकनीशियन सचिन मसीह को बर्खास्त कर दिया गया, जबकि कलेक्शन सेंटर में उसने रजिस्टर में देखकर रिपोर्ट भरा था। उसकी ड्यूटी एचआईवी जांच वाली मूल जगह से हटाकर सामान्य सेंटर कलेक्शन सेंटर में क्यों लगाई गई, यह जांच का विषय है। जाटव ने कहा कि कोरोना काल मे अपने और अपने परिवार की जान दांव पर लगाकर ड्यूटी लगाने वाले कर्मठ कर्मचारियों को कोरोना प्रोत्साहन भत्ता तो आज तक नहीं मिला, उल्टे दूसरों की गलती पर उन्हें बर्खास्त किया जा रहा है। हमर लैब निर्माण में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए छोटे कर्मचारियों की बलि चढ़ाई जा रही है। इसी तरह नेत्र सर्जरी में गड़बड़ी के जिम्मेदार अधिकारियों की जगह छोटे कर्मचारी निलंबित और बर्खास्त किए गए। यह कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो संगठन जल्द ही अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगा।

### प्रभावित हुई स्वास्थ्य सेवाएं

इस एक दिनी हड़ताल के चलते जिला हॉस्पिटल समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा प्रभावित हुई। ओपीडी पर्ची तक नहीं बनाई जा रही थी। मेनुअल पर्ची से किसी तरह काम चलाया गया।

# सुशासन के 1 साल पूर्ण होने पर महतारी वंदन के लाभार्थीयों का किया जा रहा है सम्मान

दबंग दुनिया ♦ बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर राज्य शासन के 1 साल पूर्ण होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायतो के आंगनबाडी केन्द्र स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जन मानस को सरकार की जनहित कारी योजनाओ/गतिविधियों में व्यापक प्रचार-प्रसार कार्य किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किये गये प्रयास महतारी वंदन अंतर्गत जिले में 38370 हितग्राहियों माताओ व बहनों को 1 हजार प्रतिमाह के आर्थिक सहायता दिया जा रहा है मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता एवं ग्राम पंचायतो में बनने वाले महतारी संदन के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। आंगनबाडी स्तर पर कुर्सी दौड आयोजन किया जा रहा है जिससे की हितग्राहियों खेल आयोजन को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। महतारी वंदन योजना के लाभाथीयों को आंगनबाडी स्तर पर सम्मान भी किया जा रहा है। इस दौरान लाभार्थी द्वारा महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि से जीवन में आ रहे बदलाव के संबंध में अनुभव साझा भी किया जा रहा है। साथ-साथ महिला संरक्षण कानूनी अधिकार एवं बच्चों के संरक्षण के संबंधित अधिकारों की जानकारी भी दिया जा रहा है।

## माओवादियों की कायराना करतूत, निर्दोष ग्रामीण की गला घोटकर की हत्या

दबंग दुनिया ♦ बीजापुर

ग्राम सोमनल्ली निवासी कुड़ियाम माडो पिता मुरा कुड़ियाम उम्र लगभग 35 वर्ष की दिनांक 10 दिसंबर 2024 को माओवादियों के द्वारा घर से बाहर निकाल कर गला घोट कर हत्या की गई है। घटना 10 दिसंबर 2024 के रात्रि की है। मौके पर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन नेशनल पार्क एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है। जिसमें माओवादियों द्वारा पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करना लेख किया गया है। सूचना पर थाना फरसेगढ़ द्वारा शव कब्जे में लेकर अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रयास विद्यालय के तीसरी मंजिल से कूदने वाली छात्रा की मृत्यु पिता को हत्या का संदेह

■ कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निष्पक्ष जांच करने की पिता ने मांग की

दबंग दुनिया ♦ कांकेर



2 दिन पूर्व प्रयास आवासीय विद्यालय की तीसरी मंज़िल से गिरने वाली छात्रा करिश्मा का रायपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया है। छात्रा के पिता सुरेश ठलाल ने कांकेर के कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन पत्र में इस घटना की सूक्ष्मता पूर्वक जांच करने तथा दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने की प्रार्थना की है। छात्रा के पिता का कथन है कि उनकी पुत्री एक संस्कारी तथा प्रतिभाशाली छात्रा थी और वह आत्महत्या जैसा कदम कभी नहीं उठा सकती थी। निश्चित रूप से इसके पीछे साज़िश है जिसका पता शीघ्र लगाना चाहिए। देर होने पर अपराधियों को बचाव का मौका मिल सकता है। शहर की आम जनता की भी यही प्रतिक्रिया है कि मृतका के परिवार को इन्साफ मिलना चाहिए और सूक्ष्मता पूर्वक जांच कर दोषी को कड़े से कड़ा दंड दिया जाना चाहिए।

## अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षार्थियों को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



दबंग दुनिया ♦ कांकेर

जिला प्रशासन के द्वारा जिले के युवक-युवतियों को विभिन्न प्रतियोगी शारीरिक दक्षता परीक्षा भर्तियों अग्निवीर पुलिस बल फारेस्ट गार्ड, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएससी की भर्तियों के पूर्व प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों को शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में प्रतिदिन प्रातः 06 से 08 बजे एवं शाम 05 से 07 बजे तक निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारीरिक प्रशिक्षण में लगभग 250 युवक-युवतियों प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। कलेक्टर श्री नीलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षार्थियों को रायगढ़ के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुमकमनाएं दीं। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी सहित भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# एएम/एनएस इंडिया की पहल 'बालज्योति' शिविरों में 800 से अधिक बच्चों के आंखों की हुई जांच

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा जिले में आयोजित 8 दिवसीय 'बालज्योति' निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के चौथे दिन, पोंडुम और दंतेवाड़ा में 8 स्कूलों के कुल 353 बच्चों ने शिविर में भाग लिया।

इसके अलावा, आज मेलावाड़ा में आयोजित शिविर में कुल 523 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से 126 बच्चों में दृष्टि सुधार (रेफ्रैक्टिव एरर) आवश्यकता की पहचान की गई। इस दौरान, जीएम श्री राघवेलु ने शिविर का दौरा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया । उन्होंने कहा कि एएमएनएस के द्वारा ऐसे अनेक शिविर आयोजित किए जाएँगे जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर विद्यार्थी इसका लाभ ले सकते हैं।

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कंपनी (एएम/एनएस) द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना और उनका समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। यह पहल उन बच्चों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो अपनी नेत्र समस्याओं के कारण शिक्षा और सामान्य जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

बालज्योति नेत्र जांच शिविर न केवल बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने का प्रयास है, बल्कि यह शिक्षा के महत्व को भी उजागर करता है। स्पष्ट दृष्टि से बच्चों की पढ़ाई में सुधार होगा, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल बच्चों को बेहतर दृष्टि के साथ आत्मविश्वास और संभावनाओं से भरे उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने में सहायक होगी। यह शिविर बच्चों और उनके परिवारों के बीच नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी मजबूत करता है। शिविर के माध्यम से बच्चों की समय पर जांच और आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा दृष्टिहीनता या नेत्र संबंधी समस्याओं के कारण अपने सपनों और क्षमताओं से वंचित न हो। साथ ही यह एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव का प्रतीक है, जो बच्चों को नई उम्मीद और संभावनाओं से भरा जीवन प्रदान करने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा।

### जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दुगूकोंदल विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भण्डारडिगी में गुरूवार 12 दिसम्बर को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

## भाजपा नेता ने जाना नौनिहालों का हाल, बंधाया ढांढस



दबंग दुनिया ♦ बीजापुर

बीते रविवार की रात घटी दुर्घटना से धनोरा स्थित माता रुक्मणि आश्रम के नौनिहालों की तबीयत फूड प्वाइजनिंग के कारण अचानक खराब हो जाने के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार जनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के साथ पहुंचे भाजपा नेता नौनिहालों का हाल जाना। भाजपा नेता श्री श्रीनिवास रेड्डी ने चिकित्सकों से बात कर परिवारजनों को आश्वस्त किया और कहा कि एक बच्ची का निधन दुखद है। अध्ययन रत बच्चों के साथ ऐसी घटना होना बहुत ही चिंताजनक है परिवारजनों के साथ हम पूरी तरह से खड़े हैं। श्री रेड्डी ने बताया कि अब शेष सभी बच्चे खतरे से बाहर है।

## शहरी क्षेत्र में आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु विशेष शिविर

**कांकेर।** जिले के शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन से छूटे हुये हिग्राहियों हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर एवं एमसीएच अलबेलापारा कांकेर में 11 से 14 दिसम्बर तक, सांस्कृतिक भवन भंडारीपारा वार्ड कांकेर एवं आंगनबाड़ी भवन लट्टीपारा वार्ड में 11 से 12 दिसम्बर तक, सामुदायिक भवन संजयनगर वार्ड कांकेर एवं वाचनालय भवन मांझापारा वार्ड कांकेर में 13 से 14 दिसम्बर तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में मनाया गया मानव अधिकार दिवस

दबंग दुनिया ♦ कोंडागांव



10 दिसंबर 2024 आज पूरे विश्व में मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। यह दिन मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूडीएचआर) को अपनाए जाने की स्मृति में हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम हमारे अधिकार हमारा भविष्य बिल्कुल अभी है, जिसका उद्देश्य मानव अधिकारों के महत्व और उनकी रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है।

मानव अधिकार दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ चेतन राम पटेल के मार्गदर्शन में मनाया गया उन्होंने मानव अधिकारों की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹मानव अधिकार केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। हमें इसके लिए सतत प्रयास करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने हमारे अधिकार हमारे भविष्य बिल्कुल अभी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिया है और हमें अपने अधिकारों के लिए सदैव सजग रहना चाहिए और उसके लिए हमें निरंतर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए इस अवसर पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थियों शिक्षाविद,अतिथि प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने मानव अधिकारों के उल्लंघन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के संरक्षण, और कानून को प्रभावी बनाने पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें मानव अधिकारों का संदेश नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से दिया गया मानव अधिकारों की चुनौतियां और समाधानमानव अधिकार दिवस के अवसर पर वक्ताओं ने वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की, जैसेः बाल श्रम और मानव तस्करी।

लिंग भेदभाव और घरेलू हिंसा।

जाति, धर्म और क्षेत्रीय आधार पर भेदभाव इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक प्रयास, सशक्त कानून और जागरूकता फैलाने की जरूरत पर जोर दिया गया मानव अधिकार दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर इंसान को समानता, स्वतंत्रता और गरिमा का अधिकार है। समाज के हर वर्ग को इन अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर हनी चोपड़ा, गजेंद्र बर्मा आशना राजपूत, वेंकटेश्वरी देवांगन,शरद चंद्रवंशी, पूर्णिमा कंवर,जयश्री सही ,भावना मनहर आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-जशपुर (छत्तीसगढ़)**

पत्र क्रमांक 6884/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड/2024/ जशपुर, दिनांक 10/11/2024

**शुद्धि पत्र क्रमांक-1**


इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा क्रमांक -03 दिनांक 29/11/2024 का टेण्डर सिस्टम नम्बर 162052 में ई.ओ.आई. के पैरा क्रमांक 7.2.2 एवं पैरा क्रमांक 14.4 में संशोधन किया गया है, विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्युरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में अपलोड कर दी गई है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

जी-242504488/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**जशपुर, छतीसगढ़**

## विक्की कौशल के लिए कैटरीना कैफ की प्यारी सालगिरह पोस्ट आपको हैरान कर देगी



कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने अपनी तीसरी शादी की सालगिरह मनाई और इस अवसर पर पूर्व ने अपने पति के लिए एक प्यारी सी पोस्ट शेयर की। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कैटरीना ने विक्की के साथ एक प्यारी सी सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उन्होंने उन्हें 'जान' कहा। तस्वीर में कैटरीना बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उन्होंने अपने लुक को चश्मे से और भी बेहतर बनाया। वहीं, विक्की ब्लैक टी-शर्ट और स्टाइलिश ब्लैक सनग्लासेस में बेहद कूल लग रहे थे। कैटरीना ने अपने पोस्ट पर कैप्शन लिखा, "दिल तू, जान तू", जिससे उनके प्रशंसक हैरान रह गए। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए करीना कपूर खान ने कमेंट सेक्शन में दो लाल दिल वाले इमोजी शेयर किए। विक्की और कैटरीना ने 9 दिसंबर, 2021 को राजस्थान के सिक्स सेंस फोर्ट बरवारा में शादी की। कॉफी विद करण में कैटरीना ने खुलासा किया कि वह विक्की से जोया अख्तर की पार्टी में मिली थीं और यहीं से उनके बीच रोमांस की शुरूआत हुई। विक्की के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताते हुए कैटरीना ने बताया कि विक्की कभी उनके 'रडार' पर नहीं थे। उन्होंने कहा, श्मैं उनके बारे में ज्यादा नहीं जानती थी। वह सिर्फ.एक नाम था जिसके बारे में मैंने सुना था लेकिन कभी उससे जुड़ी नहीं थी। लेकिन फिर, जब मैं उनसे मिली, तो मैं उनसे जुड़ गई!श अपने रिश्ते को 'अप्रत्याशित और अप्रत्याशित' बताते हुए कैटरीना ने कहा, श्यह मेरी किस्मत थी और यह वास्तव में होना ही था। इतने सारे संयोग थे कि एक समय पर यह सब अवास्तविक लगा।

## Sonu Nigam का कार्यक्रम बीच में छोड़कर चल दिए मुख्यमंत्री साहब और कई राजनेता, सिंगर को नहीं आया पसंद, कहा- आया मत करो!



लोकप्रिय गायक सोनू निगम ने 'राइजिंग राजस्थान' नामक शो में भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसा हुआ जो गायक को पसंद नहीं आया। सोनू ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने सभी राजनेताओं से 'विनम्रतापूर्वक' अनुरोध किया कि वे किसी भी कार्यक्रम को बीच में छोड़कर न जाएं। लोकप्रिय गायक सोनू निगम ने 'राइजिंग राजस्थान' नामक शो में भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसा हुआ जो गायक को पसंद नहीं आया। सोनू ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने सभी राजनेताओं से 'विनम्रतापूर्वक' अनुरोध किया कि वे किसी भी कार्यक्रम को बीच में छोड़कर न जाएं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, "भारत के सभी सम्मानित राजनेताओं से विनम्र अनुरोध है कि अगर आपको अचानक बीच में छोड़कर जाना पड़े तो कृपया किसी भी कलाकार के कार्यक्रम में शामिल न हों। यह कला और कलाकारों और मां सरस्वती का अपमान है।" वीडियो में सोनू निगम कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, "संगीत कार्यक्रम में सीएम साहब, खेल मंत्री और युवा मंत्री समेत कई राजनेता मौजूद थे। शो के दौरान मैंने देखा कि सीएम साहब और अन्य लोग बीच में ही उठकर चले गए। उनके बाद अन्य प्रतिनिधि भी चले गए। इसलिए राजनेताओं से मेरा विनम्र अनुरोध है कि अगर आप कलाकारों का सम्मान नहीं करेंगे तो कौन करेगा?" उन्होंने आगे कहा कि अगर आपको उठके जाना हो तो आया मत करो या शो शुरू होने से पहले चले जाओ।

## पुणे में शंकर महादेवन के कार्यक्रम को लेकर शोर की शिकायत



पुणे पुलिस ने सोमवार रात को आयोजित एक निजी जन्मदिन पार्टी के आयोजकों के खिलाफ अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज की है। पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पास आयोजित इस कार्यक्रम में गायक शंकर महादेवन और उनके बेटे शिवम महादेवन ने लाइव प्रदर्शन किया। पुणे पुलिस ने सोमवार रात को आयोजित एक निजी जन्मदिन पार्टी के आयोजकों के खिलाफ अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज की है। पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पास आयोजित इस कार्यक्रम में गायक शंकर महादेवन और उनके बेटे शिवम महादेवन ने लाइव प्रदर्शन किया। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि संगीत इतना तेज था कि इसे कई किलोमीटर दूर से सुना जा सकता था। यह उत्सव मंगलवार सुबह तक जारी रहा, जिससे लोगों की नींद में खलल पड़ा और कई लोगों को परेशानी हुई। आपातकालीन पुलिस नंबर 112 पर कई बार कॉल करने के बावजूद, निवासियों का दावा है कि कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक स्थानीय निवासी ने इंडिया टुडे को बताया, श्कार्यक्रम में बड़ी भीड़ के कारण पुलिस कार्रवाई करने में असमर्थ दिखी।श नागरिकों के एक समूह ने अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए बावधान पुलिस स्टेशन का दौरा किया और सबूत के तौर पर कार्यक्रम के वीडियो प्रस्तुत किए। आयोजकों, कलाकारों और उपस्थित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने के लिए आस-पास के इलाकों से 100 से अधिक निवासी एकत्र हुए।



## परिणीति ने एनिमल छोड़ी या डायरेक्टर ने किया था बाहर?

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल हिट साबित हुई थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म के लिए संदीप रेड्डी वांगा की पहली पसंद रश्मिका नहीं, बल्कि परिणीति चोपड़ा थीं। अब हाल ही में परिणीति ने बताया कि उन्होंने चमकीला फिल्म के लिए एनिमल को मना कर दिया था। जबकि एक इंटरव्यू में संदीप रेड्डी वांगा ने यह कहा था कि उन्होंने परिणीति को फिल्म से बाहर किया था और इसके लिए उनसे माफी भी मांगी थी। परिणीति चोपड़ा और उनके पति राघव चड्ढा हाल ही में आपकी अदालत में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रजत शर्मा से बातचीत में कहा, 'मुझे एनिमल फिल्म में रश्मिका मंदाना का रोल खोने का कोई पछतावा नहीं है। मैं सच कहूं तो मुझे लगता है कि भगवान ने मेरे लिए कुछ अच्छा ही सोचा था। मैं उस फिल्म (एनिमल) को कर रही थी और सब कुछ तय हो चुका था, लेकिन उसी समय मुझे चमकिला फिल्म का ऑफर मिला। दोनों की डेट भी सेम थी।'

## पोर्न कंटेंट केस में एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ से पूछताछ

इसी केस को लेकर एऊने राज कुंद्रा को भी समन भेजा था। जांच एजेंसी ने कुंद्रा को 2 दिसंबर को एऊदफ्तर पहुंचने के लिए कहा था। पोर्न कंटेंट केस से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 9 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ को तलब किया। एक्ट्रेस सोमवार दोपहर बलार्ड एस्टेट में एऊअधिकारियों के सामने पेश हुईं। जांच एजेंसी ने करीब 7 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद रात में एक्ट्रेस को घर जाने दिया।





## एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने शेयर की बर्फबारी की तस्वीर

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल व मशहूर अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल हिमाचल प्रदेश में हुई ताजा बर्फबारी के साथ अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें साझा की है। अभिनेत्री ने 3 साल पहले लगाए पौधे की फोटो पर खुशी जाहिर करते हुए लिखा कि हमें प्रकृति को कुछ वापस करना चाहिए। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हिमाचल प्रदेश में हुई बर्फबारी की फोटो पोस्ट की और प्रकृति के प्रति अपना प्रेम प्रकट करते हुए लिखा कि, श्मैंने यह हिमालयन देवदार का पौधा लगभग 3 साल पहले लगाया था। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के बीच इसे बढ़ता देखकर बहुत खुशी हुई, क्योंकि यहां की सर्दी बढ़ गई और सफेद हो गई। ऐसे पल जीवन को सही मायने देते हैं और प्रकृति को कुछ वापस देने का महत्व भी बताते हैं।



## करीना ने कहा- सबसे बड़े स्टार हैं आमिर

करीना कपूर ने हाल ही में आमिर खान की तारीफ की। एक्ट्रेस ने कहा कि आमिर खान सबसे बड़े स्टार हैं, उनके जैसा पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री में कोई नहीं है। वो अकेले ऐसे एक्टर और फिल्म मेकर हैं जिन्होंने हिंदी सिनेमा को विश्व स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिर्फ आमिर खान ही नहीं, बल्कि डायरेक्टर इम्तियाज अली और अपने पति सैफ अली खान के लेकर भी बात की। करीना कपूर ने सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित चौथे रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान आमिर की तारीफ करते हुए कहा- ह्वमैं आज भी आमिर से बहुत कुछ सीखती हूं, मेरे लिए वो सबसे बड़े फिल्म स्टार हैं, इंडस्ट्री में उनके जैसा दूसरा कोई नहीं है। उन्होंने हिंदी सिनेमा को एक नई पहचान दी है।ह्व करीना कपूर ने आमिर की तारीफ करते हुए आगे कहा- ह्वअब तक जितने भी एक्टर्स के साथ काम किया है उनमें आमिर खान बेस्ट को-एक्टर हैं।

## पीएम मोदी से मिलने पहुंची कपूर फैमिली

14 दिसंबर को राज कपूर की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी है, जिसे कपूर फैमिली बड़े धूमधाम से मनाने जा रही है। इसी अवसर पर आज कपूर फैमिली के मेंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने दिल्ली पहुंचे। मुंबई के कलीना प्राइवेट एयरपोर्ट से सभी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।



विचार मंथन

# बुढ़ापे को बुलावा

यह मौजूदा वक्त की विडंबना है कि आय बढ़ने के साथ लोगों ने घर में बने खाने की बजाय डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने को तरजीह देना शुरू कर दिया है। सूचना माध्यमों के जरिये तुरत-फुरत के खाने के विज्ञापनों का इतने आक्रामक ढंग से प्रचार किया जाता है कि बच्चे क्या, बड़े भी डिब्बाबंद खाने के मुरीद होने लगते हैं। यह जानते हुए कि यह उनकी सेहत पर भारी है। जब घर के बड़े-बुजुर्ग इससे बचाव की सलाह देते हैं तो वे इसे पुरातनपंथी सोच करार दे देते हैं। लेकिन डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है। दरअसल, इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी के एक हालिया शोध ने फिक्र बढ़ाने वाला निष्कर्ष दिया है कि डिब्बाबंद भोजन के जरूरत से ज्यादा सेवन से व्यक्ति का शरीर समय से पहले बूढ़ा हो जाता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इसके सेवन से हमारे शरीर की कोशिकाएं और ऊतक समय से पहले वृद्ध होने लगते हैं। यदि कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करता है तो बुढ़ापा जल्दी आएगा। इस शोध में करीब साढ़े बाइस हजार लोगों को शामिल किया गया। निष्कर्ष में पाया गया कि अधिक मात्रा में जंक फूड व प्रसंस्कृत भोजन का उपभोग करने वाले लोगों की जैविक उम्र अधिक दर्ज की गई। वैज्ञानिकों का दावा है कि हमारे खाने में शामिल प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के मुक्त कण अन्य स्वस्थ अणुओं के विरुद्ध प्रतिक्रिया देते हैं। चिंता की बात यह है कि ये न केवल डीएनए व आरएनए बल्कि प्रोटीन को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे समय से पहले ही शरीर की कोशिकाएं मरने लगती हैं। अंततः शरीर समय से पहले बूढ़ा होने लगता है। वहीं आशंका जतायी जा रही है कि रासायनिक पदार्थों द्वारा संरक्षित डिब्बाबंद खाना हमारे शरीर में सूजन भी पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं कालांतर व्यक्ति मोटापा, हृदय रोग, दूसरी श्रेणी के मधुमेह व गठिया जैसे रोगों का भी शिकार हो सकता है। दरअसल, खाद्य पदार्थों का बाजार चलाने वाली कंपनियों की कोशिश होती है कि खाने को देर तक संरक्षित किया जाए। खाद्यान्न को प्रसंस्कृत करने के लिये सुरक्षित रखने वाले रासायनिक पदार्थों व सोडियम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा अधिक मात्रा में चीनी तथा शरीर के लिये नुकसानदायक रसायन, वसा व कार्बोहाईड्रेट भी खाने को देर तक चलने लायक बनाने के लिये इस्तेमाल किए जाते हैं। जो आखिरकार हमारी सेहत से खिलवाड़ ही करते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ कंपनियां अधिक मात्रा में स्टार्च का भी प्रयोग करती हैं। ये कालांतर शरीर में शूगर बढ़ने से मधुमेह का खतरा पैदा कर सकती हैं। अधिक तेल भी सेहत के लिये घातक होता है। सेहत वैज्ञानिक लंबे अरसे से कहते रहे हैं कि डिब्बाबंद खाना व जंकफूड शरीर में मोटापा बढ़ाता है। दरअसल, इसमें विद्यमान ट्रांस फैट कालांतर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है। इससे बाद में कई तरह के रोग पैदा हो जाते हैं। विशेषकर दिल के रोगों के लिये यह घातक साबित हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में भारतीयों के खाने में डिब्बाबंद भोजन का हिस्सा बढ़ा है। एक भारतीय रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि नई पीढ़ी घरों में खाना बनाने के बजाय डिब्बाबंद खाने को तरजीह दे रही है। जो कालांतर गैर संक्रामक रोगों को ही बढ़ावा देता है।

विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं। निश्चित ही इटली में हुआ शोध हमारी आंख खोलने वाला होना चाहिए। लोगों को डिब्बाबंद भोजन से परहेज करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

# अनुशासन का दर्शन

एक बार इमैनुएल कांट जोरदार बारिश और खराब मौसम की भी परवाह किये बगैर अपनी सैर पूरी कर रहे थे। उनके पड़ोसी उन पर हंसते हुए पूछ बैठे, ह्यऐसी भी क्या बेचैनी आन पड़ी। कांट ने भी हंसकर कहा, ह्यसैर मेरी दिनचर्या का अटूट हिस्सा है। हम जितने अनुशासित होते हैं, उतना ही अधिक तीव्रता से यह महसूस करते हैं कि हम जी रहे हैं, हम जीवन के प्रति उतने ही अधिक सचेत होते हैं। जर्मनी के विख्यात कलाविद और दार्शनिक इमैनुएल कांट की इसी पाबंद सैर का ऐसा असर हुआ कि पूरी कालोनी उनकी चहलकदमी सुनकर समय का अंदाजा लगा लेती थी। जिस इलाके में इमैनुएल एक घंटा सैर करते थे उसे स्थानीय अखबारों ने ह्यद फिलासफर्स वॉक का नाम दे दिया। दर्शनशास्त्र में इमैनुएल आज भी संसार के सबसे पाबंद और अनुशासित दार्शनिक के रूप में याद किये जाते हैं।

-मुग्धा पांडे

# कमजोर होता मजबूती देने वाला 'फौलादी ढांचा'

चार दशक पहले की एक सच्ची कहानी बताता हूं। उस समय मैं हैदराबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक संकाय में कार्यरत था। मेरा एक छात्र अपनी मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद डॉक्टरेट करना चाहता था। जबकि मुख्यमंत्री सचिवालय में गैर-आईएएस सचिव के पद पर तैनात उसके पिता चाहते थे कि बेटा सिविल सेवा परीक्षा दे और आईएएस अधिकारी बने। लेकिन पुत्र अपनी पसंद पर अड़ा हुआ था। इसलिए, पिता ने अपने बॉस और आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चेन्ना रेड्डी, जो कि तेलंगाना के एक दिग्गज और शक्तिशाली राजनेता थे, उनसे अनुरोध किया कि वे बेटे को समझाएं।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा खुद को गृह विभाग सौंपे जाने की मांग करने पर हैरानी नहीं होनी चाहिए। ठीक इसी तरह, इसमें भी कोई आश्चर्य नहीं कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यह महत्वपूर्ण महकमा अपने पास रखना चाहते हैं। देश भर में, योगी आदित्यनाथ से लेकर पिनाराई विजयन और ममता बनर्जी से लेकर चंद्रबाबू नायडू तक, हरेक मुख्यमंत्री ने गृह विभाग अपने पास रखा है।



आज राज्य और जिला स्तर के नेता तक को पता है कि प्रभावी राजनीतिक शक्ति दरअसल उसके हाथ में है जिसके अधीन कानून-व्यवस्था एवं खुफिया जानकारी जुटाने वाले विभाग होते हैं। एक समय था जब सरदार वल्लभभाई पटेल ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री लॉयड जॉर्ज के इस कथन को दोहराया था कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) देश का ह्यस्टील फ्रेम (मजबूती देने वाला फौलादी ढांचा) है। लेकिन आज, देश भर में जिला स्तर पर भी, अधिकांश लोगों को मालूम है कि जिला कलेक्टर या मजिस्ट्रेट से अधिक शक्तिशाली पुलिस अधीक्षक है।

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय में एक अलग कामकाजी माहौल है, जैसा कि पूर्व गृह मंत्री पी. चिदम्बरम ने एक बार मुझे समझाया था, जब उनके सहयोगी और तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रपति बनने का फैसला लिया, तो चिदंबरम ने नॉर्थ ब्लॉक के पूरबी विंग (गृह मंत्रालय) को छोड़कर पुनः पश्चिमी विंग (वित्त मंत्रालय) में जाने की इच्छा जताई। मैंने उनसे पूछा कि वह ऐसा क्यों करना चाहते हैं। आखिरकार, सरदार पटेल के दिनों से ही गृह विभाग को दूसरा सबसे अहम मंत्रालय माना जाता रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने भी गृह मंत्रालय खुद को और वित्त मंत्री का कार्य यशवंत सिन्हा जैसे कनिष्ठ नेता को आवंटित करने को कहा। चिदम्बरम का जवाब तीखा और त्वरित था : किसी संकट की स्थिति के अलावा गृह मंत्रालय में करने-धरने को कुछ विशेष नहीं होता। जबकि वित्त मंत्री का काम चौबीसों घंटे चलता है। मैं अभी भी युवा हूं। मुझे किसी प्रकार के सुस्त महकमे की जरूरत नहीं है।

लेकिन जो चिदम्बरम ने नहीं बताया, वह यह है कि गृह मंत्री की असली शक्ति प्रमुख जांच एजेंसियों पर नियंत्रण में निहित है। हालांकि, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद की सृजना होने के बाद, अधिकांश खुफिया एजेंसियों के प्रमुख सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को और उसके माध्यम से प्रधानमंत्री को रिपोर्ट कर रहे हैं। दूसरी ओर, वित्त मंत्री के अधीन कुछ खुफिया एजेंसियां हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रवर्तन निदेशालय है। आज, इनमें से कई एजेंसियां, जिनमें बाहरी भेदियों से निपटने वाली एजेंसियां भी शामिल हैं, समय-समय पर केंद्रीय गृह मंत्री को रिपोर्ट करती हैं, जिससे यह पद शक्तिशाली हो गया है।

राज्य स्तर पर, गृह मंत्रालय का नियंत्रण केवल कानून-व्यवस्था का प्रबंधन करने और खुफिया जानकारी हासिल करने तक ही सीमित नहीं है। सभी सिविल सेवाओं में पुलिस सबसे शक्तिशाली अंग बन गई है। भले ही केंद्र सरकार से जुड़े महकमों में नियुक्त आईएएस अधिकारियों का सामाजिक रुतबा अधिक माना जाता है, आर्थिक मंत्रालयों की अध्यक्षता करने वालों के अलावा दो शीर्ष पद- कैबिनेट सचिव और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव की कुर्सी पर अभी भी उनका वर्चस्व है (हालांकि, पीएन हक्सर और ब्रजेश मिश्रा नियम के अपवाद थे) -लेकिन राज्यों की राजधानियों में उनका रोब-दाब प्रमुख पुलिस से नीचे है।

अपने तौर पर, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) ने न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का कार्यालय पाया है बल्कि कई जांच एजेंसियों पर अपना नियंत्रण भी बढ़ाया है। साथ ही नौकरशाही प्रणाली के भीतर काफी शक्ति प्राप्त कर ली है। नौकरशाह ढांचे में, राज्य और केंद्रीय स्तर पर, आईएएस अधिकारियों की तुलना में आईपीएस अधिकारी कहीं अधिक शक्तिशाली बन गए हैं। आईएएस की तुलना में आईपीएस अधिकारी अधिक संख्या में राज्यपाल बने हैं। नई दिल्ली के सत्ता तंत्र में, यह सुनिश्चित करते हुए कि अन्य मंत्रालयों के तहत आती जांच एजेंसियों के प्रमुख भी केंद्रीय गृह मंत्री को रिपोर्ट करेंगे, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपने हाथ में काफी शक्ति समेट ली है। राज्य और केंद्र, दोनों स्तरों पर, सिविल सेवाओं के अन्य सदस्यों की सापेक्षता में पुलिस ने काफी शक्ति पा ली है। यह उपलब्धि उन्होंने राजनीतिक आकाओं के मनमाफिक औजार बनकर हासिल की है।

चार दशक पहले की एक सच्ची कहानी बताता हूं। उस समय मैं हैदराबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक संकाय में कार्यरत था। मेरा एक छात्र अपनी मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद डॉक्टरेट करना चाहता था। जबकि मुख्यमंत्री सचिवालय में गैर-आईएएस सचिव के पद पर तैनात उसके पिता चाहते थे कि बेटा सिविल सेवा परीक्षा दे और आईएएस अधिकारी बने। लेकिन पुत्र अपनी पसंद पर अड़ा हुआ था। इसलिए, पिता ने अपने बॉस और आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चेन्ना रेड्डी, जो कि तेलंगाना के एक दिग्गज और शक्तिशाली राजनेता थे, उनसे अनुरोध किया कि वे बेटे को समझाएं। रेड्डी ने लड़के को बुलाया और उसके मन की सुनी। उन्होंने पिता से कहा कि वे उन्हें अकेला छोड़ दें। युवक को अपने कमरे में बैठाकर, उन्होंने अपने प्रमुख सचिव, एक आईएएस अधिकारी, को बुलाया। अधिकारी अंदर आया, बैठा, मुख्यमंत्री की कही बातें नोट की और बाहर चला गया। फिर रेड्डी ने अपने सुरक्षा प्रमुख, एक आईपीएस अधिकारी, को बुला भेजा। वर्दीधारी वह अधिकारी अंदर आया, उसने मुख्यमंत्री को चुस्त सलामी दी और खड़ा रहा। रेड्डी ने उसे किसी चूक के बारे में डांटा। अधिकारी, जो अभी भी खड़ा था, उसने माफी मांगी, फिर से सलामी दी और जाने की अनुमति मांगी। -संजय बारू

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं।
व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं - dabangdunianewspaper@gmail.com

## व्यापार

# अमेजन ने संभव के पांचवें वार्षिक सम्मलेन के मौके पर विकसित भारत के प्रति जाहिर की अपनी प्रतिबद्धता

अमेजन ने सालाना आयोजित होने वाले अपने संभव समिट के पांचवें संस्करण में विकसित भारत के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का विस्तार करने वाली कई पहलों की घोषणा की है। संभव समिट, अमेजन के भारत के छोटे व्यवसायों का जश्न मनाने, उनका समर्थन करने और उन्हें सशक्त बनाने से जुड़े प्रयास का अंग है, जिसका उद्देश्य है, भारत और दुनिया भर में उन व्यवसायों के विकास में तेजी लाना। अमेजन ने इस प्रयास के तहत, भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की सरकार की प्रमुख प्राथमिकता को गति देने के लिए डीपीआईआईटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया हैं। अमेजन ने अपने संभव वेंचर फंड से 120 मिलियन डॉलर ऐसे स्टार्टअप में निवेश करने के लिए निर्धारित किए हैं जो भारत में उपभोक्ता वस्तुओं के विनिर्माण को डिजिटल बनाएंगे और घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करेंगे, जिससे हजारों की तादाद में रोजगार पैदा होंगे। अमेजन अपनी निर्यात प्रतिबद्धता को चार गुना बढ़ा रही है और 2030 तक भारत से कुल 80 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात संभव बनाने की योजना बना रही है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय एमएसएमई, विनिर्माताओं और डी2सी स्टार्टअप के लिए अमेजन के ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के जरिये करने के साथ-साथ अमेजन के ग्लोबल मार्केटप्लेस में बेचे जाने वाले मेड-इन-इंडिया उत्पादों की सोर्सिंग के संयोजन से प्रेरित होगी। अमेजन विभिन्न क्षेत्रों से निर्यात करने में मदद करना जारी रखेगी, जिसमें घर एवं रसोई से जुड़े उत्पाद, परिधान एवं वस्त्र, खिलौने, स्वास्थ्य एवं न्यूट्रिशन सप्लीमेंट, आयुर्वेदिक उत्पाद आदि शामिल हैं।




अमेजन इसके अलावा, अब पूरे भारत के व्यवसायों को अपनी विश्व स्तरीय, विश्वसनीय और किफायती लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदान करेगी। कंपनी ने विभिन्न क्षमता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 5 फीट से 40 फीट तक के पूर्ण ट्रक लोड विकल्पों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर इंट्रा-सिटी (शहर के भीतर) और इंटर-सिटी (विभिन्न शहरों में) परिवहन सेवाओं के लिए अमेजन फ्रेट और 14,000 से अधिक पिन कोड में सेवा प्रदान करने वाली लास्ट माइल (अंतिम-मील) डिलीवरी सेवाओं के लिए अमेजन शिपिंग लॉन्च की है और इसके तहत डिलीवरी (डिलीवरी डेट) और पिकअप के लिहाज से बेहतर अनुभव प्रदान करने की व्यवस्था है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन जयराम गडकरी ने कहा, सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी हितधारकों के सक्रिय योगदान की आवश्यकता है। विनिर्माण, एआई और निर्यात की दिशा में अमेजन की पहल बहुत सराहनीय है। हम अमेजन की देश भर में अपनी लॉजिस्टिक्स से जुड़ी विशेषज्ञता का लाभ उठाने की कोशिश को महत्वपूर्ण मानते हैं, जो शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के व्यवसायों को सशक्त बनाता है। निजी क्षेत्र के ऐसे सहयोगात्मक प्रयास नवोन्मेष बढ़ाने, निर्यात को बढ़ावा देने और लॉजिस्टिक्स से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में सहायक हैं, जिससे भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

# लगातार बढ़ रहे सोने के दाम, 2500 रुपए महंगा हुआ गोल्ड

दक्षिण कोरिया और सीरिया में जारी राजनीतिक अस्थिरता के चलते सोने की कीमतों में बड़ा उछाल देखा जा रहा है। 5 दिसंबर के बाद से सोना 2500 रुपए प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो चुका है और विदेशी बाजारों में इसके दाम दो हफ्तों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मौजूदा हालात यूं ही बने रहे, तो सोना जल्द ही नए रिकॉर्ड बना सकता है। हालांकि, इस तेजी के बीच डॉलर इंडेक्स की मजबूती सोने की रैली में सबसे बड़ी बाधा साबित हो रही है। आइए जानते हैं मौजूदा समय में सोने की कीमतों में कितनी तेजी है और यह आगे कहां तक जा सकता है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर गोल्ड के दाम में तेजी देखने को मिल रही है। आंकड़ों के अनुसार गोल्ड के दाम 78,371 रुपए पर कारोबार कर रहे हैं जबकि कारोबारी सत्र के दौरान सोने के दाम 640 रुपए प्रति दस ग्राम की तेजी देखने को मिली थी और दाम 78,978 रुपए के साथ दिन के हाई पर पहुंच गए थे। वैसे बुधवार को गोल्ड के दाम 78,400 रुपए के साथ ओपन हुए थे। एक दिन पहले कीमत 78,338 रुपए देखने को मिली थी।

ये लगातार चौथा दिन है जब गोल्ड के दाम में इजाफा देखने को मिल रहा है। करीब 4 दिन पहले यानी 5 दिसंबर को गोल्ड के दाम 76,476 रुपए पर बंद हुआ था। तब अब तक गोल्ड की कीमत में 2,502 रुपए का इजाफा देखने को मिल चुका है। कारोबारी सत्र के दौरान सोने की कीमतें 78,978 रुपए तक पहुंच गई थी। खास बात तो ये है कि ये दाम गोल्ड के लाइफ टाइम हाई से मात्र 1300 रुपए कम है। 30 अक्टूबर को गोल्ड ने एमसीएक्स पर 80,282 रुपए के साथ लाइफ टाइम हाई का रिकॉर्ड कायम किया था।

# आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ट्रांच के जरिए रू.100 करोड़ तक जुटाएगा

IIFL होम फाइनेंस ने 1,000 रुपए (प्रत्येक) की फेस वैल्यू के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के अपनेपब्लिक इश्यू का ऐलान किया है। जिसका बेस इश्यू साइज 100 करोड़रुपए है, जिसमें 400 करोड़ रुपए तक के ओवरसब्सक्रिप्शन को बनाए रखने का विकल्प है, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपए तक है। वहीं यह 3000 करोड़ रुपए (ट्रेंच कइश्यू) की शेल्फ लिमिट के अंदर है। सेबी NCS रेगुलेशंस के कंप्लायंस में समय से पहले बंद होने के ऑप्शन के साथ ट्रेंचक इश्यू शुक्रवार यानी 6 दिसंबर 2024 को ओपन होगा और गुरुवार 19 दिसंबर 2024 को क्लोज होगा।

NCDs को BSE और NSE (बीएसई के साथ 'एनएसई', 'स्टॉकएक्सचेंज') पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है। एनएसई ट्रेंच क इश्यू के लिएनामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। एनसीडी को क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए/स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आईएनडी एए/स्टेबल रेटिंग दी गई है।

ट्रांच कइश्यू 8.85% प्रति वर्ष से लेकर 9.25% प्रति वर्ष तक के कूपन रेटके साथ सब्सक्रिप्शन के लिए एनसीडी की विभिन्न सीरीज प्रदान करताहै। ट्रांच I इश्यू के तहत एनसीडी को सीरीज I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII और IX में मंथली और एनुअल कूपन पेमेंट ऑप्शन के साथ 24 महीने, 36 महीने, 60 महीने और 84 महीने की मैच्योरिटी/अवधि विकल्पों के साथ पेश किया जा रहा है। निवेशकों की सभी कैटेगरी में एनसीडी होल्डर्स के लिएइफेक्टिव यील्ड (प्रति वर्ष) 8.85% प्रति वर्ष से 9.27% ??प्रति वर्ष तक है।

# ASMITA महिला रग्बी लीग का अगला चरण आज स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में शुरू होगा

**रायपुर।** युवा मामले और खेल मंत्रालय (MYAS) और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के तत्वावधान में, रग्बी इंडिया ASMITA महिला रग्बी लीग के अगले चरण की शुरूआत 12 और 13 दिसंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा, रायपुर में करने के लिए तैयार है। 2 दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 31 लड़कियों और महिलाओं की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें रग्बी एथलीट, कोच और मैच अधिकारियों सहित लगभग 320 प्रतिभागी शामिल होंगे।

"ASMITA महिला रग्बी लीग की बदौलत अब देश की युवा महिला रग्बी खिलाड़ियों के पास खेल से जुड़ने के लिए एक जीवंत, नया मंच है। हम युवा मामले और खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण को उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं, भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा खेलो इंडिया फ्लैगशिप कार्यक्रम के योजना घटक के तहत खेलों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए, ASMITA का उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेलों में महिलाओं की सामूहिक भागीदारी के माध्यम से खेल उत्कृष्टता प्राप्त करना है। ASMITA का अर्थ है कार्रवाई के माध्यम से महिलाओं को प्रेरित करके खेल मील का पत्थर हासिल करना।

सभी आयु वर्गों में लीग को 2 दिनों में पूरा करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें मैच सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक टीम प्रतिदिन कम से कम 2 मैच खेलेगी। भाग लेने वाली कुल 66 टीमों को तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है, यानी सब-जूनियर (U14), जूनियर (U18), और सीनियर महिला।

# यूटीआई फ्लेक्सी कैप फंड- व्यापार स्थिरता पर जोर देने वाला एक फ्लेक्सी-कैप पोर्टफोलियो, जो 1992 से संपत्ति बना रहा है

एक यथार्थवादी वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करना किसी भी निवेशक के लिए सफल निवेश की दिशा में पहला कदम है. एक निवेश विकल्प की तलाश करते समय यह देखना महत्वपूर्ण है की वह क्या है जिससे आपको लगातार फायदा मिलता है. साथ ही, लंबी अवधि में बेहतर परिणाम से जुड़े जोखिम को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है. वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए म्यूचुअल फंड विकल्प अपनाया जा सकता है. परिसंपत्ति वर्ग में उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला से निवेश का चयन करते हुए लंबी अवधि में यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है. यह एक म्युचुअल फंड उत्पाद श्रेणी है जिसे निवेशक लंबी अवधि के धन सृजन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निवेश कर सकते हैं.

फ्लेक्सी-कैप फंड ओपन-एंडेड इक्विटी फंड हैं, जो कुल संपत्ति का कम से कम 65% विभिन्न बाजार पूंजीकरणों जैसे लार्ज-कैप, मिड-कैप या स्मॉल-कैप फंड में कंपनियों की इक्विटी संपत्ति में निवेश करता है. यूटीआई फ्लेक्सी कैप फंड श्रेणी के सबसे पुराने फंडों में से एक है (1992 में लॉन्च किया गया) और लगातार बेहतर प्रदर्शन का इसका दीर्घकालिक ट्रैक रिकॉर्ड है. इसके पास 26200 करोड़ का अभी कार्पस फंड है (30 नवंबर 2024 तक). यूटीआई म्युचुअल फंड की यह पेशकश किसी भी लंबी अवधि के निवेशक के लिए उपयुक्त है जो ऐसे फंड की तलाश में है जो निवेशकों के लिए आर्थिक मूल्य बनाने की क्षमता वाले व्यवसायों में निवेश करने का प्रयास करता है.

यूटीआई फ्लेक्सी कैप फंड का निवेश दर्शन गुणवत्ता, विकास और मूल्यांकन के तीन स्तंभों पर बनाया गया है. पोर्टफोलियो रणनीति उन व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए होगी जो लंबी अवधि के लिए मजबूत विकास दिखाने की क्षमता रखते हैं और अनुभवी प्रबंधन द्वारा चलाए जा रहे हैं।

# ईपीएफओ खाताधारकों के लिए बड़ी खुशखबरी

ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स के लिए बड़ी राहत की खबर है। अगले साल की शुरूआत से पीएफ खाताधारक अपने पीएफ की रकम सीधे एटीएम से निकाल सकेंगे। श्रम सचिव सुमिता डावरा ने बुधवार को यह अहम घोषणा की। श्रम मंत्रालय अपने आईटी सिस्टम को अपग्रेड कर देश के करोड़ों वर्कर्स को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। सचिव ने बताया कि पीएफ क्लेम की प्रक्रिया को आसान और तेज बनाया जा रहा है, ताकि लाभार्थी बिना किसी दिक्कत के अपनी रकम सीधे एटीएम से प्राप्त कर सकें। यह कदम ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है।




**ATM से निकलेगा PF का पैसा**

ईपीएफओ 3.0 में कर्मचारियों को एटीएम के जरिए पीएफ का पैसा निकालने की सुविधा मिलेगी। यह वह पैसा होगा, जिसके लिए कर्मचारियों ने क्लेम फाइल किया गया होगा। कर्मचारियों को आंशिक निकासी के लिए आवेदन करना पड़ता है। कुछ विशेष परिस्थितियों में ही कर्मचारी पीएफ का पैसा निकाल सकते हैं। कर्मचारी EPFO की वेबसाइट (https://www.epfindia.gov.in) या उमंग ऐप के माध्यम से आंशिक निकासी के लिए क्लेम सबमिट कर सकते हैं। कर्मचारी संगठनों द्वारा काफी समय से ईपीएफ में मिलने वाली पेंशन की रकम को बढ़ाने की मांग हो रही थी। अब ईपीएफओ 3.0 में पेंशन की रकम बढ़ाने पर काम होने की उम्मीद है। सरकार की इस पहल से करोड़ों कर्मचारियों को फायदा होगा।

# आडानी माइंस में कार्य करते हुए जेसीबी ऑपरेटर की हुई मौत, परिजनों ने माइंस में किया शव लेकर आंदोलन



**दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर**

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन आडानी माइंस के नाम से फेमस केते परसा बासेन माइंस में कोयला उत्खनन से लेकर अन्य तरह के कार्य में आय दिन दुर्घटनाएं घट रही है। कई ग्रामीणों की जान चली गई है और जा रही है। जिसके बाद भी पुलिस प्रशासन पीड़ित के साथ ना खड़े होकर माइंस के पक्ष में खड़ी होती दिख रही है। मिली जानकारी के मुताबिक उदयपुर विकास खंड के अडानी कोल माइंस क्षेत्र के ग्राम परसा से बासेन के माइंस के अंदर में 8 दिसंबर के रात्रि खड़ी जेसीबी को को हाइड्रा वाहन चालक ने शराब के नशे धूर्त होकर लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए हाइड को जेसीबी में जमकर ठोकर मार दी है। जेसीबी ऑपरेटर दिनेश साहू पिता गोकुल प्रसाद साहू उम्र 22 वर्ष ग्राम सलका, सहित एक और जेसीबी मिस्त्री जिसका शिनाखत नहीं हो सका है। इन्हें गंभीर चोट लगा, माइंस के कर्मियों ने खून से लतपथ घायल कर्मियों को उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान दिनेश साहू ग्राम सलका प्रेमनगर विकास निवासी की मौत हो गई। एक और कमर्चारी को जो कि गंभीर रूप से घायल था उसे अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में ईलाज जारी है जिसका तबियत काफी गंभीर बताई जा रही है। जिसकी सूचना परिजन को मिलते ही दूसरे दिन 9 दिसंबर दिन सोमवार को अडानी माइंस के अंदर मेन गेट शव ले जाकर काफी हंगामा किया। इस दौरान हमर उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष परिजन बड़ी संख्या में गेट में डटे रहे, करीब 4 घंटे तक हंगामा किया, इस बीच उदयपुर विकास खंड के तहसीलदार मौके पर पहुंच कर माइंस की तरफ से बचाव करने लगे, जिस पर आन्दोलन कारियों द्वारा 50 लाख रुपए मुआवजा की मांग पर अड़े रहे। जिस माइंस द्वारा 50 हजार रुपए माइंस के तरफ से राशि देने, की बात कही गई। ग्रामीण और आक्रोशित होने लगे जिसके पश्चात माइंस द्वारा 5 लाख रुपए नगद राशि परिजनों को दिया है। साथ में एक व्यक्ति को नौकरी देने की समझाइश पर परिजन शव को लेकर सायं 6 बजे गृह ग्राम के लिए रवाना हुए है।

# घरघोड़ा में प्रीस्मो स्टील्स एंड पावर लिमिटेड के प्रस्तावित जनसुनवाई को लेकर ग्रामीणों का विरोध

**» उस्मान बेग के नेतृत्व में प्रदर्शन, सौंपा आवेदन**

**दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा**

घरघोड़ा क्षेत्र में प्रीस्मो स्टील्स एंड पावर लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित जनसुनवाई के खिलाफ प्रभावित ग्रामीणों ने एक ज्ञापन एसडीएम (राजस्व) को सौंपा है। इस ज्ञापन का नेतृत्व स्थानीय नेता उस्मान बेग ने किया, जिन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर प्रशासन से तत्काल कारवाई की अपील की है। आवेदन में यह स्पष्ट किया गया है कि कंपनी के आने से पर्यावरण, सामाजिक स्थिति और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ने का खतरा है।

**ग्रामीणों की गंभीर आपत्तियाँ**

ज्ञापन में किसानों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने प्रमुख तौर पर चार बिंदुओं पर अपनी आपत्तियाँ जताई हैं। सबसे पहली चिंता पर्यावरणीय क्षति को लेकर है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले से चल रहे उद्योगों से निकलने वाला प्रदूषण, जैसे धुआं और कचरा, आसपास के गांवों में गंभीर प्रदूषण फैला रहा है। इससे फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है और पानी तथा मिट्टी की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ रहा है। प्रभावित



क्षेत्रों में तराईमाल, भुईकुररी, गदगांव, सराईपाली, आमाघाट, राबो और अन्य गांव शामिल हैं।

**सामाजिक उपेक्षा और बेरोजगारी**

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले वर्षों में क्षेत्र की कंपनियों द्वारा सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के तहत कोई भी विकास कार्य नहीं किया गया। न तो शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क या अन्य मूलभूत सुविधाओं में कोई सुधार हुआ है। इसके साथ ही, स्थानीय बेरोजगारी की समस्या भी गहरी होती जा रही है, क्योंकि उद्योगों में रोजगार के नाम पर युवाओं को केवल कागजों तक ही आश्वासन मिला है। इस कारण, बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, और इसके विरोध में पूर्व में कई आंदोलन भी हो चुके हैं।

**स्वास्थ्य पर बढ़ता संकट**

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य पर प्रभाव को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की है। प्रदूषण के कारण श्वसन रोग, त्वचा संबंधी बीमारियां और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह न केवल वर्तमान ग्रामीणों के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बड़ा संकट बन सकता है।

**ग्रामीणों की मुख्य मांगें**

ज्ञापन में सबसे बड़ी मांग जनसुनवाई को रद्द करने की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि 23 दिसंबर को प्रस्तावित जनसुनवाई को रद्द किया जाए और कंपनी के संचालन के पर्यावरणीय, सामाजिक और स्वास्थ्य पर प्रभाव का स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से आकलन कराया जाए।

**आंदोलन की चेतावनी**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया, तो वे घरघोड़ा ब्लॉक में बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन के लिए ग्रामीणों का समर्थन प्राप्त है, जिसमें प्रभावित गांवों जैसे तराईमाल, भुईकुररी, गदगांव, सराईपाली, आमाघाट, राबो, अमलीडिह, सामारुमा, छर्राटांगर और अन्य गांवों के लोग शामिल हैं।

**संयुक्त सैकड़ो ग्रामीणों का समर्थन**

ज्ञापन को उस्मान बेग की अध्यक्षता में सैकड़ों ग्रामीणों ने समर्थन दिया है, और यह आवेदन विधायक धर्मजयगढ़, कलेक्टर रायगढ़, पर्यावरण विभाग रायगढ़, और थाना प्रभारी पूँजीपथरा को भी भेजा गया है। प्रशासन से ग्रामीणों की यह अपील है कि वे इस मुद्दे पर शीघ्रता से कार्रवाई करें, ताकि क्षेत्र में हो रहे पर्यावरणीय और सामाजिक संकट से बचा जा सके।

# प्रशासन की उदासीनता से ग्रामीण परेशान: पोस्टमार्टम सुविधा के अभाव में बढ़ी ग्रामीणों की मुश्किलें

**दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर**

बसदेई चौकी क्षेत्र के ग्रामीणों को पोस्टमार्टम के लिए 30 किलोमीटर दूर सूरजपुर जिला अस्पताल का रुख करना पड़ता है। यह स्थिति क्षेत्र के 25-30 गांवों में रहने वाले लोगों के लिए बेहद कठिनाई भरी हो गई है। किसी परिजन की मृत्यु के बाद शव को इतने लंबे सफर पर ले जाना न केवल मानसिक, बल्कि आर्थिक रूप से भी भारी पड़ता है।

**प्रशासन की लापरवाही के कारण ग्रामीणो को झेलनी पड़ रही परेशानियां**

ग्रामीणों का कहना है कि शव को सूरजपुर ले जाने के बाद अक्सर उन्हें एक से दो दिनों तक इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए समय मिलना मुश्किल होता है। ऐसे में मृतक के परिजनों को शव को मुर्दाघर में रखने की मजबूरी होती है। खराब मौसम, दूरी, और परिवहन की असुविधा के कारण यह प्रक्रिया उनके दुख को और बढ़ा देती है।

**सामाजिक कार्यकर्ताओ ने उठाई आवाज**

इस गंभीर समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में क्षेत्रीय निवासियों ने जिला प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया। जिला कलेक्टर की अनुपस्थिति में ग्रामीणों ने संयुक्त कलेक्टर बजरंग वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि बसदेई क्षेत्र में पोस्टमार्टम की सुविधा की सख्त जरूरत है।

# संयुक्त कलेक्टर का बयान और समाधान का भरोसा



**दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर**

संयुक्त कलेक्टर ने ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए इसे जिला मेडिकल बोर्ड को भेजने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

**ग्रामीणों का आक्रोश और प्रशासन से उम्मीद**

ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में युवा और सामाजिक कार्यकर्ता जैसे जय सिंह, बबलू, कमलेश पैकरा, विनोद पैकरा, राजेश विश्वकर्मा, अनिल, विजेंद्र, प्रकाश और रमेश उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में प्रशासन से मांग की कि बसदेई क्षेत्र में पोस्टमार्टम की सुविधा तुरंत उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की यह उदासीनता न केवल उनकी परेशानी को बढ़ा रही है, बल्कि यह सरकारी सेवाओं की कमी को भी उजागर करती है। क्षेत्र में पोस्टमार्टम सुविधा उपलब्ध कराकर न केवल प्रशासन अपने दायित्व का पालन करेगा, बल्कि यह ग्रामीणों की मुश्किलों को भी खत्म करेगा।

**समस्या के समाधान की उम्मीद**

अब ग्रामीणों को प्रशासन से उम्मीद है कि उनकी आवाज को गंभीरता से लिया जाएगा। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों के विरोध-प्रदर्शन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यह समस्या केवल एक स्वास्थ्य सेवा की कमी का मामला नहीं है, बल्कि यह प्रशासन की जिम्मेदारी और आमजन के अधिकारों का मुद्दा भी है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस दिशा में कार्रवाई करनी चाहिए ताकि ग्रामीणों का प्रशासन पर विश्वास बहाल हो सके।

# आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में किया गया गणित कार्यशाला का आयोजन



**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

गणित विषय को रोचक एवं सहज रूप से समझने के लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् रायपुर के निर्देशन में जिला स्तरीय गणित कार्यशाला आयोजन स्वामी आंत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर में किया गया। कार्यशाला में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एन. के. देवागंन ने बताया कि गणित हमारे जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाता है, गणित का अध्ययन करने से तार्किक और विवेकपूर्ण सोच की क्षमता विकसित होता है। गणित विषय पढ़ने वाले छात्रों में अन्य संकाय के छात्रों की तुलना में संख्या कम होती है। इसलिए गणित विषय के प्रति छात्रों में जन जागरूकता लाना, गणित विषय के प्रति रुचि जागृत करना आवश्यक है ताकि अधिक से अधिक बच्चे गणित के क्षेत्र में अपना करियर का चयन कर सकें। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से आये व्याख्याताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गणित विषय दैनिक जीवन से संबंधित व्यवहारिक कुशलता के विकास के साथ-साथ अन्य विषयों के अध्ययन में सहायक होता है। तर्कशक्ति, बुद्धि की प्रखरता एंव कठिन समस्याओं के समाधान की योग्यता का विकास करने के लिए आवश्यक है। विद्यालयीन छात्रो में गणित के प्रति रुझान उत्पन्न करने के लिए जागरूकता लाना जरूरी है। इस दौरान महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए गणित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान का वर्णन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला के विभिन्न विद्यालयों से कुल 100 व्याख्याताओं ने सहभागिता दी। कार्यक्रम में प्राचार्य सी.एस.पी. गुप्ता, सुबीर रवि शैक्षणिक समन्वयक, खमेश्वर कश्यप नूरजहा खान एवं अन्य जन उपस्थित थे।

# पूर्व रंजिश में स्कूटी और वाटर एटीएम जलाने वाले दो गिरफ्तार

**दबंग दुनिया ♦ खरसिया**

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस ने नया बस स्टैंड के पास वार्ड क्रमांक 16 में नगरपालिका द्वारा स्थापित वाटर एटीएम को आग लगाने की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस आगजनी से एटीएम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे नगरपालिका को करीब 9.5 लाख रुपये की क्षति हुई।

घटना को लेकर 10 दिसंबर को खरसिया नगर पालिका के सीएमओ विक्रम भगत ने पुलिस चौकी में आवेदन देकर शिकायत की कि 9 दिसंबर की रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने वाटर एटीएम को आग लगा दी। इस घटना में एटीएम जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 754/24 के तहत धारा 324(2), 324(5) बीएनएस और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।




एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय नाग ने जांच की। मुखबिर की सूचना पर संदिग्धों की पहचान हुई। चंद्रशेखर उर्फ पप्पू गबेल ने बताया कि 9 दिसंबर को वह अपनी स्कूटी पर बाबुल खान को बैठाकर बस स्टैंड गया था, जहां पुरानी बस्ती निवासी प्रेमलाल सिदार और बिट्टू सिदार से उसकी झड़प हुई। पुरानी रंजिश के चलते प्रेमलाल और बिट्टू ने चंद्रशेखर के साथ मारपीट की, जिससे वह डरकर अपनी स्कूटी छोड़कर घर भाग गया। बाद में दोनों आरोपियों ने स्कूटी को जलती लकड़ी से आग लगा दी।

# कृषक उन्नति योजना से किसानों को मेहनत का मिल रहा पूरा सम्मान

**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वपूर्ण कृषक उन्नति योजना से किसानों को मेहनत का पूरा सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदकर खेती-किसानी को बढ़ाया है। कृषक उन्नति योजना के तहत मिलने वाली अंतर की आदान राशि ने कृषकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दिया है। किसान अब पूरे आत्मविश्वास और सरकार के फैसले से स्वयं को पहले से अधिक सक्षम महसूस कर रहे हैं।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम हरगंवा निवासी किसान श्री कृष्णा यादव ने बताया कि कृषक उन्नति योजना से वह उन्नति की ओर अग्रसर हुआ है। यह योजना उनके आर्थिक उन्नति का



द्वार खोल दिया है। उन्होंने बताया कि उनके पास लगभग 10 हेक्टेयर खेत है। पिछले वर्ष 04 लाख 12 हजार रुपए की धान बेचा और मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आदान राशि के रूप 02 लाख 38 हजार से अधिक रुपए प्राप्त हुई। श्री कृष्णा यादव ने बताया कि प्राप्त राशि से ट्रैक्टर खरीदा एवं अपनी कुछ भूमि का सुधार किया। भूमि सुधार करने से फसल के उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई जिसके कारण इस वर्ष और अधिक धान बेचेंगे। श्री कृष्णा यादव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की कृषक उन्नति योजना की प्रशंसा करते हुए कहते है कि यह योजना किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है। कृषक उन्नति योजना से लगातार उत्पादन में वृद्धि होने के कारण कृषकों का आत्मविश्वास बढ़ा है और किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रहा है। कृष्णा यादव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहते है कि किसानों के हित में फैसला लेने वाले हमारे मुख्यमंत्री के रहते हम निश्चिंत होकर खेती किसानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के मार्गदर्शन में राज्य के किसानों के लिए कई हितग्राहीमूलक योजनाएं संचालित हैं जिनमें से कृषक उन्नति योजना महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। कृषि प्रधान राज्य होने के कारण छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय, किसानों के हित के लिए बेहतर सुविधा देने तत्पर है। उन्होंने सरकार गठन के पश्चात कई निर्णय लिए जिनसे किसानो को लाभ मिला है। जिसके परिणामस्वरूप किसानों का खेती करने के प्रति रूझान बढ़ा है।

# समाज को संवेदनशील बनाने में फोरम की भूमिका सराहनीय : भोगल

**» मानव अधिकार दिवस पर सोशल फोरम ने संगोष्ठी का किया आयोजन**

**दबंग दुनिया ♦ बिलासपुर**

मानव अधिकार दिवस पर मंगलवार को सोशल फोरम ऑन ह्यूमन राईट्स छत्तीसगढ़ ने न्याय धानी बिलासपुर में गुरु तेग बहादुर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष एवं अग्रणी समाजसेवी अजीत सिंह भोगल के मुख्य आतिथ्य मे सत्ताईस खोली चौक स्थित वाईट हाऊस में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की संध्या एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों ने देश के संविधान में नागरिकों को प्राप्त अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी , उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने हक के लिए लड़ने का कानूनी




अधिकार है , इसके लिए उसे बिना किसी हिचक और डर के लड़ना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीत सिंह भोगल ने कहा मानव अधिकार लोकतंत्र की आधारशिला है , इसकी मजबूती में देश की वास्तविक ताकत छिपी हुई है। उन्होंने कहा कि अधिकारों के लिये समाज को संवेदनशील बनाने में सोशल फोरम ऑन ह्यूमेन राइट्स की भूमिका सचमुच में सराहनीय है। संगठन पूरी तत्परता से इस दिशा में काम कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन सोशल फोरम के छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष गनपत चौहान ने किया। एक घंटे तक चली उक्त संगोष्ठी मे उपस्थित सभी वक्ताओं ने मानव हितों के संरक्षण के लिए उल्लेखनीय विचार ब्यक्त करते हुए न्यायधानी मे पीड़ितों को न्याय दिलवाने का फोरम के माध्यम से कार्य करने का संकल्प लिया गया। फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.एस.चौहान और राष्ट्रीय महासचिव वाहिद सिद्की के नेतृत्व मे देश के विभिन्न प्रदेशों मे चल रहे फोरम की गतिविधियों की गनपत चौहान ने विस्तार से बतलाते हुए बिलासपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों मे 2025 तक संगठनात्मक ढ़ांचा खड़ा किये जाने हर संभव प्रयास किये जाने की बात कही। उक्त अवसर पर विरेन्द्र वर्मा,सुखजीत सिंह भोगल,अमरदेव सिंह भगत,सुभाष जैना,मनोज यादव,राजेश कुमार राजपुत,मनमोहन देवांगन,संजीव गुप्ता,नीरज सिंह,चन्दन यादव उपस्थित रहे !

# महाविद्यालय में मनाया गया एनसीसी स्थापना दिवस



**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

एनसीसी के 76वें में स्थापना दिवस के अवसर पर 28वीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमाण्ड अधिकारी कर्नल हेमंत कुमार झा के मार्गदर्शन, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल प्रवीण कुमार तेवतिया के निर्देशन, प्राचार्य एन. के देवांगन के संरक्षण एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस कैडेट्स के द्वारा परेड, पोस्टर एवं जिला कार्यालय स्थित प्रतिमा की सफाई की गयी। कैडेट मालती ने एनसीसी गतिविधियों के अनुभव को साझा किया। साथ ही अनेक कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर देश भक्ति व समाज सेवा की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री एन के सिंह, सहायक प्राध्यापक योगेश राठौर सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कमर्चारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हमारा शौचालय-हमारा सम्मान के नामांकित हितग्राहियों और पंचायतों को किया गया सम्मानित



दबंग दुनिया ◆ जीपीएम

अभियान के समापन अवसर पर आज कलेक्ट्रेट में जिला स्तर पर नामांकित 5 हितग्राहियों और 3 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने व्यक्तिगत शौचालय के लिए मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत लटकोनी खुर्द (कोदवाही) की हितग्राही रामकुमारी, मगुरदा के पद्मावती, नगवाही के रायसिंह और पेण्ड्रा जनपद के ग्राम पंचायत सोन बचरवार की हितग्राही निराशा बाई एवं गौरेला जनपद के ग्राम पंचायत नेवसा की हितग्राही शीला राठौर को मैडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह सामुदायिक शौचालय के लिए गौरेला जनपद के ग्राम पंचायत सेमरा और मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत गुदुमदेवरी एवं ग्राम पंचायत धरहर के सरपंचों को मैडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दिलेराम डाहिरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधान आरक्षक की पत्नी व पुत्री के हत्या के प्रकरण में थाना सूरजपुर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध पेश किया अभियोग पत्र

दबंग दुनिया ◆ सूरजपुर

13 अक्टूबर को थाना सूरजपुर में पदस्थ प्रधान आरक्षक के महगवां स्थित किराये के मकान में जाकर हमला कर पत्नी व नाबालिग पुत्री की हत्या कर अन्यत्र शव फेंकने के मामले मे थाना सूरजपुर में दर्ज आपराधिक प्रकरण क्रमांक 575/2024 धारा 137(2), 138, 140(1) बीएनएस की विवेचना की जा रही थी। उक्त प्रकरण की विवेचना में आरोपी 1. कुलदीप साहू पिता अशोक साहू उम्र 25 वर्ष साकिन पुराना बाजारपारा सूरजपुर 2. चन्द्रकांत चौधरी उर्फ सी0के0 पिता शिवप्रसाद चौधरी उम्र 28 वर्ष साकिन नेवरा 3. फूल सिंह उर्फ रिन्कू सिंह उम्र 28 वर्ष साकिन पुराना बाजारपारा सूरजपुर 4. आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी पिता संजय विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी पुराना बाजारपारा सूरजपुर के द्वारा सुनियोजित तरीके से प्रधान आरक्षक के द्वारा कर्तव्य निर्वहन में की गई कार्यवाही एवं कुलदीप साहू के भाई संदीप साहू के गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका होने से रंजीशवश एक राय होकर दिनांक 13.10.2024 को प्रधान आरक्षक की पत्नी व पुत्री की हत्या कर शव फेंकना पाया गया जिसके आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त




आरोपियों के साथ कुलदीप साहू का साला निलकेश्वर साहू पिता कन्हैयालाल साहू उम्र 26 वर्ष साकिन खडगंवा चौकी बसदेई थाना सूरजपुर तथा रिश्तेदार सूरज साहू पिता स्व.गजराज साहू उम्र 25 साल निवासी करवां थाना जयनगर द्वारा आपराधिक षड़यंत्र में शामिल होने से प्रकरण में इन दोनों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था। प्रकरण की विवेचना पूर्ण होने पर आज दिनांक को अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया है।

उक्त प्रकरण के अतिरिक्त 13. अक्टूबर को ही थाना सूरजपुर में पदस्थ आरक्षक घनश्याम सोनवानी पर खौलता तेल फेंक कर जानलेवा हमला करने अपराध क्रमांक 573/2024 धारा 296(बी), 551(3), 221, 132, 118, 121(2), 109(2) बीएनएस एवं एसटीएससी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। दिनांक 13.10.2024 को ही पुलिस बल पर वाहन चढ़ाकर कुचलने का प्रयास करने के संबंध में अपराध क्र. 574/24 धारा 221, 132, 109 (1) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है तथा घटना के पश्चात आरोपी कुलदीप साहू के द्वारा भागते समय ग्राम करवां मेन रोड़ में पीछा करने वाले पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के मामले में थाना प्रभारी विश्रामपुर की रिपोर्ट पर थाना जयनगर में अपराध क्र. 218/24 धारा 109(2) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है जिसकी विवेचना की जा रही है।

मामले के मुख्य आरोपी कुलदीप साहू हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जिसके विरूद्ध थाना सूरजपुर में 20 अपराध पूर्व के पंजीबद्ध है जिनमें 1 छेड़छाड़ का मामला, 1 लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करना, 1 अपहरण, 9 मारपीट, 1 नकबजनी, 2 चोरी, 1 डकैती, 1 आर्म्स एक्ट, 1 लूट, 1 बलवा तथा 1 विद्युत अधिनियम के मामले पंजीबद्ध है जिनमें मुख्य आरोपी चालान हो चुका है इसके अलावे कई प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी हुई है। घटना दिनांक 13.10.2024 के पश्चात इसके विरूद्ध 4 गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी कुलदीप साहू का जिला बदर की कार्यवाही भी दिनांक 15. अक्टूबर को छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत किया गया था। इसके अतिरिक्त सह आरोपी चंद्रकांत चौधरी के विरूद्ध पूर्व में 1 मारपीट और 1 प्रकरण शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर गाली-गलौज व मारपीट करने तथा सह आरोपी फुलसिंह उर्फ रिंकू के विरूद्ध 1 छेड़छाड़ का मामला पंजीबद्ध हुआ था जिसमें चालान किया गया था और 1 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी हुई है।

# हमारा शौचालय हमारा सम्मान अंतर्गत ग्राम पंचायत पतोरा को मिला प्रशस्ति पत्र

दबंग दुनिया ◆ उतई

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) दुर्ग के अंतर्गत हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान की शुरुआत 19 नवम्बर से तिथिवार अलग अलग आयोजन किया गया जिनका समापन 10 दिसम्बर को किया गया जनपद एवम जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत पाटन के जामगांव(आर) में रखा गया। स्वच्छता में अग्रणी रहने वाली ग्राम पंचायत पतोरा को पाटन विकासखंड स्तर में बेस्ट सामुदायिक शौचालय




का पुरस्कार मिला एवम दुर्ग जिला स्तर पर भी बेस्ट शौचालय के लिए पुरूस्कृत किया गया। बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय के लिए भी ग्राम पंचायत पतोरा की बेदु बाई ठाकुर को जनपद एवं जिला स्तर पर पुरूस्कृत किया गया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर



दबंग दुनिया ◆ उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंडेरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुआ। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी से सम्मानित पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्साह को बढ़ाया। यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक स्पिरिट को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन माध्यम है।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा आज मैं यहाँ खेल के महत्व पर बात करने के लिए उपस्थित हूँ। खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, और हमें जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता प्राप्त करने में मदद करता है। खेल हमें सिखाता है कि कैसे टीम के साथ मिलकर काम करना है, कैसे हार को स्वीकार करना है, और कैसे जीत का आनंद लेना है। यह हमें सिखाता है कि कैसे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी है, और कैसे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करना है। आज के समय में, जब हमारा समाज इतना व्यस्त हो गया है, खेल हमें अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें अपने दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है, और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।

आइए हम खेल को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएं। आइए हम अपने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में सिखाएं, और उन्हें खेल के माध्यम से अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पार्षद विकी चंद्राकर पार्षद छाया दुर्गेश साहू जिला मंत्री रोहित साहू उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा महामंत्री सोनू राजपूत गोविंद साहू केशव महिपाल कु.सुरभि सुरुचि व आयोजन समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# एसईसीएल भटगांव महाप्रबंधक पर आय अधिक संपत्ति के आरोप, वही बेसकीमती मशीनरी पाट्र्स हेरा फेरी का वीडयो हो रहा है वायरल

दबंग दुनिया ◆ सूरजपुर/भटगांव

दक्षिण पूर्वी कोयला प्रक्षेत्र का भटगांव एरिया भ्रष्टाचार में इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है। रिटायरमेंट से मात्र 20 दिनों पूर्व महाप्रबंधक प्रदीप कुमार पर आय से अधिक संपत्ति कोयले की ग्रेडिंग में हेरा फेरी, एक निजी कंपनी चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को ओव्ही हटाने के काम में करोड़ों का लाभ गलत तरीके से सर्वे कराते हुए पहचाने तथा क्षेत्र की सबसे बड़ी भूमिगत परियोजना शिवानी खदान से बेशकीमती मशीनरी पोट्र्स बेचकर अर्जित करने का सनसनीखेज मामला एक शिकायतकर्ता के माध्यम से उजागर हुआ है।

### क्या है प्रमाणित आरोप

प्रदीप कुमार पर आरोप है कि अपनी पदस्थापना के दौरान इन्होंने पिछले 1 वर्ष में क्षेत्र की सर्वाधिक उत्पादक जगन्नाथपुर ओसीपी में लिंकेज का कोयला, कोलस्टाक में ग्रेडिंग की हेरा फेरी, डीजल की अनियमितता, पंपशिफ्टिंग में सीटीओ न मिलने के कारण नवापारा भूमिगत परियोजना से आए 45 नियमित कामगारों को लगाकर निजी कंपनी को फायदा पहुंचाना, ओव्ही हटाने के काम में लगी निजी कंपनी चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लमिटेड को पुनः सर्वे कराते हुए कोयला कंपनी को करोड़ों की क्षति पहुंचते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित किया गया है। इसका पहला प्रमाण झारखंड के रांची में निर्माणाधीन दो भवन, दूसरा प्रमाण नया रायपुर में करोड़ों की अचल संपत्ति यह बेनामी है या इनके नाम यह बहुत बड़े जांच का विषय है। तीसरा प्रमाण उप क्षेत्रीय अभियंता अविनाश कुमार के द्वारा क्षेत्र की सबसे बड़ी भूमिगत कोयला खदान शिवानी से पंप हाउस के बड़े-बड़े पाट्र्स अपने वाहन में कुछ अन्य कामगारों की मिली भगत से लोड करने का वीडियो भी वायरल हो रहा है सूत्रों के अनुसार इतनी बड़ी कारगुजारी महाप्रबंधक के इशारे पर किया जा रहा है।

### उत्पादन की आड़ मे हो रहा है बड़ा खेला

दबंग दुनिया की टीम ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला की महारत्न कंपनी एसईसीएल के भटगांव क्षेत्र में मात्र दो खदानें कोयला उत्पादन कर रही है शेष लगभग सभी खदानें इस महाप्रबंधक के द्वारा कंडक्ट टू ऑपरेशन सही समय पर नहीं लेने के कारण जानबूझकर खदानें बंद की गई। जगन्नाथपुर ओसीपी जहां से सर्वाधिक कोयले का उत्पादन होता है तथा शिवानी भूमिगत परियोजना पर फोकस करते हुए उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया गया तथा इसी की आड़ में कलेक्शन का पूरा खेला कारित किया गया। जो अभी भी बदस्तूर जारी है। एसईसीएल सतकर्ता विभाग






की कार्यशैली से धृतराष्ट्र भी शरमा जाए। इन सब की जानकारी समाचार पत्रों या मीडिया के माध्यम से होने के बाद भी विभाग का सतकर्ता विभाग मौनमुनि बना हुआ है जो बहुत बड़े जांच का विषय हो सकता है।

### महाप्रबंधक के पूर्व सीएमडी से गहरे ताल्लुकात

भ्रष्टाचार तथा आय से अधिक संपत्ति के आरोप से घिरे महाप्रबंधक प्रदीप कुमार जो इसी महीने सेवानिवृत होने वाले हैं सीएमडी के क्लासमेट हैं और कुछ पारिवारिक संबंध भी पर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक जो जीएम के पद पर प्रमोट हो चुके हैं विप्र चरण सेठी है जो एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर तबादला होने के बाद भी रोक गए हैं जो कहीं ना कहीं प्रदीप कुमार महाप्रबंधक के ढाल के रूप में काम कर रहे हैं। विप्र चरण सेठी के द्वारा स्थानीय वेलफेयर कंपनी के अन्य क्रियाकलापों में करोड़ों का वारा-न्यारा बहुत बड़े जांच का विषय है।

### कारवाई कब होगी

इतने बड़े कारनामेक उजागर के बाद नवजात सीएमडी हरीश दुहन इस विषय को कितनी गंभीरता से लेते हैं और ऐसे भ्रष्ट क्रियाकलाप करने वाले अधिकारियों पर कब करवाई होती है यह तो देखने वाली बात होगी।

# लव ट्राइएंगल के चक्कर में आउट हाऊस में हुई मौत,प्रेमी समेत दो गिरफ्तार,जांच जारी



दबंग दुनिया ◆ जशपुर

5 माह पहले अपने जीजा के घर से गायब हुई नाबालिग बच्ची का शव कुनकुरी थाना इलाके के महुआटोली गांव के खेत में मिली है।एसपी शशिमोहन सिंह ने घटना का कारण त्रिकोणीय प्रेम से उपजे विवाद को बताया है जिसमें नाबालिग द्वारा प्रेमी के आउट हाउस में खुदकुशी करने के बाद लाश को प्रेमी ने दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर अपने ही खेत मे दफना दिया। जिसका खुलासा प्रेमी हेमंत प्रधान ने पुलिस के समक्ष किया है।दरअसल, घटना 6 अगस्त 2024 की है जब दुलदुला थाना क्षेत्र के 5 अगस्त को एक गांव में नाबालिग बच्ची अपने जीजा के घर आई हुई थी जो दूसरे दिन रात को अचानक गायब हो गई।बाद में फोन करने पर बालिका ने अपनी सहेली के यहां होना बताई।जिसके बाद घरवालों की चिंता खत्म हो गई।लेकिन इधर जैसा कि पुलिस ने बताया, लाश को ठिकाने लगाने वाला मुख्य आरोपी हेमंत प्रधान का 16 वर्षीय नाबालिग बालिका से प्रेम सम्बन्ध था।जिसे वह लेकर अपने खेत के पास आउट हाउस में रखा था। इसी दौरान प्रेमी के मोबाइल से किसी और लड़की से बातचीत होना देखकर मृतिका ने विवाद किया और दूसरी प्रेमिका को भी बुला लिया। इसको लेकर मृतिका काफी नाराज हुई और आउट हाउस में फांसी लगा ली। जब प्रेमी कमरे में आया तो शव लटकते देखकर अपने बड़े भाई नितेश प्रधान और चाचा सचनन्दन प्रधान को बताया।फिर तीनों ने मिलकर सौ मीटर दूर अपने खेत मे दफना दिया और उसके ऊपर धान की रोपाई कर दी।घटना के दूसरे दिन आरोपी हैदराबाद चला गया।इधर जब एक माह बीतने के बाद बालिका घर नहीं लौटी तो परिजनों ने सितंबर माह में दुलदुला थाने में बच्ची के अपहरण का एफआईआर दर्ज कराया।एसपी शशिमोहन सिंह ने घटना की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल एक टीम गठित कर मामले की छानबीन करने के निर्देश दिए।विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि अपहृत बालिका का प्रेम प्रसंग कुनकुरी थाना क्षेत्र के महुआटोली गांव के युवक हेमंत प्रधान से चल रहा था।जिसकी पता-तलाश में उसका पता हैदराबाद में होना बताया गया।जिसे जशपुर पुलिस की टीम बड़ी मशक्त के बाद हैदराबाद से लेकर आई आरोपी और सहआरोपियों की निशानदेही पर खेत मे दफन शव का विधिवत उत्खनन कराया गया।शव की शिनाख्ती मृतिका की माँ ने की है। मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट व डॉक्टरों की टीम पहुंची हुई है। इस सनसनीखेज मामले की जाँच जारी है। घटनास्थल पर एसपी शशिमोहन सिंह,डीएसपी चंद्रशेखर परमा,एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी,थाना प्रभारी दुलदुला कृष्णा साहू,कुनकुरी सुनील सिंह ,हेड कांस्टेबल निर्मल बड़ा, मोहन बंजारे,छविकान्त पैंकरा,आरक्षक नन्दलाल यादव,गणेश यादव कारवाई में जुटे हुए हैं।

# धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा किसानों की समस्या निराकरण किये जाने हेतु राज्यपाल के नाम का ज्ञापन पत्थलगांव तहसीलदार को ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा

दबंग दुनिया ◆ ओड़गी

ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान तकरीबन 80 कांग्रेसियों ने धान मंडी के सामने मंगलवार को धरना पदर्शन कर राज्यपाल के सामने मांग रखी 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्रो चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रो पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियो को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे है। बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने



बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानो के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है।द्व सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है।द्व बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ रही है।

# कांग्रेस सरकार में चाकरी करने वालों से लोकार्पण भूमिपूजन कराए तब अपमानित नही हुए : हर्षा लोकमनी

दबंग दुनिया ◆ उतई

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एव सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पिछले पांच वर्षो तक जब कांग्रेस की सरकार थी हमेशा प्रोटोकॉल को तोड़ने का कार्य किया जब भी लोकार्पण भूमिपूजन हुआ हर बार भाजपा के जनप्रतिनिधियों का अपमान हुआ, पिछले पांच वर्षो में लगातार भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने वाले कांग्रेसी अब किस मुंह से बोल रहे है, जैसा बोवोगे वैसा काटोगे, जो कर्म पिछले पांच वर्षो में किये हो उसका परिणाम अब इन पांच वर्षो में देखना होगा। श्रीमती चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल पर आरोप लगाया कि प्रोटोकॉल तोड़ने का काम भुपेश बघेल के संरक्षण में ही होता था। इनके दोगलेपन को कौन नही जानता एक तरफ किसानों की समस्या के लिए लड़ने की बात करते है उनके उपज की वाजिब दाम दिलाने की बात करते है वहीं दूसरी तरफ महंगाई के नाम पर टमाटर की कीमत अधिक होने का विरोध भी करते है क्या टमाटर किसानों ने न उपजाकर किसी फैक्टरी में निर्माण होता है क्या टमाटर की कीमत बढ़ने से किसानों को लाभ नही मिलेगा, भुपेश बघेल एव कांग्रेस के कुनबे



चाहते ही नही की किसान मजबूत हो ये केवल राजनीति करना जानते है। पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने किसानों का बोरा घोटाला, 1 दिसंबर से धान खरीदी, बोनस का चार किश्तों में देना, महादेव सट्टा एप घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, गांव गली में अवैध शराब की नदियां बहाने वाले भूल रहे है कि छत्तीसगढ़ की जनता पिछले पांच वर्षो में कितने त्रस्त, परेशान और हलाकान थे इसका अंदाजा पांच वर्ष में ही सत्ता से बेदखल करने से पता चलता है। श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा की देश मे नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सुशासन की डबल इंजन की सरकार पिछले एक साल से सांय सांय चल रही है छत्तीसगढ़ में हर तरफ खुशहाली है, किसानों को उनके उपज का वाजिब दाम मिल रही है।

# सप्लीमेंट नहीं, शरीर को दें नेचुरल कैल्शियम



आजकल के समय में लोग अपने खान-पान का ठीक से ध्यान नहीं रखते है। जिसके कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यस्त दिनचर्या के कारण लोग अपनी डाइट को नजरअंदाज कर देते है। इसका असर उनकी सेहत पर पड़ता है। खास डाइट में कैल्शियम की कमी एक आम समस्या बनती जा रही है। शरीर की जरूरते नेचुरल कैल्शियम पूरा करता है न कि सप्लीमेंट कैल्शियम। सेहतमंद रहने के लिए कैल्शियम की कमी को पूरा करना बहुत जरूरी होता है।

### कैल्शियम युक्त आहार

कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए आप कई तरह के आहार ले सकते है। इसके आलावा सुबह नाश्ते में दही खाने से आपके शरीर मे कैल्शियम की कमी पूरी हो जाती है। दूध और उससे बनी चीजों मे कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। एक गिलास दूध मे कम से कम 300 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। इसके अलावा केला, नारियल, शरीफा, अमरूद, गोभी और मूली आदि मे भी पर्याप्त मात्रा मे कैल्शियम होता है।

### इसलिए जरूरी है कैल्शियम

आजकल बहुत से लोगो को हड्डियो, मासपेशियो और जोड़ो के दर्द की समस्यां रहती है। ऐसा कैल्शियम की कमी के कारण भी होता है। सप्लीमेंट कैल्शियम का बुरा असर शरीर ही नही बल्कि दिमाग पर भी पड़ता है। शरीर की हड्डिया पूरी तरह विकसित हो जाने के बाद भी स्वस्थ शरीर मे कैल्शियम की कमी पूरी होना बहुत जरूरी होता है। कैल्शियम की कमी होने के कारण आपको ऑस्टियोपोरोसिस की परेशानी हो सकती है। इसलिए रोजाना अपने भोजन मे कैल्शियम युक्त आहारो को जरुर शामिल करे।

### सप्लीमेंट कैल्शियम का नुकसान

कैल्शियम की गोलियां खाने से दांतो और शरीर की हड्डियो को नुकसान पहुंचता है। ये आपके शरीर मे ताकत बढ़ाने की बजाए आपको कमजार करता है। इसके अलावा इसे खाने से आपको किडनी स्टोन, प्रोस्टेट कैंसर और दिल से जुड़ी समस्याए हो सकती है। इसके अलावा इसे लगातार खाने से हड्डियो के टूटने का डर रहता है। पाउडर या टेबलेट के रूप मे दी जाने वाली ये गोलिया शरीर मे थायराइड की परेशानिया भी हो सकती है। इस तरह की किसी भी गोली का सेवन करने से पहले डॉक्टर से जरूर सलाह लें।

### ऐसे करें सेवन

कैल्शियम युक्त भोजन करने से आपके शरीर का मेटाबॉल्जिम बढ़ता है जिससे आप कई तरह की बीमारियो से दूर रहते है। रोजाना संतुलित और पौष्टिक भोजन से शरीर को पर्याप्त मात्रा मे कैल्शियम मिल जाता है। इसकी पूर्ति के लिए आप रोजाना सुबह दही और दूध का सेवन कर सकते है। इसके अलावा आप दोपहर के भोजन में सब्जियो का सेवन करें। आप चाहे तो रात के समय भी दूध पी सकते है।

### सही मात्रा में लेना

ज्यादा मात्रा में कैल्शियम वाली चीजें खाने से सेहत को नुकसान भी हो सकता है। इसे हमेशा उम्र के हिसाब से ही लेना चाहिए। सिर्फ बच्चों और बड़ो को ही कैल्शियम की जरुरत होती है। 1 से 8 साल के बच्चों को 800 से 1300 मि.ग्रा कैल्शियम की जरुरत होती है। इसके अलावा रोजाना 19 से 50 साल तक के लोगों को 1000 मि.ग्रा और 51 साल के बाद 1200 मि.ग्रा कैल्शियम का सेवन करना चाहिए।

# सेहत के साथ-साथ चेहरे के लिए भी फायदेमंद हैं ये ब्लैक फूड

चेहरे को सुंदर बनाने के लिए आप कई तरह की चीजें खाते है, लेकिन आपको इस बात का डर रहता है कि कहीं उससे आपकी सेहत को कोई नुकसान न हो जाए। ऐसे में अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं। आज हम आपके लिए ब्लैक फूड लाए है, जिसे खाने से आपके चेहरे के साथ-साथ सेहत की समस्यां भी दूर जाएंगी। ये चीजें चेहरे के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है।



### काले चने

इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। रात को चने को भिगोकर रख दें। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से आपकी आपकी पाचन क्रिया सही रहती है। इसके अलावा इसे खाने से आपकी चेहरे की रंगत को भी बढ़ती है।

### काला नमक



सोडियम क्लोराइड, आयरन, कैल्शियम और पोटैशियम से भरपूर काले नमक से ब्लड प्रेशर और पाचन तंत्र ठीक रहता है। ये शरीर में खून की कमी को पूरा करके हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके अलावा इसमें मौजूद क्रोमियम, सल्फर त्वचा को साफ करके एक्ने की समस्यां को दूर करते हैं। इसके अलावा काले मनक के पानी पीने से आपकी एग्जिमा और रैश की समस्या दूर हो जाती है।

### ब्लैक बीन्स



ब्लैक बीन्स सेहत को स्वस्थ रखने के लिए फॉस्फोरस, आयरन, कॉपर, मैग्नीशियम और पोटेशियम का अच्छा स्रोत है। इसमें फैट की मात्रा अधिक होने के कारण ये शरीर में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 की पूर्ति करता है। इसके अलावा इससे ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करके डायबीटिज की समस्या को दूर करता है। रोजाना इसे खाने से चेहरे का सांवलापन दूर होता है।

### काले अंगूर

काले अंगूर सेहत और स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से त्वचा में भी चमक आने के साथ ही दाग धब्बों और झुर्रियों की समस्यां से छुटकारा भी मिल जाता है। इसके अलावा इसमें विटामिन सी और एंटी-आक्सीडेंट जैसे गुण रक्त सेल्स को भी बढ़ाते हैं।

### काली मिर्च

इसमें मौजूद पेपरिन और प्रोटीन आपकी वजन घटाने में मदद करते हैं। इसमें पाया जाने वाला पेपरिन पिगमेंटेशन को बढ़ाकर रक्त संचार को ठीक रखता है। इसके अलावा इसे खाने से स्किन को प्रयाप्त मात्रा में ऑक्सीजन भी मिल जाती है। रोजाना इसे खाने से ये त्वचा पर होने वाले दाग धब्बे और झुर्रियों से आपका बचाव करता है।



# बेहद फायदेमंद है मूली का जूस

मूली खाने से आपकी सेहत को अनगिनत स्वास्थ्य लाभ होते हैं। कच्चा खाने की बजाए इसका रस पीने से इसके पोषक तत्वों को आसानी से अवशोषित किया जा सकता है। मूली के रस में मैग्नीज, जिंक, कॉपर, फोलेट, कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। चलिए हम आपको मूली का जूस पीने के फायदे बताते हैं।

### बेहतर क्लींजर

मूली का रस बेहतर क्लींजर है। यह मूत्राशय, गुर्दे, प्रोस्टेट और पाचन तंत्र को शुद्ध कर सकता है। इससे हानिकारक विषाक्त पदार्थों और रोगाणुओं को बाहर निकालने में मदद मिल सकती है। मूली का रस पित्ताशय की थैली और लीवर को साफ करने में भी एक अच्छा काम कर सकता है।

### इसमें एंजाइम होते हैं

मूली के रस में मैरोसिनेस, एस्ट्रिसिस, एमाइलेज और डायस्टेज जैसे कुछ एंजाइम होते हैं जो फफिलोमाइल्जी जैसे फंगल रोगों का इलाज कर सकते हैं।

### कब्ज से राहत

यह पाचन को बढ़ा देता है और पित्त के प्रवाह को नियंत्रित करता है। यदि आप कब्ज से जूझ रहे हैं तो मूली का रस आपको कुछ राहत दे सकता है। कब्ज के लिए मूली का रस आजमाएं।

### एंटी इंफ्लेमेटरी गुण

मूली के रस में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण भी मूत्र पथ सूजन और कुछ गुर्दा संबंधी संक्रमण को कम करते हैं। वास्तव में, मूली के रस का नियमित सेवन भी गुर्दे की पथरी के गठन को रोकता है।

### कैंसर ग्रोथ को रोके

मूली के रस में मौजूद एन्थॉकायनिन और विटामिन सी से कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद मिलती है। शोधकर्ताओ के अनुसार मूली का रस कैटलन कैंसर, आंतों के कैंसर, पेट कैंसर और किडनी कैंसर के विकास में बाधा डाल सकता है।

# रात को सोने से पहले जरूर पीएं पानी

शरीर के लिए पानी बहुत जरूरी होता है। व्यक्ति का शरीर 70 प्रतिशत पानी से ही बना होता है। इससे शरीर कई तरह की बीमारियों से दूर रहता है। पूरे दिन में चाहे जितना पानी पीएं, लेकिन रात को सोने से पहले एक गिलास पानी पीना बहुत फायदेमंद होता है। इससे शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं और वजन भी कम होता है। इसके अलावा सोने से पहले पानी पीना शरीर को कई तरह की परेशानियों से दूर रखता है। आइए जानिए इसके फायदों के बारे में-



### अच्छी नींद

रात को सोने से पहले पानी पीने से नींद अच्छी आती है। इससे शरीर में मिनरल्स और विटामिन्स की मात्रा संतुलित रहती है। सोने से पहले पानी पीने से मांसपेशियों को आराम मिलता है और सारे दिन की थकान उतारकर अच्छी नींद लाने में मदद करता है।

### विषैले पदार्थ बाहर

रात को सोने से पहले पानी पीने से सुबह यूरिन के रास्ते शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और पेट भी साफ रहता है। इसके अलावा जिन लोगों को एसिडिटी की समस्या होती है उन्हें भी रात को सोने से पहले जरूर पानी पीना चाहिए।

### पाचन शक्ति

गलत खान-पान की वजह से लोगों की पाचन शक्ति खराब हो जाती है और उन्हें कुछ भी खाने पर उनका पेट खराब हो जाता है। ऐसे में सोने से पहले पानी पीने से पाचन क्रिया मजबूत होती है।

### दिल की परेशानी

सोने से पहले पानी पीने से शरीर में रक्त संचार बढ़ता है जिससे दिल की धमनियों तक खून सही तरीके से पहुंचता है। ऐसे में जिन लोगों को दिल की परेशानी हो उनके लिए सोने से पहले पानी पीना बहुत फायदेमंद होता है।

# डेंगू के लक्षणों को कम करने के असरदार तरीके



डेंगू बुखार मच्छरो द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारी है। एडीज मच्छर (प्रजाति) के काटने से डेंगू वायरस फैलता है। बुखार के दौरान प्लेटलेट्स कम होना इसका मुख्य लक्षण है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति मे नहीं फैलता। बुखार के साथ सबसे सामान्य लक्षण है सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और त्वचा का खराब हो जाना। कभी-कभी, यह लक्षण फ्लू के साथ मिलकर कंफ्यूज भी कर देते है। पिछले कुछ सालो मे डेंगू के मामले बढ़ते जा रहे है। अगर आप इस खतरनाक से पीड़ित हैं, तो आपको अपना डॉक्टरो द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशो का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### हाइड्रेटेड रहें

डेंगू के मामले मे आपको हाइड्रेटेड रहना बहुत जरूरी है। इसलिए नारियल का पानी, ताजे फलो के रस जैसे तरल पदार्थ के कुछ विकल्प हो सकते है। वास्तव मे तरल पदार्थ लेने से वायरस पेशाब के जरिए बाहर निकल सकते है।

### भूखे ना रहें

बुखार से ऊर्जा का स्तर गिर सकता है। भूख कम लगती है, इसलिए ऊर्जा लेवल बनाए रखने के लिए आपको डायट का ध्यान रखना चाहिए। आप सूप, सेब, केले, उबला हुआ सब्जियां खा सकते है।

### मसालेदार न खाएं

तेल और मसालेदार चीजे खाने से लीवर पर असर पड़ता है। जाहिर है लीवर का पाचन मे अहम रोल है। डेंगू बुखार लीवर पर अटैक करता है। इसलिए ऐसे चीजे खाने से बचे जिन्हे पचाने मे परेशानी होती है।

### ब्रश करने से बचें

ब्लड प्लेट्स ब्लड क्लोटिंग के लिए जिम्मेदार है। ब्रश करते समय गम मे खून आ सकता है, जो कि डेंगू का एक सामान्य लक्षण है। गम से ब्लड निकलने से दांत कमजोर हो सकते हैं।

### प्राकृतिक दवाएं लें

वायरस को रोकने के लिए आप नीम के पत्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नीम के पत्तो को भिगोकर रखें और उबाल लें। इससे प्लेटलेट्स बढ़ते हैं। इसके अलावा आप पीता पत्ते, धनिया पत्ते, मैथी के पत्ते, तुलसी के पत्ते आदि को भी उपाए के रूप मे शामिल कर सकते हैं।

# खाली पेट चाय पीने की आदत कई परेशानियों का कारण



चाय पीना बहुत-से लोगों को पसंद होता है और कई लोग तो अपने दिन की शुरुआत ही चाय की चुस्की से करते हैं। कई लोगों के लिए यह एक नशे की तरह होती है और अगर सारा दिन उन्हें चाय न मिले तो उनका सिरदर्द होने लगता है, लेकिन सुबह खाली पेट चाय पीने से शरीर को कई नुकसान होते हैं। इसमें पाया जाने वाला कैफिन शरीर को एनर्जी तो देता है, लेकिन खाली पेट चाय पीना कई बीमारियों को न्योता देता है। आइए जानिए कैसे सुबह की चाय शरीर के लिए नुकसानदेह है।

### प्रोस्टेट कैंसर

सुबह खाली पेट चाय पीने से प्रोस्टेट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है जो पुरुषों में पाई जाती है।

### चिड़चिड़ापन

लोगों का मानना यह है कि सुबह के समय चाय पीने से शरीर में चुस्ती आ जाती है, लेकिन यह बात गलत है। खाली पेट चाय का सेवन करने से सारा दिन थकान और स्वभाव में चिड़चिड़ापन बना रहता है।

### एसिडिटी

दिन में एक-दो बार चाय पीना तो सही है, लेकिन खाली पेट चाय पीने से पेट में गैस की समस्या हो जाती है। ऐसे में जिन लोगों को एसिडिटी की समस्या है उन्हें सुबह की चाय पीने से परहेज करना चाहिए।

### जी मचलाना

चाय में काफी मात्रा में टैनिन पाया जाता है। खाली पेट चाय का सेवन करने से कई बार उल्टी या जी मचलाने जैसी समस्या हो सकती है।

### मोटापा

खाली पेट चाय पीने से इसमें घुली चीनी भी शरीर के अंदर जाती है जो वजन बढ़ाने का मुख्य कारण है।

Sports News

## दिव्यांग क्रिकेट प्रीमियर लीग : अक्षांश चौधरी ने की शानदार गेंदबाजी

लखनऊ। सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी लखनऊ के मैदान पर आयोजित कृष्णा साईं हंड्रेड बॉल दिव्यांग क्रिकेट प्रीमियर लीग का पहला मैच लखनऊ हीरोज एवं मेरठ फाइटर के बीच खेला गया, जिसमें लखनऊ हैरिस ने मेरठ फाइटर को 10 विकेट से एक तरफा हराकर शानदार जीत हासिल की। इस मैच में अक्षांश चौधरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरठ फाइटर की पूरी टीम 61 रन पर आउट हो गई। इसमें कैलाश प्रसाद ने 12 और कपिल कुमार ने 11 रन का योगदान दिया। लखनऊ हीरोज की ओर से अक्षांश चौधरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। इसके अलावा महताब अली भी चार विकेट लेने में सफल रहे। एक विकेट तनवीर को मिला, जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम के बल्लेबाजों ने अपने खतरनाक इरादे पहली गेंद से ही बता दिए और मैच को पांच ओवर में ही जीत लिया। इसमें पिंटू यादव के चार छक्के और पांच चौकों की मदद से नॉट आउट 48 रन का शानदार योगदान रहा। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी के सीओओ फैसल अल्वी द्वारा अक्षांश चौधरी को दिया गया। सोमवार को पहला मैच मेरठ फाइटर और गोरखपुर टाइगर्स के बीच होगा। दूसरा मैच लखनऊ हीरोज एवं गोरखपुर टाइगर्स के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आफइंडिया के जनरल सेक्रेटरी हारून रशीद मुख चयनकर्ता आशीष कुमार श्रीवास्तव मलखान यादव की आदि उपस्थित थे।

## मुरादाबाद के शुभम 58 किग्रा वजन में व नईम अहमद 87 किग्रा वर्ग में अव्वल

एजेंसी, मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस लाइन में बरेली जोन की 49वीं अन्तरजनपदीय पुलिस जूडो कलस्टर (महिला/पुरुष) जूडो, वुशू, ताइक्वांडों, कराटे एवं पेंचक सिलॉट प्रतियोगिता-2024 दूसरे दिन रविवार को भी जारी रही। आज खेले गये मुकाबलों में ताईक्वान्डों पुरूष वर्ग मैच में 58 किग्रा वजन में मुरादाबाद के शुभम प्रथम स्थान पर रहे व अमरोहा के तारिक अय्यूब द्वितीय स्थान पर और 87 किग्रा वर्ग मे मुरादाबाद नईम अहमद प्रथम व पीलीभीत के प्रवेश भाटी द्वितीय स्थान पर रहे।

इसके अलावा महिला वर्ग में 67 किग्रा वजन मे रंजना सिंह बरेली प्रथम व बबीता मुरादाबाद द्वितीय स्थान पर रही। 73 किग्रा वजन मे अर्चना कुमारी बरेली प्रथम व सोनी रामपुर द्वितीय स्थान पर रही। जूडो पुरूष 66 किग्रा वर्ग मे सुमित बंसल बदायूँ प्रथम व संजोग मान रामपुर द्वितीय स्थान पर रहे। 100 प्लस किग्रा वर्ग में राहुल आनन्द मुरादाबाद प्रथम व इमरान पीलीभीत द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग 57 किग्रा में राखी मुरादाबाद प्रथम व नेहा रामपुर द्वितीय स्थान पर रही। 70 किग्रा वर्ग मे सोनी रामपुर प्रथम व अलका मुरादाबाद द्वितीय स्थान पर रही। वुशु पुरूष 70 किग्रा वर्ग मे रणधीर मुरादाबाद प्रथम व राजकुमार रामपुर द्वितीय स्थान पर रहे। 80 किग्रा वर्ग मे कोमेश कसाना बदायूँ प्रथम व नन्द कुमार मिश्रा बरेली द्वितीय स्थान पर रहे।

महिला वर्ग 48 किग्रा वर्ग में अनु अमरोहा प्रथम व हिना बिष्ठ रामपुर द्वितीय स्थान पर रही। 56 किग्रा वर्ग मे रिचा रामपुर प्रथम आशा मुरादाबाद द्वितीय स्थान पर रही। निर्णायक की भूमिका, सुहैल अहमद, संजय गिरी, पिन्टू सैनी, निशान्त सिंह, प्रिया दिवाकर, रूची अग्रवाल, आलोक कुमार, रोहित, यश कुमार, अभिषेक चौहान व एनाउन्सर की भूमिका करतार सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता का समापन सोमवार को पुलिस लाईन मुरादाबाद में होगा।

# भारत के लिए टी 20 में स्वर्णिम साल, खत्म किया आईसीसी ट्रॉफी का सूखा

एजेंसी,दुबई

, बारबाडोस में लहराया था तिरंगासाल 2024 को खत्म होने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। यह साल कई मायनों में याद किया जाएगा जिसमें खेलों में भी भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की थी। करीब छह महीने पहले 30 जून 2024 को रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने बारबाडोस में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। वनडे विश्व कप 2023 से चूकने के छह महीने बाद हासिल की सफलता भारत पिछले साल अपने घर में वनडे विश्व कप का चैंपियन बनने से चूक गया था, लेकिन इस साल उसने चूक नहीं की और 11 साल का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सूखा समाप्त किया। भारत ने इससे पहले 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। भारत और




भारतीय टीम के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह जीत काफी मायने रखती है। टीम में शामिल रहे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने खिताबी जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। प्रशंसकों को इस बात का दुख था कि अब भारत के लिए रोहित और विराट टी20 में खेलते नजर नहीं आएंगे, लेकिन इस बात का संतोष था कि वे चैंपियन बनकर इस प्रारूप से अलग हुए। 17 साल बाद जीता था टी20 विश्व कप जब भी 2024 की याद की जाएगी तो भारत की यह जीत हमेशा लोगों के दिलों में होगी। भारत ने दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत था। इससे पहले टीम ने 2007 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। उस वक्त भी रोहित टीम का हिस्सा थे। इस तरह भारत ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीता था। यही नहीं, भारतीय टीम को कोई विश्व कप खिताब जीतने में 13 साल का लंबा वक्त लग गया था क्योंकि इससे पहले उसने 2011 में 50 ओवर के प्रारूप का विश्व कप अपने नाम किया था। इसी के साथ टीम इंडिया दो बार टी20 विश्व कप जीतने वाली तीसरी टीम बन गई थी। उनसे पहले वेस्टइंडीज (2012, 2016) और इंग्लैंड (2010, 2022) में ऐसा किया था। रोमांचक फाइनल में जीता था भारत बारबाडोस में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे।

# बंगाल, यूपी और सौराष्ट्र का सपना टूटा, सेमीफाइनल की चारों टीमें हो गई तय

एजेंसी,दुबई

इन दिनों भारतीय घरेलू क्रिकेट में टी20 क्रिकेट की धूम मची हुई है। इससे पहले कई खिलाड़ियों को 20 ओवर के क्रिकेट में अपना जलवा दिखाने का मौका मिल रहा है। पिछले शुरू हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-24 टूर्नामेंट अब नॉकआउट राउंड में पहुंच चुका है। यानी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की चारों सेमीफाइनलिस्ट टीमें तय हो गई हैं। दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले के नतीजे के साथ ही अंतिम-4 में पहुंचने वाली चारों टीमें तय हो गई। दिल्ली ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश को 19 रनों से हराया और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी और आखिरी टीम बन गई। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 193 रन बनाए लेकिन यूपी की टीम 20 ओवर में 174 रनों पर ही ढेर हो गई। इससे पहले मुंबई ने रोमांचक मुकाबले में विदर्भ को मात देकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। मुंबई ने चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में विदर्भ को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। मुंबई की इस जीत में अजिंक्य रहाणे का सबसे बड़ा योगदान रहा जिन्होंने 45 गेंदों पर 10 चौके और 3 छक्कों की मदद से 84 रनों की पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर



221 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मुंबई की टीम ने 15.1 ओवर में अजिंक्य रहाणे के आउट होने के बाद 4 विकेट पर 157 रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए थे और टीम को जीत के लिए 29 गेंदों पर 65 रनों की दरकार थी। आखिरी 4 ओवरों में जीत के लिए 60 रन बनाने थे और शिवम दुबे और सूर्यांश शेडगे की तूफानी पारी ने इस जीत बहुत ही आसान बना दिया। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 4 गेंद पहले ही मुंबई को जीत को दिला दी। शिवम दुबे नाबाद 37 और सूर्यांश ने नाबाद 36 रनों की पारी खेली। दूसरी तरफ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के फीके प्रदर्शन के कारण बंगाल को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा से 41 रन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, अलूर में दूसरे क्वार्टरफाइनल में मध्य प्रदेश ने वेंकटेश अय्यर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत सौराष्ट्र पर 6 विकेट की शानदार जीत के साथ अंतिम-4 में प्रवेश किया। वेंकटेश ने दो विकेट लेने के साथ 33 गेंद में नाबाद 38 रन बनाए जिससे मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र के सात विकेट पर 173 रन के लक्ष्य को चार गेंद रहते चार विकेट पर 174 रन बनाकर हासिल कर लिया। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 के सेमीफाइनल मैचों का फुल शेड्यूल

पहला सेमीफाइनल: मुंबई बनाम बड़ौदा, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु 13 दिसंबर (सुबह 11:00 बजे शुरू)

दूसरा सेमीफाइनल: मध्य प्रदेश बनाम दिल्ली, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु 13 दिसंबर (शाम 4:30 बजे शुरू)

फाइनल: एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु, 15 दिसंबर (भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे)

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। रेडपाथ 1960 और 1970 के दशक में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नियमित हिस्सा थे और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के सदस्य भी थे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच ऑस्ट्रेलिया में शोक की लहर दौड़ गई है। जिलॉन्ग के रहने वाले रेडपाथ ने 66 टेस्ट मैच खेले और 43.45 की औसत से 4737 रन बनाए, जिसमें 8 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 171 रहा। उन्होंने 83 कैच पकड़े, जिनमें से अधिकतर स्लिप में थे और उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। उन्होंने 1963-64 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में एमसीजी में अपना टेस्ट डेब्यू किया और साथी विक्टोरियन बिल लॉरी के साथ 219 रनों की ओपनिंग साझेदारी में 97 रन का योगदान दिया। रेडपाथ का पहला टेस्ट शतक, एससीजी में वेस्टइंडीज के खिलाफ आया था।

जल्द ही वह अपने धैर्य और सहनशीलता के चलते ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए। उनकी वरिष्ठता और नेतृत्व को तब स्वीकार किया गया जब उन्हें 1974-75 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान इयान चैपल के साथ उप-कप्तान बनाया गया। इसके बाद भी उन्होंने यह जिम्मेदारी कुछ अन्य सीरीज में भी निभाई। सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने कहा, इयान एक बहुत ही सम्मानित व्यक्ति थे। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में हर कोई उनके निधन से बहुत दुखी होगा। एक बेहतरीन सलामी बल्लेबाज के रूप में इयान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान युगों में से एक के दौरान राष्ट्रीय टीम का मुख्य आधार थे। अपने साहस, कौशल और शानदार व्यक्तित्व के लिए दुनिया भर में मशहूर थे। उन्होंने आगे कहा, हमें इयान को 2023 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने पर क्रिकेट द्वारा प्रदान किए गए अद्भुत अनुभवों और रिश्तों के बारे में बोलते हुए सुनने का सौभाग्य मिला और खेल के प्रति उनका यह गहरा प्यार प्रथम श्रेणी और सामुदायिक स्तर पर क्रिकेट में उनके विशेष योगदान में प्रकट हुआ। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में सभी की संवेदनाएं इस दुखद समय में इयान के परिवार और कई दोस्तों के साथ हैं।

# यूएसपीएल सीजन 3 : न्यू जर्सी टाइटंस को हरा न्यूयॉर्क काउबॉयज फाइनल में

एजेंसी, फ्लोरिडा

फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयोजित यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में कप्तान जेक लिंटॉट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को फाइनल में जगह दिलाई। करो या मरो के इस गेम में न्यूयॉर्क काउबॉयज ने न्यू जर्सी टाइटंस को 30 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ काउबॉयज ने फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है, जहां उनका सामना टॉप पर मौजूद मैरीलैंड मेवरिक्स के साथ होगा।



तीन हार के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत करने वाले न्यूयॉर्क काउबॉयज ने असाधारण खेल दिखाते हुए लगातार 4 मुकाबले जीतकर ट्रॉफी की मजबूत दावेदारी पेश की है। न्यूयॉर्क काउबॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ शुरुआत की और मुख्तार अहमद की 41 गेंदों में 59 रन की शानदार पारी की बदौलत पावरप्ले में 63 रन बोर्ड पर लगा दिए। जिसके बाद पारी कुछ लड़खड़ाई, लेकिन अंत में परवीन कुमार के 13 गेंदों में महत्वपूर्ण 19 और कप्तान लिंटॉट के 10 रनों ने टीम को 9 विकेट के नुकसान पर 152 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान, जब न्यू जर्सी टाइटंस को 18 गेंदों पर 36 रनों की आवश्यकता थी। तब कप्तान लिंटॉट ने 18वें ओवर की जिम्मेदारी खुद उठाई और जैसा वह चाहते थे वैसा ही हुआ। जहां इस ओवर के पहले तक टाइटंस का स्कोर 117/5 था, वहीं इस ओवर के बाद टीम 119/9 के स्कोर पर पहुंच गई और 19वां ओवर खत्म होते-होते 122 रनों पर धराशाई हो गई। काउबॉयज के लिए जेक लिंटॉट और परवीन कुमार दोनों ने ही शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके।

# हॉकी इंडिया ने जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की

एजेंसी,नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने रविवार को आगामी महिला जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह प्रतियोगिता 7 से 15 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में खेली जाएगी। पिछले साल फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर अपना पहला खिताब हासिल करने के बाद गत चैंपियन के रूप में भारत बड़ी उम्मीदों के साथ इस टूर्नामेंट में उतरेगा। प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेंगी जिन्हें दो पूलों में विभाजित किया गया है। भारत को पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन और श्रीलंका शामिल हैं। भारतीय जूनियर महिला टीम की कमान ज्योति सिंह के हाथों में होगी, जबकि साक्षी राणा उप-कप्तान होंगी। निधि और अदिति माहेश्वरी के रूप में टीम में दो गोलकीपर हैं, जबकि डिफेंस की कमान मनीषा, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, पूजा साहू और ममता ओरम संभालेंगी। मिडफील्डर में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो, इशिका, रजनी केरकेट्टा, साक्षी राणा और खैदेम शिलेमा चानू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में



दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, कनिका सिवाच, मुमताज खान और लालरिनपुई अटैक का नेतृत्व करेंगी। बिनिमा धन और हिमांशी शरद गवांडे को वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है।

टीम के चयन पर कोच तुषार खांडेकर ने जारी बयान में कहा कि हम महिला जूनियर एशिया कप में अपने खिताब की रक्षा के लिए उत्साहित हैं। यह एक विशेष समूह है जिसमें अनुभव और युवा प्रतिभा का शानदार संतुलन है। हमारे कई खिलाड़ी पहले ही सीनियर स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं और उनकी उपस्थिति टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होगी। हमारा ध्यान आक्रामक, अनुशासित खेल खेलने और मैच दर मैच आगे बढ़ने पर है। हमें अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा है और हमारा मानना ??है कि इस टीम में खिताब की रक्षा करने और देश को फिर से गौरवान्वित करने की क्षमता है। भारतीय टीम अपना पहला मैच 8 दिसंबर को बांग्लादेश से खेलेगी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे बेन स्टोक्स



एजेंसी,क्राइस्टचर्च

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह रविवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। स्टोक्स पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। टिम साउदी को गेंदबाजी करते हुए बेन स्टोक्स को अपना ओवर थोड़ी परेशानी के कारण बीच में ही छोड़ना पड़ा। उनकी जगह गस एटकिंसन को ओवर खत्म करने के लिए गेंद दी गई। इसके बाद उन्होंने गेंदबाजी नहीं की, हालांकि उन्होंने मैदान पर बने रहने का फैसला किया। इंग्लैंड ने चौथे दिन 104 रनों का पीछा करते हुए यह मैच जीत लिया। स्टोक्स ने मैच खत्म होने के बाद कहा, यह सप्ताह काफी व्यस्त रहा। मैदान पर काफी समय बिताया और मैंने 20 ओवर गेंदबाजी की। बल्ले से भी मैंने पूरी कोशिश की। गेंद के लिए डाइव करते समय मेरी पीठ में चोट लग गई, इसलिए यह किसी और चीज से ज्यादा प्रबंधन की बात थी। हम खेल में जिस स्थिति में थे, मुझे लगा कि और गेंदें निकालना जरूरी नहीं है। मुझे लगता है कि इस मैच के लिए शरीर फिट रहेगा और मैं वेलिंगटन के लिए खेलने के लिए बेताब हूं। मैच में स्टोक्स ने दूसरी पारी में 80 रन बनाए, उन्होंने कुल 19.3 ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने हैरी ब्रूक और गस एटकिंसन के साथ साझेदारी करके इंग्लैंड को पहली पारी में 499 रन बनाने पर भी बात की। उन्होंने कहा, यह अच्छा था। गस और कार्सी के आने और इस तरह से बल्लेबाजी करने के बाद, मैं उन्हें स्ट्राइक दे रहा था और सोच रहा था कि मुझे यह भूमिका निभानी चाहिए! हम खुद को एक मुश्किल स्थिति में पा रहे थे और मैंने ब्रूक के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश की ताकि हम एक अच्छा स्कोर बना सकें। ब्रूक ने 171 रनों की धमाकेदार पारी खेली और न्यूजीलैंड द्वारा पांच बार कैच छोड़े जाने के कारण किस्मत ने उनका साथ दिया। उन्होंने कहा, जब विपक्षी टीम बाएं, दाएं और बीच में कैच छोड़ रही हो तो आप आगे बढ़कर बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं। न्यूजीलैंड अब सीरीज में 0-1 से पीछे है, कप्तान टॉम लैथम ने माना कि अभी भी उन्हें कुछ चीजों में सुधार करने की जरूरत है।

## इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड



एजेंसी,क्राइस्टचर्च

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने हेगले ओवल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड की 8 विकेट की जीत के साथ टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। रूट ने अपनी 22 रन की तेज पारी के दौरान चौथी पारी में तेंदुलकर के 1,625 रनों के आंकड़े को पार किया, जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वर्तमान में उनके नाम टेस्ट मैचों की चौथी पारी में बनाए गए 1,630 रन हैं। पिछले महीने रूट जिनके नाम 12, 777 रन हैं, पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे और उन्होंने एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ दिया था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि मात्र 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की, जबकि कुक ने यह उपलब्धि 161 टेस्ट और 291 पारियों में हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में रूट से आगे केवल सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं।

इससे पहले रूट ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान शतकों की संख्या में कुक को पीछे छोड़ दिया था। उन्होंने अपना 33वां और 34वां टेस्ट शतक लगाया था। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी बन गए थे।

# मेलबर्न रेनेगेड्स ने जीता डब्ल्यूबीबीएल 2024 का खिताब

एजेंसी,मेलबर्न

मेलबर्न रेनेगेड्स ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024 संस्करण का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को फाइनल मुकाबले में मेलबर्न रेनेगेड्स ने ब्रिस्बेन हीट को 7 रनों से हरा दिया। बारिश से प्रभावित इस मैच में ब्रिस्बेन हीट को 12 ओवरों में 98 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम 12 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 90 रन ही बना सकी और 7 रन से मुकाबला हार गई। मेलबर्न रेनेगेड्स ने पहली बार महिला बिग बैश लीग की ट्रॉफी अपने नाम की है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में ब्रिस्बेन हीट की कप्तान जेस जोनासेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। इसके बाद मेलबर्न रेनेगेड्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन सलामी बल्लेबाज हैली मैथ्यूज ने बनाए। उन्होंने 8 चौकों की मदद से




61 गेंदों में 69 रन बनाए। जॉर्जिया वेयरहैम ने 21 रन और नाओमी स्टालेनबर्ग ने 16 रन की पारी खेली। इनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज ज्यादा कुछ योगदान नहीं दे पाया। ब्रिस्बेन हीट के लिए चार्ली नॉट ने 3 और ग्रेस पार्सन्स ने 2 विकेट अपने नाम किए, जबकि लुसी हैमिल्टन, निकोला हैनकॉक और जेस जोनासेन ने क्रमश: एक-एक विकेट लिया। इसके बाद ब्रिस्बेन हीट की बल्लेबाजी के समय बारिश ने खलल डाला। बारिश रुकने के बाद ओवर और लक्ष्य को घटा दिया गया। ब्रिस्बेन हीट को डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार 12 ओवरों में 98 रनों का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में ब्रिस्बेन हीट की टीम 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 90 रन ही बना सकी और सात रन से मुकाबला हार गई। टीम के लिए कप्तान जेस जोनासेन ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 28 गेंदों में 5 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 44 रन की पारी खेली। कप्तान के अलावा अन्य किसी बल्लेबाज का बल्ला नहीं चला। मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए हैली मैथ्यूज ने 2 विकेट, चारिस बेकर, मिल्ली इलिंगवर्थ, सोफी मोलिनेक्स, डिएंड्रा डॉटिन ने क्रमश: एक-एक विकेट लिया।

# गिट्टी एवं रेत का अवैध परिवहन करते 13 हाईवा जप्त



**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**

कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रायपुर रोड बायपास मुंगेली में गिट्टी एवं रेत का अवैध परिवहन करते 13 हाइवा को जप्त किया गया है। इनमें 08 हाइवा में रेत एवं 05 हाइवा में गिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। मुंगेली एसडीएम श्रीमती पावर्ती पटेल ने बताया कि वाहन चालकों द्वारा परिवहन संबंधी अनुमति पत्र, रायल्टी या कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर हाइवा को जप्त कर पुलिस लाइन लालाकापा रक्षित निरीक्षक के सुपुर्द किया गया है। बता दें कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिजों का अवैध भंडारण, परिवहन एवं उत्खनन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करते हुए वाहनों को जप्त किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार मुंगेली श्री कुणाल पांडे, अतिरिक्त तहसीलदार सहित राजस्व अमला एवं सहायक उप निरीक्षक उपस्थित रहे।

# दाऊपारा मुंगेली में धान खरीदी नहीं होने के मामले पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान

» सीसीबी नोडल अधिकारी और समिति प्रभारी को नोटिस जारी

» जिले में धान खरीदी बंद नहीं होनी चाहिए - कलेक्टर



**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में दाऊपारा मुंगेली समिति में धान खरीदी नहीं होने के मामले पर कलेक्टर श्री राहुल देव ने तत्काल संज्ञान में लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समिति में पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और तत्काल धान खरीदी कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग नहीं करने पर जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी श्री संतोष सिंह ठाकुर और सक्षम अधिकारी को बिना सूचना दिए धान खरीदी को बंद करने के लिए समिति प्रभारी श्री ओ.पी. देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी किसी भी तरीके से प्रभावित नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सभी पंजीकृत किसानों से व्यवस्थित रूप से धान खरीदी होना चाहिए। उन्होंने खरीदी केंद्रों से धान उठाव के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कहा।

**ग्राम संगवा में होगी दाऊपारा समिति के किसानों से धान खरीदी**

कलेक्टर राहुल देव ने दाऊपारा समिति मुंगेली में बफर स्टॉक फुल होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में ग्राम संगवा में स्थल का चयन कर धान खरीदी करने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करते हुए गुरुवार से ही धान खरीदी करने के लिए कहा है। जिला खाद्य अधिकारी श्री हुलेश कुमार डड़सेना ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों में 7200 क्विंटल बफर लिमिट निर्धारित की गई है, जबकि दाऊपारा मुंगेली धान खरीदी केंद्र में 14 हजार 686 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। उसमें से 05 हजार 960 क्विंटल का डीओ और 2800 क्विंटल का टीओ कट चुका है। डीओ के विरुद्ध 2560 क्विंटल तथा टीओ के विरुद्ध 2800 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिले के अन्य उपार्जन केन्द्रों की तुलना में धान खरीदी केंद्र दाउपारा मुंगेली में अब तक 40 प्रतिशत खरीदे गए धान का उठाव किया जा चुका है, जो कि जिले के अन्य समितियों से सर्वाधिक है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि दाऊपारा मुंगेली समिति में स्थान के अभाव होने के कारण कुछ देर के लिए धान खरीदी प्रभावित हुई थी, लेकिन कलेक्टर के संज्ञान के बाद धान खरीदी पुनः सुचारू रूप से की जा रही है। ग्राम संगवा में स्थान का चयन कर लिया गया है, जहां तैयारी की जा रही है। दाऊपारा समिति के पंजीकृत किसानों से वहीं धान खरीदी होगी। जिला सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त श्री हितेश श्रीवास ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों में जितने भी पंजीकृत किसान हैं, सभी के धान को व्यवस्थित रूप से खरीदी की जाएगी। इसके लिए सभी समिति प्रबंधकों को निर्देश जारी किया जा चुका है।

# मचांदुर में जन समस्या निवारण शिविर आज

**दबंग दुनिया ♦ उतई**

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मचांदुर में 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय जन समस्या शिविर का आयोजन किया गया है,जिसमे सभी विभाग के अधिकारी कमर्चारी अपने अमले के साथ मौजूद रहेंगे। उक्त शिविर में आसपास के ग्रामीण शामिल होकर अपनी समस्याएं विभाग वार लगाकर समस्या का निदान प्राप्त कर सकते है।

# निः शुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न



**दबंग दुनिया ♦ उतई**

संचनालय आयुष रायपुर के निर्देशन एव जिला आयुष अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय खोपली द्वारा विकासखण्ड स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सरपंच दिलीप कुमार साहू पंच प्रवीण यदु, फुलेश्वरी देवांगन एवं वरिष्ठ नागरिक दयालूराम यादव द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अचर्ना कर आयुर्वेद की उपयोगिता पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ रामस्वरूप मरकाम, डॉ समलित ठाकुर, डॉ टिकेश्वरी गनवीर, डॉ शिवानी सिंह, डॉ सुकांत भूनिया,डॉ जितेन्द्र कामडे, नेत्र सहायक अधिकारी श्रीमती दीपलता कनेरिया,लेब टेक्नीशियन श्रीमती रामेश्वरी यादव फार्मासिस्ट श्री मणिराम सिन्हा, श्रीमती संगीता कोठारी, श्री महेश बंजारे , औषधालय सेवक श्री प्रकाश राजपूत, श्री राजू यादव, श्री नितिन बैस एवं श्री सचिन शर्मा एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती सरला खोबरागड़े तथा श्री उमाकांत साहू ने सेवाएं प्रदान की। शिविर में 402 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमें 253 महिला व 149 पुरुष शामिल हैं।52 मरीजों को होम्योपैथी औषधि प्रदान की गई एवं 45 लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण भी किया गया जिनमें 11 मोतियाबिंद के रोगी पाएं गये तथा 70 ग्रामीणों का मधुमेह परीक्षण किया गया।

# सरायपाली-सरसीवां मार्ग जर्जर : मरम्मत के नाम पर हो रही खाना पूर्ति

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**



सागरपाली-सरसीवां मार्ग खराब होने से लोगों को इन दिनों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डामर की परतें उखड़ने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सागरपाली, लंबर के पास इतने बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं कि लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। सागरपाली के पास सड़क सबसे ज्यादा खराब हुई है। बरसात के दिनों जहां लोग कीचड़ से परेशान थे अब धूल की गुबार से परेशान हैं। सड़क किनारे के लोगों का तो जीना दुभर हो गया है। सामुदायिक भवन के पास सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि वहां आए दिन वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। पिछले दिनों ही ग्राम रोहिना निवासी शिशुपाल साहू गड्ढे में गिरकर चोटिल हो गए। इसी तरह आए दिन हर रोज कोई न कोई गड्ढों में गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहा है। सरायपाली से सरसीवां तक करीब 40 किलोमीटर की दुरी है जिसमें से करीब आधा हिस्सा महासमुंद जिला के अंतर्गत आता है आधा हिस्सा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत आता है। इस मार्ग की मरम्मत समय-समय पर किया गया है मगर विभागीय उदासीनता एवं ठेकेदारों की लापरवाही के चलते गारंटी पीरियड में ही डामर की परतें उखड़ने लगीं और जगह-जगह गड्ढे बन गए। बरसात के दिनों में सड़क कीचड़ से लथपथ हो गई थी। अब भी घरों का बरसाती पानी सड़क ऊपर हमेशा बहता रहता है जिसके चलते सड़क खराब हो रही है।

**भारी वाहनो की वजह से हो रही है सड़क क्षतिग्रस्त**

सरायपाली सरसीवां मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग बन चुका है। इन मार्गों से सीमेंट, बालू, गिट्टी आदि का बड़े पैमाने पर परिवहन होता है। इसी मार्ग से होकर रोजाना हाइवा, डंपर, ट्रक आदि भारी वाहनें गुजरती हैं। इन भारी वाहनों के आवागमन से ही सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। इन वाहनों को रोकने के लिए न तो परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है और न पीडब्ल्यूडी विभाग मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति हो रही हैं। पिछले दिनों वित्त मंत्री ओपी चौधरी इस मार्ग से होकर जाते वक्त कुछ समय के लिए सागरपाली में रुके थे। तभी स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सरायपाली सरसीवां मार्ग की मरम्मत करने से संबंधी मांग पत्र सौंपा था। बरसात के बाद मरम्मत कार्य प्रारंभ की गई है। मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। पेंच रिपेयरिंग कार्य में भी लापरवाही बरती जा रही है।

# विधायक ललित चंद्राकर ने गीता जयंती की दी शुभकामनाएं



**दबंग दुनिया ♦ उतई**

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों को गीता जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाभारत युद्ध की शुरुआत में मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भगवद्गीता का उपदेश दिया था। इस दिन गीता जयंती मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता अनेक महापुरुषों के लिए दार्शनिक मार्गदर्शक और आध्यात्मिक शिक्षक रही है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा दी है। गीता में जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान मिलता है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गीता जयंती का पर्व भगवद्गीता के दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का दिन है।गीता का ज्ञान हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाते हुए जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

# श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के 82वीं महाआरती में पंडित कन्हैया दास वैष्णव हुए शामिल

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**




नगर के प्रसिद्ध श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार के ८२ वीं महाआरती में शामिल पंडित कन्हैया वैष्णव के साथ श्री सिद्ध हनुमान परिवार ने इक्यावन दीपों की महाआरती हनुमान लला को समर्पित किया। इन पलों में पुजारी ओम प्रकाश वैष्णव ने पूजन आरती संपन्न कराया तो वहीं नारायण प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया तथा अमित तिवारी ने कार्यक्रम में फोटोग्राफी किया। पंडित कन्हैया वैष्णव ने कहा कि महाआरती में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है जिसके लिए श्री सिद्ध हनुमान परिवार के प्रति साधुवाद व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने बताया कि हनुमान परिवार की महा आरती सनातन सांकृतिंके पुनर्स्थापन की दिशा में सशक्त कदम है जिसके लिए हनुमान परिवार का पप्रयास सराहनिय एवं अनुकरणीय है। आज सभी ने मंगलवार की ८२ वें महाआरती के साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा का समवेत स्वर से पाठ किया गया। साथ ही आज हनुमान जी का श्रृंगार एक भक्त तथा भोग प्रसाद यातायात थाना के साथ अमित तंबोली के द्वारा चढ़ाया गया तथा सिंदुराभिषेक रितेश निकी अग्रवाल,सावित्री यादव, राम गोपाल देवांगन व सुंदर काण्ड पाठ श्याम रावलानी, राजेश अग्रवाल , गीतेश पांडे, प्रथम शर्मा की ओर से कराया गया।

# मानवाधिकार दिवस न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूकता का पर्व.. न्यायाधीश शिवहरे

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**



अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में बच्चों को संबोधित करते हुए श्री प्रशांत कुमार शिवहरे प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मानवाधिकारों के महत्ता और विधिक जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि मानवाधिकार हर व्यक्ति का जन्म सिद्ध अधिकार है, समानता, स्वतंत्रता और गरिमा मानवाधिकारों के मूल तत्व है। श्री बी आर साहू द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सक्ती द्वारा भारतीय संविधान में उल्लेखित मानवाधिकार पर विस्तार से जानकारी दी और विशेष रूप से बच्चों के लिए लागू होने वाले शिक्षा के अधिकारों की जानकारी दी। महेश अग्रवाल अधिवक्ता मानव अधिकार पर संक्षिप्त में जानकारी दी। अंत में प्राचार्य डॉ शालू पाहवा द्वारा अतिथियों का अभार व्यक्त किया। विधिक साक्षरता शिविर के दौरान मंच संचालन मंजू चंद्रा द्वारा किया गया। उक्त साक्षरता शिविर में प्रोफेसर अमित शर्मा, मेघनाथ जायसवाल, अजीत जान सहित समस्त प्रोफेसर उपस्थित रहे एवं तालुका विधि सेवा समिति शक्ति के पैरा लीगल वॉलिंटियर मनीष कुमार साहू एवं प्रहलाद बंजारे उपस्थित रहे।

# मोक्षदा एकादशी के शुभ अवसर पर दुर्गा मंदिर से श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई



**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**

पत्थलगांव में प्रत्येक शुक्ल पक्ष की एकादशी के अवसर पर शहर के श्याम प्रेमीयों द्वारा नगर स्थित दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा प्रातः प्रारंभ कर श्री श्याम मंदिर में समापन की जाती है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद होते हैं। बुधवार को ग्यारस मोक्षदा एकादशी के मौके पर भक्तों ने सुबह 9:00 बजे हाथों में लाल व पीले रंग के श्याम ध्वज लिए एवं भजनों में लीन होकर जय श्री श्याम के जयकारों लगाते निशान यात्रा में अग्रसर दिखे। वही सड़कों पर जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान सड़कों में आवाजाही सुचारू रूप से चल सके जिसे लेकर श्याम श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर इस निशान यात्रा में शामिल रहे। निशान उठाने वाले भक्तों की संख्या हर एकादशी को बढ़ती जा रही सैकड़ो की संख्या में भक्त शामिल हुए जिसके पश्चात शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए श्री श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं ने निशान चढ़ाया और दर्शन किए। मंदिर समिति द्वारा भक्तों के लिए प्रसाद एवं कचोरी जलेबी की व्यवस्था की गई थी।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कांग्रेस से पूछा सवाल

» भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कांग्रेस शासनकाल में धान खरीदी मे समितियो में तौल को लेकर गड़बड़ी की शिकायत पूरे प्रदेश से आ रही थी

» प्रदेश का अन्नदाता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की धान खरीद नीति से खुशहाल है : संदीप शर्मा

**दबंग दुनिया ♦ गरियाबंद**



भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन को कांग्रेस का एक और सुपर फ्लॉप शो बताते हुए कहा है कि कांग्रेस ऐसी लाख सियासी ड्रामेबाजी कर ले, लेकिन वह प्रदेश के किसानों को अपने झूठ से कतई गुमराह नहीं कर पाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश का एक-एक अन्नदाता किसान आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से खुशहाल है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस अपने शासनकाल के धत्कर्मो पर पर्दा डालने के लिए अब किसानों को उकसा कर प्रदेश में अराजकता लाने की नाकाम कोशिश कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि कांग्रेस बारदाना, टोकन और तौल को लेकर मिथ्या प्रलाप करने में लगी है। कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके शासनकाल में धान खरीदी में समितियों में तौल को लेकर व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत पूरे प्रदेश से आ रही थी। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों पर डण्डे बरसाने वाले, किसानों के घरों में छापे मरवाकर धान जब्त करके किसानों के आत्मसम्मान को रौंदने वाले, गिरदावरी के नाम पर खेत का रकबा मनमाने कम करने वाले कांग्रेसियों की सरकार ने अपने पिछले शासनकाल में लगभग 650 किसानों को आत्महत्या के लिए विवश किया था।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार छत्तीसगढ़ वर्ष 2019 और 2020 में किसानों की आत्महत्या के मामले में देश में छठवें स्थान पर था। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार हर साल बारदाना के नाम पर केंद्र सरकार पर ही ठीकरा फोड़ने में लगी रहती थी। आज बारदाने का संकट भी नहीं है और 'तुहँर हाथ तुहँर टोकन' एप के जरिए किसानों ने हजारों टोकन स्वयं काट लिए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार बिना किसी अवरोध और अप्रिय प्रसंग के सुव्यवस्थित रीति से प्रदेश के किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है और समर्थन मूल्य तथा अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर कर रही है।

पिछले साल के 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के विरुद्ध इस वर्ष प्रदेश की भाजपा सरकार ने 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है, जो कि पिछले साल से 30 लाख टन अधिक है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में 27.60 लाख (पिछले साल की तुलना में डेढ़ लाख से अधिक) किसानों ने अपना पंजीयन कराया है और रकबा के हिसाब से पिछले साल की तुलना में इस वर्ष किसानों ने लगभग 3.80 लाख एकड़ अधिक भूमि का पंजीयन कराया है।

# आज आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केराकछार के नवनियुक्त अध्यक्ष कौशल प्रसाद धुर्वे ने शपथ ग्रहण किया



**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**

आज आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केराकछार के नवनियुक्त अध्यक्ष कौशल प्रसाद धुर्वे के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया मंडल अध्यक्ष चमर साय महामंत्री प्रकाश चौहान हेमंत बंजारा मीडिया प्रभारी महेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अरुण यादव वरिष्ठ कार्यकर्ता मानाराम दिलेश्वर यादव उवर्शी समिति अध्यक्ष बाबूलाल भूतपूर्व सरपंच खारढोढी मोहना राम,देव प्रकाश साहू, किलकिला समिति के नवनियुक्त विजय सिंह , खारढोढी उप सरपंच राजेंद्र बेहरा, अनुसुचित जनजाति महामंत्री देवेंद्र चौहान, एवं किसानजन एवं ग्राम पंचायत के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सार.समाचार

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की विदेश यात्रा पर लगा बैन, हो सकती है गिरफ्तारी

**सियोल।** अमेरिका ने जिस देश को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, वह आज ऐसे हालात से गुजर रहा है कि खुद इसके राष्ट्रपति पर प्रतिबंध लगाए जा चुके हैं और उन्हें कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। देश में चल रही राजनीतिक उठा पटक के बीच दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल की विदेश यात्रा पर रक्षा मंत्री किम योन ह्यूंग ने बैन लगा दिया है। बता दें कि पिछले हफ्ते ही यून सुक योल ने साउथ कोरिया में देश में इमर्जेंसी में मार्शल लॉ का ऐलान किया था हालांकि इसे बाद में पलट दिया। यून ने मार्शल लॉ लगाने पर जनता से माफी भी मांगी थी। अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून के मार्शल लॉ हटाने के फैसले का स्वागत किया था। नेशनल असेंबली ने सर्वसम्मति से इसे खारिज कर दिया था। दक्षिण कोरिया सबसे ज्यादा अमेरिकी समर्थक देशों में से एक है और कुछ साल पहले हुए सर्वे में 77 फीसदी से ज्यादा कोरियाई लोगों ने अमेरिका को लेकर अपनी स्ट्रॉन्ग और पॉजिटिव रुख जाहिर किया था। वैसे इन प्रतिबंधों के बाद भी मंत्री ने कहा है कि यून अभी भी कानूनी रूप से कमांडर इन चीफ हैं। यून के खिलाफ प्रस्तावित महाभियोग असफल गया था क्योंकि मार्शल लॉ की घोषणा के बाद यून के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए विपक्ष को 200 वोटों की जरूरत थी। साउथ कोरिया के न्याय मंत्रालय के एक अधिकारी ने संसद में बताया कि एंटी करप्शन एजेंसी की शिकायत के बाद राष्ट्रपति यून के देश से बाहर जाने पर रोक लगा दी है।

### ट्रंप की सरकार में रहेगा मस्क का दबदबा

**न्यूयॉर्क ।** जनवरी माह में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। ट्रंप सरकार के लिए अधिकारियों की नियुक्ति करने का जिम्मा इस बार टेस्ला के मालिक एलन मस्क के पास है। वह अपने एक दर्जन से ज्यादा सहयोगियों के साथ ट्रंप प्रशासन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति के लिए इंटरव्यू ले रहे हैं। अमेरिका की नई सरकार में टेस्ला के मालिक एलन मस्क तथा औरैकल के सह संस्थापक लेरी एलिसन की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है। सिलिकॉन वैली के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बार ट्रंप सरकार में नियुक्ति मिलने की संभावना है। 40 दिन बाद अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार अपना काम का शुरू करेगी। इसके लिए अभी से अधिकारियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बार अपने कारोबारी मित्रों के साथ सरकार चलाने के लिए कुछ ऐतिहासिक और जोखिमपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। इसको लेकर अमेरिका और विश्व के अन्य देशों में तरह-तरह की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### चंडीगढ़ में जन्मीं हरमीत ढिल्लों को ट्रंप की टीम में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी टीम को मजबूत कर रहे हैं और काम के लोगों को शामिल कर रहे हैं। इसमें ट्रंप भारतीय मूल के लोगों को ज्यादा महत्व देते नजर आ रहे हैं। उनकी टीम में एक और भारतीय की एंट्री हो गई है। ट्रंप ने भारतीय मूल की हरमीत ढिल्लों को कानून विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए असिस्टेंट अटॉर्नी जनरल चुना है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने हरमीत ढिल्लों को यह जिम्मेदारी देते हुए उनकी जमकर तारीफ भी की है। इससे पहले ट्रंप डॉ जय भट्टाचार्य, विवेक रामास्वामी और काश पटेल को अपने कैबिनेट में हिस्सा बनाने की घोषणा कर चुके हैं। इस सूची में अब हरमीत ढिल्लों का नाम भी जुड़ गया है। ढिल्लों ने डार्टमाउथ कॉलेज से क्लासिकल स्टडीज और अंग्रेजी में डिग्री और यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया स्कूल ऑफ लॉ से ज्यूरिस डॉक्टर की उपाधि हासिल की। उन्होंने अपना करियर यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स के जज पॉल वी नीमेयर के लिए एक लॉ क्लर्क के रूप में शुरू किया और बाद में न्याय विभाग, सिविल डिवीजन के संवैधानिक टोर्ट्स सेक्शन में काम किया। इसके बाद वह प्रतिष्ठित लॉ फर्म गिब्सन, डन एंड क्रचर में शामिल हो गईं, जहां उन्होंने सिविल केस, संवैधानिक कानून और अपील केसेस में अनुभव प्राप्त किया।

### सीरिया में ऑपरेशन इजराइल शुरू, सेना तैनात कर कहा- सुरक्षा के लिए जरूरी

**तेलअवीव।** सीरिया में असद सरकार का पतन और विद्रोहियों के कब्जे के बाद इजराइल ने ऑपरेशन इजराइल शुरू कर दिया है। गोलान हाइट्स के पास सीरियाई इलाकों में इजराइल ने अपनी सेना भेज दी है। इजराइल ने इस तैनाती को अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी बताया है। इजराइल के इस नए ऑपरेशन का पूरा फोकस अभी सीरिया के 3 इलाकों में ज्यादा है, जिनमें कुनेइत्रा, नवा और दारा। इजराइल ने सीरिया में करीब 100 से ज्यादा हवाई हमले किए हैं और वह लगातार अपने हमलों का दायरा बढ़ा रहा है। इजराइल ने गोलन हाइट्स से निकलकर डिमिलिटराइज्ड जोन में भी अपने हमले शुरू किए हैं। इजराइल अब सीरिया के 14 किमी तक के इलाको में घुस गया है, हालांकि इस कब्जे को इजराइली अधिकारियों ने अस्थाई बताया है। बता दें कि कुछ लोग मान रहे हैं कि इजराइल पहले से ही इस उम्मीद में था की जब विद्रोही गुटों का सीरिया पर कब्जा हो, तब ही वो अपना ऑपरेशन स्टार्ट करे, ताकि उसको जवाब देने के लिए इन इलाकों में कोई सेना न हो। इजराइल लगातार दारा में हवाई हमलों के दौरान गोला-बारूद और हथियारों के डिपो को निशाना बना रहा है।

### रूस के केलिनग्राद में आयोजित हुआ समारोह : नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल हुआ ह्यतुशिलह्न युद्धपोत

**मास्को।** रूस के केलिनग्राद के यंतर शिपयार्ड में सोमवार को आयोजित एक भव्य समारोह में उन्नत बहुआयामी स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस ह्यतुशिलह्न (एफ 70) भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने इस युद्धपोत को देश की बढ़ती समुद्री ताकत का गौरवपूर्ण प्रमाण बताया। साथ ही कहा कि यह रूस के साथ दीर्घकालिक संबंधों में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। तुशिल हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सामूहिक सुरक्षा, समुद्री सहयोग, सतत विकास के प्रति भारत व उसकी नौसेना की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारी इस कोशिश में रूस का हमें लगातार सहयोग मिला है। समारोह में नौसेनाध्यक्ष एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री 8 से 10 दिसंबर तक रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह युद्धपोत भारत के आत्मनिर्भर भारत अभियान को रूस के समर्थन और दोनों देशों की गहरी मित्रता का सशक्त उदाहरण है। भारत, रूस के राष्ट्राध्यक्षों के नेतृत्व में दोनों के बीच बढ़ते संबंधों के तहत तकनीकी और परिचालन सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नौसेना आईओआर में शुद्ध सुरक्षा प्रदाता की आवश्यक भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा, भारत अपने मित्र देशों के साथ यह सुनिश्चित करने में विश्वास रखता है कि क्षेत्र में समुद्री व्यापार सुरक्षित और संरक्षित रहे। जिससे समुद्र पार निर्बाध व्यापार को बढ़ावा मिले। राजनाथ सिंह ने विश्वास जताते हुए कहा कि दोनों न केवल सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को मजबूत करेंगे। बल्कि नए अनछुए क्षेत्रों में काम करने को भी प्राथमिकता देंगे। दोनों देश एआई, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अन्वेषण और आतंकवाद के मामले पर एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर नए युग में प्रवेश करेंगे। उन्होंने पीएम मोदी के क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण सागर को नौसेना की समुद्री नीति की रीढ़ बताया।




# भारत को मिला आईएनएस तुशिल युद्धपोत

## एडवांस मिसाइल से है लैस , भीषण युद्ध के बीच रुस और यूक्रेन की मदद से हुआ निर्माण

**मॉस्को।**

करीब तीन साल से युद्ध लड़ रहे रूस और यूक्रेन पहली बार किसी एक उद्येश्य के लिए साथ आ गए हैं, तो इसकी वजह भारत है। रूस और यूक्रेन ने भारतीय नौसेना के लिए एक युद्धपोत बनाने के लिए एक ही समय पर काम किया। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मॉस्को यात्रा के दौरान इसे नई दिल्ली को सौंपा गया है। भारत ने 2016 में रूस को दो नौसैनिक जहाजों के लिए ऑर्डर दिया था। आईएनएस तुशिल उनमें से एक है।

आईएनएस तुशिल क्रिवाक-तीसरी श्रेणी का युद्धपोत है, जो एडवांस मिसाइल से लैस है। वर्तमान में भारतीय नौसेना ऐसे छह युद्धपोत का संचालन कर रही है। ये सभी रूस में ही बनाए गए हैं। रूस में बनाए जा रहे दो युद्धपोतों के अलावा दो और जहाजों का निर्माण भारत में किया जाना है। दिलचस्प बात ये है कि इन युद्धपोत में लगने वाले प्राथमिक इंजन यूक्रेन में बनाए जाते हैं। भारतीय नौसेना के बेड़े में मौजूद ज्यादातर जहाज गैस टर्बाइन इंजन का इस्तेमाल करते हैं, जिसे यूक्रेनी कंपनी बनाती है। समुद्री गैस टर्बाइन के उत्पादन में यह कंपनी दुनिया में शीर्ष पर है।

भारत ने जब इस युद्धपोत के लिए रुस को ऑर्डर दिया है, उस समय रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है, लेकिन इसके पूरा करने में चुनौती भी बड़ी थी। भारत को इन इंजनों को यूक्रेन से खरीदना था और उन्हें युद्धपोत पर स्थापित करने से पहले रूस को डिलीवर करना था। इसकी वजह से इसमें कुछ देरी भी हुई है। आईएनएस तुशिल भारतीय नौसेना का नवीनतम मल्टी-रोल स्टील्थ गाइडेड मिसाइल युद्धपोत है। तुशिल का मतलब होता है रक्षक कवच। इसका शिखर अभेद्य ढाल का प्रतिनिधित्व करता है। प्रोजेक्ट 11356 तलवार श्रेणी के युद्धपोत का कोड नाम है। यह भारतीय नौसेना के लिए रूस में डिजाइन और निर्मित स्टील्थ, गाइडेड-मिसाइल युद्धपोत का एक क्लास है। साल 1999 और 2013 के बीच रूस ने भारत के लिए ऐसे छह जहाज बनाकर दिए हैं। भारत के लिए बनाए जा रहे दो युद्धपोतों में से पहला सोमवार को डिलीवर कर दिया गया है। दूसरे की डिलीवरी में समय लगेगा। यह युद्धपोत भारतीय नौसेना की क्षमता में वृद्धि करेगा, जिसे हिंद महासागर में तेजी से बढ़ती चीनी नौसेना की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। चीन अपनी नौसेना को तेजी से बढ़ा रहा है और यह दुनिया में सबसे तेज बढ़ने वाली नेवी बन गई है। ऐसे में भारतीय नौसेना के बेड़े में नए युद्धपोत के पहुंचने से चीन की टेंशन बढ़ना तय है।

# विद्रोहियों का व्यवहार सीरिया की शांति और स्थिरता के लिए सकारात्मक कदम

## एचटीएस के लड़ाकों ने शिया लड़ाकों व धार्मिक स्थलों को नहीं पहुंचाया नुकसान



**दमिश्क, (एजेंसी)।** सीरिया के गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने बशर अल असद को सत्ता से हटाने के बाद राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। एचटीएस और उसका प्रमुख मोहम्मद अबू जुलानी अल कायदा और आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठनों से जुड़ा है। ये गुट कट्टरपंथी सुन्नी सलाफी विचारधारा को मानता है। ऐसे में दमिश्क में कब्जे के बाद कई तरह की चचाएँ की जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि एचटीएस लड़ाके सत्ता हथियाने के बाद शिया धार्मिक स्थलों को निशाना बना सकते हैं। ये डर दमिश्क की पैगंबर मोहम्मद की नवासी सैयदा जैनब की दरगाह के लिए भी था, जिसकी दुनियाभर के शिया मुसलमानों में बहुत मान्यता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दमिश्क पर कब्जे के बाद सुन्नी लड़ाकों ने शिया धार्मिक स्थलों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। सैयदा जैनब दरगाह की सुरक्षा में तैनात इराकी लड़ाकों ने बताया कि विद्रोहियों ने ना तो उनसे कोई लड़ाई की और ना ही सैयदा जैनब दरगाह को नुकसान पहुंचाया। विद्रोहियों ने इन लड़ाकों को बिना कुछ कहे इराक वापस जाने को कहा है।

सीरिया में गृह युद्ध शुरू होने के बाद से इराक, लेबनान, अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान जैसे कई देशों से शिया लड़ाके इस धार्मिक स्थल की रक्षा में तैनात हैं। देश में करीब 14 साल से चल गृह युद्ध में शिया लड़ाके असद सरकार का समर्थन करते रहे थे। ऐसे में विद्रोहियों के उन पर हमला करना का खतरा था। एक इराकी कमांडर ने कहा कि हमें इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी कि विद्रोही हमारे साथ इतनी नरमी से पेश आएंगे। वह हमारे पास से गुजरे तो कहा कि अगर आप हथियारबंद नहीं हैं तो फिर कोई आप पर हमला नहीं करेगा। उन्होंने शिया और बाकी अल्पसंख्यकों से बेखौफ रहने की बात कही और किसी भी धार्मिक स्थल को नुकसान ना करने का वादा भी किया। रुख में नरमी का संकेत देते हुए हयात तहरीर अल-शाम ने सीरियाई धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने और उन्हें देश के राजनीतिक भविष्य में शामिल करने का वादा किया है।

# मोहम्मद यूनुस से भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की मुलाकात

**ढाका।** भारत-बांग्लादेश के संबंधों में हालिया तनाव के बीच बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की जहां उन्होंने अपदस्थ पूर्व पीएम शेख हसीना के बयानों का मुद्दा उठाया और कहा कि इससे तनाव बढ़ रहा है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक यूनुस ने विक्रम मिस्री को बताया कि हमारे लोग परेशान हैं क्योंकि वह वहां से कई बयान दे रही हैं। यह तनाव पैदा करता है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे छात्रों, मजदूरों और लोगों ने हसीना के खिलाफ छात्रों की अगुवाई वाले विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके भ्रष्ट शासन को खत्म करने के लिए हाथ मिलाया है। भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का मुद्दा विदेश सचिव स्तर की बैठक में उठाया। बांग्लादेश ने इसे भ्रामक और गलत जानकारी बताते हुए कहा कि किसी भी देश को उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ यह बैठक की। मिसरी ने कहा कि उन्होंने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण सहित भारत की चिंताओं को उठाया। उन्होंने कहा कि हमने सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हमलों की कुछ खेदजनक घटनाओं पर भी चर्चा की। यह बैठक शेख हसीना के भारत दौरे के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में आई गिरावट के बीच हुई। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से भारत ने अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने पर चिंता व्यक्त की है। बातचीत के बाद बांग्लादेश का बयान भारतीय मीडिया में दुष्प्रचार पर केंद्रित था। जशीमुद्दीन ने कहा कि बांग्लादेश को भारत में नकारात्मक अभियान रोकने में दिल्ली के सहयोग की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमने भारतीय मीडिया में भ्रामक और गलत जानकारी के प्रसार के संबंध में उचित कदम उठाने की मांग की है। जशीमुद्दीन ने कहा कि बांग्लादेश में सभी धर्मों के अनुयायी स्वतंत्रता पूर्वक अपने अनुष्ठान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश से हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की उम्मीद नहीं की जाती है और बांग्लादेश भी अन्य देशों के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने से परहेज करता है।

# कनाडा पीएम ट्रूडो को कहा गवर्नर तो सोशल मीडिया पर उड़ने लगा मजाक

## ट्रंप ने दिया ऑफर, कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीतने हासिल करने के बाद ही डोनाल्ड ट्रंप चर्चा में हैं उनका अभी शपथ लेना बाकी है, लेकिन वह देश की नीतियों से लेकर योजनाओं तक प्लानिंग कर चुके हैं। ऐसे में अब उन्होंने कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो को गवर्नर कह दिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कनाडा के गवर्नर जस्टिन ट्रूडो के साथ डिनर कर खुशी हुई। मैं जल्द ही गवर्नर से दोबारा मिलना चाहूंगा ताकि हम टैरिफ और ट्रेड पर अपनी चर्चा जारी रख सकें। इसके नतीजे बेहतरीन होंगे। ट्रंप की इस प्रतिक्रिया के बाद सवाल उठने लगा है कि आखिर ट्रंप ने ट्रूडो को गवर्नर क्यों कहा? एक रिपोर्ट के मुताबिक दरअसल ट्रूडो हाल ही में अमेरिकी दौरे पर गए थे। इस दौरान ट्रंप ने अपने आवास मार-ए-लागो में ट्रूडो के सम्मान में डिनर रखा था। ट्रंप ने डिनर के दौरान ट्रूडो को ऑफर दिया था कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए। हालांकि, यह ऑफर मजाक-मजाक



में दिया गया था, लेकिन ट्रूडो ये सुनकर असहज हो गए और हंसने लगे। बता दें कि कनाडी पीएम ट्रूडो ने अमेरिका का ये दौरा ट्रंप के उस ऐलान के बाद किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि शपथ लेने के बाद वह अमेरिका में इंपोर्ट होने वाले कनाडा के उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने कहा था कि कनाडा से अमेरिका में अवैध तरीके से आ रहे प्रवासियों की वजह से यह फैसला लिया जा सकता है। क्योंकि ट्रूडो इन अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने में असफल रहे हैं। ट्रूडो ने ट्रंप से कहा था कि अमेरिका के इन प्रस्तावित टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी। इस पर ट्रंप ने कहा कि अगर कनाडा इन टैरिफ की मार को नहीं झेल सकता तो उसे अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए और ट्रूडो इसके गवर्नर बन सकते हैं। ट्रूडो को लेकर ट्रंप की इस प्रतिक्रिया के बाद सोशल मीडिया पर लोग ट्रूडो का मजाक उड़ा रहा हैं और ट्रंप की पीठ थपथपा रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि ट्रंप ने जस्टिन ट्रूडो को गवर्नर ऑफ द ग्रेट स्टेट ऑफ कनाडा बोल दिया है। अगर कनाडा, अमेरिका का हिस्सा बन गया तो यह दुनिया का सबसे बड़ा देश होगा और इस तरह इस मामले में यह रूस को पछाड़ देगा। एक अन्य यूजर ने कहा कि ट्रंप ने ट्रूडो को ट्रोल कर दिया है। उन्हें गवर्नर बता दिया। इस ग्रह पर कोई भी ट्रूडो को पसंद नहीं करता क्या? एक अन्य यूजर ने कहा कि आधा कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य बन जाएगा और आधा कनाडा खालिस्तान बन जाएगा। अब सवाल ये है कि क्या ट्रूडो अमेरिका के 51वें राज्य का गवर्नर बनना पसंद करेंगे या फिर खालिस्तान का पीएम बनना?

दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।